P-01:28 paga09_jhn.qxd 11/2/2025 7:31 PM Page 1

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

www.uttambharatnews.com
RNI No. DELHIN/2017/75336
email:-uttambharat05@gmail.com

कार्तिक शुक्ल पक्ष त्रयोदशी, विक्रम संवत् 2082

वर्ष: 09 अंक: 285
नई दिल्ली
सोमवार, 03 नवम्बर 2025
मूल्य: 3.00 पृष्ठ: 12

उत्तम भारत

"सत्य, निष्पक्ष, भारत"

नई दिल्ली व हरियाणा से प्रकाशित • चंडीगढ़ • उत्तर प्रदेश • मध्यप्रदेश • उत्तराखंड • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • छत्तीसगढ़ • जम्मू कश्मीर से प्रसारित

03 जल यज्ञ से आरंभ हुआ यमुनोत्सव, 501 ...
06 घोषणा-पत्र: लोकतंत्र का सशक्त हथियार ...
अमेरिकी संविधान में नहीं है कोई.... 12

राजद ने कांग्रेस की कनपटी पर कट्टा रखकर मुख्यमंत्री पद चोरी किया: मोदी

शैलेन्द्र शर्मा

नई दिल्ली/आरा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने निशाना साधते हुए कहा कि राजद और कांग्रेस में घमासान मचा हुआ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कभी नहीं चाहती थी कि मुख्यमंत्री उम्मीदवार के लिए राजद के नेता का नाम तय हो, लेकिन राजद ने कांग्रेस की कनपटी पर कट्टा रखकर मुख्यमंत्री पद चोरी किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को बिहार के आरा में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा, नामांकन वापस लेने से एक दिन पहले बिहार में बंद कमरे में गुंडागर्दी का खेल खेला गया था। कट्टा रखकर कांग्रेस से राजद नेता को मुख्यमंत्री पद के लिए उम्मीदवार और उसको समर्थन की घोषणा कराई गई। उन्होंने यह भी दावा किया कि राजद और कांग्रेस में झगड़ा भयंकर बढ़ गया है। न घोषणा-पत्र में कांग्रेस की सुनी गई, न प्रचार में उनकी पूछ हो रही है। पीएम मोदी ने कहा, चुनाव से पहले ही इतनी घृणा बढ़ गई है कि चुनाव के बाद एक-दूसरे का सिर फोड़ने लगेंगे। इसलिए हमेशा याद रखिए, ऐसे लोग बिहार का भला कभी नहीं कर सकते हैं।

राजद पर हमला बोलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, एक तरफ एनडीए का सुशासन है और दूसरी तरफ जंगलराज का कुशासन है। जंगलराज वह अंधेरा था, जिसने बिहार को धीरे-धीरे खोखला कर दिया। राजद के जंगलराज की पहचान जिस चीज से होती है, वह कट्टा, क्रूरता, कटुता, कुसंस्कार, कुशासन और करप्शन है। पीएम मोदी ने कहा कि बिहार में राजद जंगलराज लाई और तुष्टिकरण की राजनीति की, जबकि कांग्रेस की पहचान सिखों के कत्लेआम से जुड़ी है। 1984 में 1-2 नवंबर को कांग्रेस के लोगों ने सिख नरसंहार किया था। आज की कांग्रेस, सिख नरसंहार के गुनहगारों को पूरे सम्मान के साथ आगे बढ़ा रही है। उन्होंने आगे कहा, कांग्रेस हो या राजद, इन्हें अपने पाप का कोई पछतावा नहीं है। राजद और कांग्रेस बिहार की पहचान खत्म करने में जुटी हैं। ये लोग बिहार में घुसपैठियों के समर्थन में यात्राएं कर रहे हैं। ये लोग घुसपैठियों को बचाने के लिए तन-मन से जुटे हैं।

जंगलराज वालों का घोषणा पत्र झूठ, छल और गुमराह करने की कोशिशों से भरा है: प्रधानमंत्री

आरा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को बिहार के आरा में जनसभा के दौरान महागठबंधन पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जंगलराज वालों का घोषणा पत्र झूठ, छल और जनता को गुमराह करने की कोशिशों से भरा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आपके क्षेत्र में 6 नवंबर को मतदान होगा। अब ज्यादा दिन नहीं बचे हैं। एनडीए ने विकसित बिहार के लिए एक ईमानदार और दूरदर्शी घोषणापत्र जारी किया है। हर वादा, हर योजना बिहार के तेज विकास के लिए समर्पित है।

जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, एनडीए के संकल्प पत्र में बच्चों की शिक्षा, परिवार के स्वास्थ्य, युवाओं के लिए रोजगार और किसानों के लिए सिंचाई पर विशेष जोर दिया गया है। इसके अलावा, महिलाओं और बेटियों के सशक्तिकरण के लिए कई मजबूत प्रावधान किए गए हैं। विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, एक तरफ एनडीए का ईमानदार घोषणापत्र है और दूसरी तरफ जंगलराज वाले हैं। उन्होंने अपने घोषणापत्र को झूठ, छल और जनता को गुमराह करने की कोशिशों से भरा दस्तावेज बना दिया है। जंगलराज वाले न भूलें, जनता समझदार है। ये जनता है और ये सब जानती है।

एनडीए के संकल्प पत्र में किए गए वादों को दोहराते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, हमारा संकल्प है कि बिहार का युवा बिहार में ही काम करेगा और बिहार का नाम करेगा। इसके लिए हमने आने वाले वर्षों में एक करोड़ रोजगार देने का ऐलान किया है और ये कैसे होगा, इसका प्लान भी जनता जनार्दन के सामने रख दिया गया है।

पीएम मोदी ने कहा कि आज दुनिया में मेड इन इंडिया के लिए बहुत उत्साह है। हमारा लक्ष्य है कि बिहार भी मेक इन इंडिया का केंद्र बने। इसके लिए हम हजारों लघु और कुटीर उद्योगों का नेटवर्क और मजबूत करेंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि हमारी सरकार छोटे किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि के तहत सालाना 6,000 रुपए देती है। अब बिहार की नई एनडीए सरकार इसमें 3,000 रुपए और बढ़ाएगी। बिहार में पशुपालकों की आय बढ़ाने के लिए बिहार दुग्ध मिशन की भी घोषणा की गई है।

प्रधानमंत्री उभरते विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी नवाचार सम्मेलन की आज शुरूआत करेंगे

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन नवंबर को पहले उभरते विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी नवाचार सम्मेलन (ईएसटीआईसी) 2025 का उद्घाटन करेंगे और देश में निजी क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) को प्रोत्साहित करने के लिए एक मेगा फंड की शुरूआत करेंगे। रविवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। ईएसटीआईसी को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सरकार का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम बताया गया है, जिसे हर वर्ष आयोजित किया जाएगा। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि तीन दिवसीय सम्मेलन में शैक्षणिक संस्थानों, अनुसंधान संगठनों, उद्योग और सरकार की ओर से 3,000 से अधिक प्रतिभागी शामिल होंगे। इसके अलावा नोबेल पुरस्कार विजेता, प्रमुख वैज्ञानिक, नवोन्मेषक और नीति निमार्ता भी भाग लेंगे। देश के आरएंडडी पारिस्थितिकी तंत्र को सशक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री एक लाख करोड़ रुपये की अनुसंधान, विकास और नवाचार (आरडीआई) योजना निधि की शुरूआत करेंगे। बयान में कहा गया है कि इस योजना का उद्देश्य देश में निजी क्षेत्र आधारित अनुसंधान एवं विकास व्यवस्था को बढ़ावा देना है।

राष्ट्रपति मुर्मू ने देहरादून में किया राष्ट्रपति निकेतन के नए युग का शुभारंभ

- फुट ओवर ब्रिज और घुड़सवारी क्षेत्र बने आधुनिकता, सुरक्षा और परंपरा के प्रतीक
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उठाया लोकसंगीत का आनंद, संस्कृति विभाग ने आयोजित की थी सांस्कृतिक संध्या

उत्तम भारत संवाददाता, देहरादून। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज श राष्ट्रपति निकेतन में दो नई आगंतुक केंद्रित सुविधाओं फुट ओवर ब्रिज और घुड़सवारी क्षेत्र का लोकार्पण किया। इन दोनों परियोजनाओं ने राष्ट्रपति निकेतन परिसर को आधुनिक अवसंरचना, सुरक्षा और हिमालयी विरासत के अनूठे संगम के रूप में स्थापित कर दिया है। राजपुर रोड पर बना 105 फीट लंबा पैदल पार पुल न केवल स्थानीय वास्तुकला का प्रतीक है, बल्कि यह राष्ट्रपति निकेतन और आगामी राष्ट्रपति उद्यान के बीच निर्बाध आवाजाही को भी संभव बनाता है। राज्य लोक निर्माण विभाग द्वारा 9 करोड़ की लागत से मात्र छह माह में तैयार की गई इस परियोजना को हिमालयी डिजाइन की आधुनिक मिसाल कहा जा रहा है। रैंप और रेलिंग सहित इसका डिजाइन इसे सभी आयु वर्गों के लिए सुगम और सुरक्षित बनाता है। इसके बाद राष्ट्रपति ने राष्ट्रपति निकेतन परिसर में विकसित अत्याधुनिक घुड़सवारी क्षेत्र का भी उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रपति अंगरक्षकों के घोड़ों को स्वयं घास खिलाई और उनके रखरखाव की जानकारी ली। 0.7 एकड़ में फैला यह क्षेत्र सीपीडब्ल्यूडी द्वारा विकसित किया गया है, जहाँ राष्ट्रपति के अंगरक्षकों के 8 चयनित घोड़े रखे जाएंगे। यहां आगंतुकों के लिए देखने के गलियारे और निर्देशित भ्रमण की विशेष व्यवस्था की गई है। यह सुविधा सोमवार को छोड़कर प्रतिदिन सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक आम जनता के लिए खुली रहेगी। वहीं, देर शाम महामहिम राष्ट्रपति ने उत्तराखंड संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित सांस्कृतिक संध्या में भी शिरकत की। कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) भी उपस्थित रहे। राष्ट्रपति ने उत्तराखंड की लोकसंगीत और लोकनृत्य की प्रस्तुतियों का आनंद लिया और लोक कलाकारों से मिलकर उनकी हौसला-अफजाई की। राष्ट्रपति निकेतन में हुआ यह लोकार्पण उत्तराखंड के लिए गौरवपूर्ण क्षण रहा। जहाँ आधुनिकता ने परंपरा का हाथ थामा, और राष्ट्रपति निकेतन ने भविष्य की ओर एक और सुनहरा कदम बढ़ाया।

अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस के कानपुर एम्युनिशन कॉम्प्लेक्स ने एसआईडीएम चैंपियन अवार्ड 2025 जीता

उत्तम भारत संवाददाता, अहमदाबाद। भारत की अग्रणी रक्षा और एयरोस्पेस कंपनियों में से एक, अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस को डिजाइन, निर्माण और परीक्षण उत्कृष्टता के लिए सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स (एसआईडीएम) चैंपियन अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान उत्तर प्रदेश के कानपुर में स्थित अत्याधुनिक गोला-बारूद कॉम्प्लेक्स के लिए दिया गया।यह पुरस्कार रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा सचिव श्री राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में इस सुविधा की तकनीकी उत्कृष्टता और उन्नत विनिर्माण क्षमताओं को मान्यता देते हुए प्रदान किया। 500 एकड़ में फैला, अदाणी एम्युनिशन कॉम्प्लेक्स भारत के सबसे उन्नत और एकीकृत गोला-बारूद निर्माण पारिस्थितिकी तंत्र का प्रतिनिधित्व करता है, जिसे उद्योग 4.0 मानकों, स्वचालन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता-संचालित सटीक प्रणालियों के साथ विकसित किया गया है ताकि छोटे, मध्यम और बड़े कैलिबर के गोला-बारूद में स्थिरता, सुरक्षा और बेहतर गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके। यह मान्यता, विश्व स्तरीय विनिर्माण क्षमताओं को विकसित करने के लिए अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है, जो भारत के स्वदेशी रक्षा उत्पादन पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करती है, जो सरकार के "मेड इन इंडिया, मेड फॉर द वर्ल्ड" के दृष्टिकोण के साथ पूरी तरह से संरेखित है। अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस के सीईओ आशीष राजवंशी ने कहा, "एसआईडीएम चैंपियन पुरस्कार एक स्वदेशी, प्रौद्योगिकी-संचालित रक्षा विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के हमारे प्रयासों का प्रमाण है जो देश की आत्मनिर्भरता को बढ़ाता है और इसकी रणनीतिक तत्परता को मजबूत करता है। कानपुर गोला-बारूद परिसर इस बात का उदाहरण है कि कैसे उद्योग 4.0 के नेतृत्व वाला नवाचार और पैमाना भारत के रक्षा उत्पादन परिदृश्य को फिर से परिभाषित कर सकता है और देश को एक वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित कर सकता है।"

बिहार के लोग दुनिया भर में आगे हैं, लेकिन यहां पिछड़े हैं: राहुल

बेगूसराय। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी रविवार को बिहार विधानसभा चुनाव के प्रचार अभियान में एक बार फिर उतरे। इस दौरान उन्होंने बिहार के बेगूसराय में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए केंद्र और बिहार सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा

कि बिहार के लोग दुनिया भर में आगे हैं लेकिन यहां पिछड़े हुए हैं। यहां की सरकार नहीं चाहती है कि बिहार के लोग आगे बढ़ें। वे यहां के लोगों की मदद नहीं करते। वे चाहते हैं कि यहां के लोग मजदूरी करते रहें। उन्होंने कहा कि दुबई जैसा शहर बिहार के लोगों ने बनाया है, लेकिन वे यहां कुछ नहीं कर पाते। उन्होंने कहा कि महागठबंधन की सरकार आएगी तो यहां बेहतरीन शिक्षा व्यवस्था की जाएगी। हम ऐसा विश्वविद्यालय खोलेंगे जहां दुनिया के लोग पढ़ने आएंगे। यहां के लोग दुनिया में मेहनत कर उसे बनाते हैं। उन्होंने लोगों को भरोसा देते हुए आगे कहा कि यहां जो महागठबंधन की सरकार बनने वाली है वह हर धर्म, हर जाति की सरकार होगी।

दिल्ली सरकार ने महिलाओं और ट्रांसजेंडर्स के लिए शुरू किया पिंक सहेली स्मार्ट कार्ड



- 12 वर्ष से अधिक आयु की बेटियां, बहनें और माताएं डीटीसी और क्लस्टर बसों में निःशुल्क और सहज यात्रा कर सकेंगी।

उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने महिलाओं और ट्रांसजेंडर्स के लिए पिंक सहेली स्मार्ट कार्ड की शुरूआत की है। अब 12 वर्ष से अधिक आयु की बेटियां, बहनें और माताएं डीटीसी और क्लस्टर बसों में निःशुल्क और सहज यात्रा कर सकेंगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि यह पहल दिल्ली में महिलाओं के लिए यात्रा को आसान बनाने, सार्वजनिक परिवहन के उपयोग को बढ़ावा देने और नारी शक्ति को अधिक सुविधाएं और सम्मान देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए अनेक प्रभावी कदम उठाए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 502 पालना घरों ने कार्यरत माताओं को निश्चिंत होकर काम करने का अवसर दिया है। 10 करोड़ रुपये तक के कोलैटरल-मुक्त एमएसएमई ऋण ने महिलाओं को आत्मनिर्भर उद्यमी बनने का संबल दिया है। सुरक्षित यात्रा, सीसीटीवी निगरानी और रात्रि पाली जैसी सुविधाओं ने महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ाया है। 7500 स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से मातृ एवं बाल स्वास्थ्य सेवाएं हर घर तक पहुंच रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा से लेकर आत्मनिर्भरता तक दिल्ली की महिलाएं आज सशक्त राष्ट्र की पहचान बन रही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नारी शक्ति ही राष्ट्र शक्ति मंत्र से प्रेरित होकर दिल्ली सरकार महिला सशक्तिकरण के इस संकल्प को नए आयाम दे रही है।

बेंच और बार के बेहतरीन तालमेल से ही आगे बढ़ सकता है कानून का राज: आदित्यनाथ

उत्तम भारत संवाददाता, लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कानून के राज के लिए बेंच और बार के बीच तालमेल के महत्व पर जोर देते हुए रविवार को कहा कि कानून का शासन इन दोनों संस्थाओं में निहित विवेक और संवेदना के बेहतरीन समन्वय से ही आगे बढ़ सकता है। मुख्यमंत्री ने लखनऊ में डॉक्टर राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के चौथे दीक्षांत समारोह में अपने सम्बोधन में कहा कि कानून का राज बेंच और बार के बेहतरीन समन्वय से ही आगे बढ़ सकता है। उन्होंने कहा, जब हम बेंच की बात करते हैं तो यह सामान्य रूप से एक आम मानविकी के विवेक का प्रतीक है और बार हम सब की संवेदना का प्रतीक है। इस विवेक और संवेदना में जब समन्वय होता है, तब हम कानून के शासन की परिकल्पना को सरकार और मूर्त रूप में देख पाते हैं। कार्यक्रम में देश के भावी प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली भी मौजूद थे। आदित्यनाथ ने

बार और बेंच की सुविधा के लिए राज्य सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यों का जिक्र करते हुए कहा, बार और बेंच में बेहतर समन्वय हो, इसके लिए हमलोगों ने उत्तर प्रदेश में एकीकृत अदालत परिसर बनाना प्रारंभ किये हैं। हमने 10 जनपदों के लिए एक साथ धनराशि भी जारी की है। इसमें एक ही परिसर में जिला स्तर की सभी अदालतें होंगी। साथ ही परिसर में आवास और अन्य हर प्रकार की जरूरी सुविधा भी उसी परिसर में हम लोगों ने प्रारंभ की है। मुख्यमंत्री ने कहा, किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में सुदृढ़ न्यायिक व्यवस्था का खास योगदान है और मैं हमेशा इस बात को मानता हूं कि न्यायिक व्यवस्था जितनी मजबूत होगी सुशासन के लक्ष्य को प्राप्त करने में उतनी ही आसानी होगी। उन्होंने कहा कि सुशासन को प्राचीन काल में राम राज्य कहते थे, अर्थात एक ऐसी शासन व्यवस्था, जहां पर किसी भी प्रकार के भेदभाव के लिए कोई स्थान नहीं था। मुख्यमंत्री ने ई-कोर्ट प्रणाली, वैकल्पिक वाद निस्तारण और साइबर कानून जैसे नये क्षेत्रों तथा न्यायिक अधिकारियों एवं अधिवक्ताओं की सुविधा के लिए सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यों का जिक्र किया। उन्होंने कहा, इलाहाबाद उच्च न्यायालय आज अपने सुदृढ़ मूलभूत ढांचे के लिए जाना जाता है। प्रदेश में खासतौर पर महिलाओं और बच्चों से संबंधित अपराधों की स्थिति में त्वरित न्याय दिलाने की दिशा में प्रभावी पैरवी करने और महिलाओं से जुड़े मामलों में 380 से अधिक पॉक्सो और त्वरित अदालतों के गठन की कार्यवाही को भी राज्य सरकार ने तेजी के साथ आगे बढ़ाने में मदद की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोक अदालत और मध्यस्थता के माध्यम से भी त्वरित न्याय उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ाये गये हैं और इस दिशा में विधिक सेवा प्राधिकरण और न्यायालय की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

स्वामी रामभद्राचार्य बोले अब जगन्नाथ धाम के नाम से जाना जाएगा फतेहपुर

उत्तम भारत संवाददाता, फतेहपुर। शहर के रामगंज पक्का तालाब स्थित हनुमान मंदिर परिसर में भगवान जगन्नाथ मंदिर के निर्माण हेतु भूमि पूजन समारोह भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। इस पावन अवसर पर मुख्य अतिथि पद्म विभूषण जगद्गुरू रामानंदाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज विशेष तौर पर हेलीकॉप्टर से फतेहपुर पहुंचे। फतेहपुर में भगवान जगन्नाथ मंदिर का भव्य भूमि पूजन समारोह। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पुरी धाम (ओडिशा) के प्रधान दैतापति सेवायत दैतापति भवानी दास महाराज ने भी भगवान जगन्नाथ के मंदिर निर्माण हेतु भूमि पूजन किया। भाजपा नेता संतोष तिवारी और उनकी धर्मपत्नी ललिता

तिवारी ने यजमान के रूप में पूजन विधि सम्पन्न कराई। प्रवचन के दौरान स्वामी रामभद्राचार्य ने स्पष्ट कहा कि यह मंदिर सनातन धर्म को मानने वाले हर हिंदू के लिए खुला रहेगा झ यहां कोई वीआईपी या वीवीआईपी नहीं होगा। उन्होंने कहा, जिस तरह चित्रकूट कामतानाथ धाम के नाम से विख्यात है, उसी तरह फतेहपुर अब भगवान जगन्नाथ धाम के नाम से जाना जाएगा। उन्होंने यह भी इच्छा जताई कि जिस प्रकार पुरी धाम में हर वर्ष भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा निकाली जाती है, उसी भव्यता और श्रद्धा के साथ फतेहपुर में भी हर वर्ष रथ यात्रा का आयोजन होना चाहिए। कार्यक्रम में मंत्री बेबीरानी मौर्य, जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह 'पप्पू', भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल, जहानाबाद विधायक राजेंद्र पटेल, अयाह शाह विधायक विकास गुप्ता, खागा विधायक कृष्णा पासवान, पूर्व विधायक विक्रम सिंह समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और आमजन उपस्थित रहे।

P-02:28 paga09_jhn.qxd 11/2/2025 9:18 PM Page 1

रोली तिलक चंदन लगा किया पूजन , चारा चोकर गुड़ और फल खिला की गौ सेवा

उत्तम भारत संवाददाता

संभल। अंतर्राष्ट्रीय साहित्य कला संगम की ओर से स्थानीय सूरजकुंड मंदिर की गौशाला में गोपाष्टमी का कार्यक्रम धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महंत अनंत पुरी बोलयोगी तथा संस्था के संस्थापक डॉक्टर डीएन शर्मा निर्देशक संजय कुमार गुप्ता संस्था अध्यक्ष डॉ विजयलक्ष्मी शर्मा, महामंत्री, पूनम शुक्ला, सांस्कृतिक मंत्री पूनम रेनू तिवारी, उप मंत्री पूजा शर्मा द्वारा सामूहिक दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण तथा पूजन से प्रारंभ हुआ। संस्था अध्यक्ष डॉ विजय लक्ष्मी शर्मा ने अपने मधुरकंठ से सरस्वती वंदना एवं भारत वंदना प्रस्तुत की उप मंत्री श्रीमती पूजा शर्मा ने गौ सेवा की प्रक्रिया पूर्ण की। इस अवसर पर विभिन्न गौशालाओं को चोकर की बोरियां गुड़ एवं सेंधा नमक और हरा चारा प्रदान किया गया। स्थानीय सूरजकुंड गौशाला में गौ को रोली तिलक लगाकर और मालाएं पहनाकर गौ माता का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर

डॉक्टर डीएन शर्मा ने कहा कि भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण के वंश का विस्तार गौ सेवा से ही हुआ है। सभाअध्यक्ष महंत अनंतपुरी महाराज ने विस्तार से बताया कि गौ सेवा से अनेक जन्मों के पाप कट जाते हैं।

संस्था संरक्षक कमलकांत तिवारी ने कहा कि गौ सेवा हमारी सनातन परंपरा है जो आज तक अक्षुण्ण है। निर्देशक व गौ सेवा संचालक संजय कुमार गुप्ता ने कहा कि गौ माता में सभी देवताओं का निवास है इसलिए गौ पूजन देव पूजन के बराबर है।

संस्थाध्यक्ष डॉक्टर विजयलक्ष्मी शर्मा ने बताया कि गोपाष्टमी के दिन ही भगवान कृष्ण में सर्वप्रथम गौ चराने का कार्य प्रारंभ किया था इसलिए गोपाष्टमी का महत्व बढ़ जाता है। गौ सेवा करने वाले व्यक्ति का कभी भी वंश कानाश नहीं होता । महामंत्री पूनम शुक्ला ने कहा की गोपालन करने के कारण ही भगवान कृष्ण का नाम गोपाल पड़ा है, जो उन्हें सबसे प्रिय नाम है। सांस्कृतिक मंत्री पूनम रेनू तिवारी ने कहा कि गौ हमारी राष्ट्र माता है। उपमंत्री पूजा शर्मा ने कहा कि गाय को रोटी देना बहुत ही पुण्य का काम है। नवीन कुमार शर्मा जी ने गौ सेवा का महत्व बताने वाली कविता पढ़ी जिसे सभी ने सराहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता महंत अनंतपुरी ने की। कार्यक्रम का संचालन संयोजक पूनम शुक्ला ने किया। गौ सेवा के इस कार्यक्रम में सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य शिव शंकर शर्मा, निरमेश शर्मा, रेखा, उषा, चौधरी प्रवीण सिंह, साधना, रुचि, रविकांत, शालिनी रस्तोगी, अनिल भगत राहुल, डोरी लाल शर्मा, अतुल, सुभाष चंद्र, अजय शर्मा, प्रेम शंकर, सौरभ कुमार, विकास वर्मा, विकेश, विजय बहादुर सक्सेना, नरेंद्र, एडवोकेट नरेशपाल सिंह यादव, एडवोकेट लवलेश, केके, संध्या रस्तोगी, विशेष कुमार, शिव शंकर शर्मा, नीलम देवल कुमारी, प्रज्ञा गीता देवी, कुमारी सांझ, सीमा दिवाकर अंजलि यादव, निशि चाहल ने उपस्थित रहकर गौ सेवा की।

श्री कल्कि विष्णु मंदिर सम्भल में कल्कि संवाद कार्यक्रम का आयोजन

उत्तम भारत संवाददाता

संभल। शनिवार को श्री कल्कि विष्णु मंदिर, सम्भल में कल्कि संवाद कार्यक्रम का सफल एवं सुव्य वस्थित आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनंत अग्रवाल (जिला अध्यक्ष, विश्व हिंदू परिषद, सम्भल) द्वारा की गई तथा कुशल संयोजन सुभाष त्यागी एवं अन्य सम्मानित सहयोगियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संवादात्मक रूप में संचालित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता स्वामी कृष्णानंद रहे। उन्होंने अपने प्रबोधक संबोधन में श्रीमद्भगवद्गीता के कर्म-योग एवं कर्म-विज्ञान को वर्तमान और आगामी सभी सामाजिक समस्याओं का समाधान बताया। उन्होंने उपस्थित सहभागियों का आवाह्न किया कि घर-घर गीता, जन-जन गीता अभियान को दृढ़ संकल्प एवं श्रेष्ठ आचरण के साथ आगे बढ़ाया

जाए। परमात्मा प्रत्येक जीव के हृदय में विद्यमान है एवं कर्मानुसार फल देता है, अतः सदैव सत्कर्म का संकल्प लेना चाहिए।

समाज में एकता , समानता , बंधुत्व तथा राष्ट्र सेवा की भावना को प्राथमिकता दी जाए। कार्यक्रम में पारित प्रस्तावरू सभी प्रतिभागियों ने कल्कि संवाद कार्यक्रम को निरंतर आगे बढ़ाने, व्यापक स्तर पर आयोजित करने तथा अधिक से अधिक जन-सम्पर्क विकसित करने का संकल्प सर्वसम्मति से स्वीकार किया। सीमा आर्या द्वारा 51 श्रीमद्भगवद्गीता पुस्तकों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में दीपा वार्ष्णेय एवं नीलम वार्ष्णेय, सरिता गुप्ता सुषमा गुप्ता, सुनीता यादव, किरन गर्ग, अंजना गुप्ता, साधना गुप्ता, आशा अग्रवाल वर्षा गुप्ता,की उपस्थिति ने आयोजन को सार्थकता प्रदान की। संपूर्ण कार्यक्रम सौहार्द, अनुशासन एवं आध्यात्मिक उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। आयोजकों ने आगामी दिनों में ऐसे और कार्यक्रमों को विस्तार देने का संकल्प दोहराया।

पीएम और रेल मंत्री से संभल गजरौला रेलवे लाईन के विस्तार की मांग

उत्तम भारत संवाददाता

संभल। समाजसेवी व अधिवक्ता चौ रविराज चाहल एडवोकेट द्वारा संभल से गजरौला रेल लाइन विस्तारिकरण की मांग को लेकर चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत आज विकास दिव्यांग सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष आस मोहम्मद से कैंप कार्यालय असमोली पहुंचकर प्रधानमंत्री को पत्र लिखने का अनुरोध किया।

इस पर समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा अपने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर माननीय प्रधानमंत्री महोदय को एक पत्र मेल द्वारा भेज कर संभल से गजरौला रेल लाइन विस्तारीकरण किए जाने की मांग की। इस दौरान बोलते हुए समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष आस मोहम्मद ने कहा कि संभल से गजरौला रेल लाइन विस्तारीकरण की मांग लगभग 5 दशक पुरानी है। संभल में आज तक रेल लाइन

का विस्तारीकरण नहीं हो सका है पूर्व सरकारों ने इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया है हमें अपने प्रधानमंत्री महोदय पर पूर्ण उम्मीद है कि माननीय प्रधानमंत्री जी संभल वासियो की गजरौला रेल लाइन विस्तारीकरण की मांग पूर्ण आवश्यक करेंगे जिससे संभल में नए-नए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। संभल का देश व प्रदेश के अन्य हिस्से से संपर्क स्थापित हो सकेगा। आगे बोलते हुए समाजसेवी व अधिवक्ता चौ रविराज चाहल एडवोकेट ने कहा कि हम लगातार अपनी मांग को उचित माध्यम से प्रधानमंत्री व रेल मंत्री महोदय तक पहुंचाने आ रहे हैं लेकिन आज तक हमारी मांग पूर्ण नहीं हो सकी है हम लगातार लोगों को जागरुक कर रहे हैं कि क्षेत्र के सभी लोगों को एक पत्र के द्वारा प्रधानमंत्री तक अपनी मांग को पंहुचाते रहना चाहिए। इस दौरान आस मोहम्मद, चौधरी रविराज चाहल, मंगल सिंह, अतर सिंह, अमित कुमार,देव कुमार, मोहम्मद चांद, भूरे खा, कुंदन सिंह, राजू आदि रहे।

पत्रकारों ने लिया संकल्प शासन प्रशासन के दबाव से मुक्त होकर करेंगे पत्रकारिता

उत्तम भारत संवाददाता

संभल। जनपद संभल के पत्रकार बंधुओं ने एकजुटता का परिचय देते हुए शासन-प्रशासन के दबाव से मुक्त होकर निष्पक्ष पत्रकारिता करने का संकल्प लिया। ऑल इंडिया रिपोर्टर एसोसिएशन (आईरा) जनपद संभल की एक महत्वपूर्ण बैठक आज रविवार को बदायूं रोड स्थित पहलवान ढाबा, चंदौसी पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता आईरा ग्रुप के जिला अध्यक्ष वीरेश ठाकुर ने की।

बैठक में उपस्थित सभी पत्रकार साथियों ने विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। जिला अध्यक्ष वीरेश ठाकुर ने कहा कि हमारे सभी पत्रकार साथी एक राय होकर कार्य करें। शासन-प्रशासन के दबाव में आकर कार्य न करें। यदि प्रशासन द्वारा हमारे साथ कोई गलत कार्य किया जाता है, तो हम उस पर ठोस कदम उठाने के लिए हमेशा तैयार रहेंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि पत्रकारिता का मूल मंत्र निष्पक्षता और साहस होना चाहिए। इस अवसर पर दैनिक समाचार पत्र

श्आजश् के जिला प्रभारी संभल एस0 के0 सक्सेना ने कहा कि सभी पत्रकार साथी एकजुट होकर कार्य करें। एक रहें, गरीबों की आवाज को बुलंद करें। न कोई छोटा है, न कोई बड़ा। सभी साथी निडर होकर अपनी जिम्मेदारी निभाएं। उन्होंने अपील की कि पत्रकारिता समाज के कमजोर वर्गों की आवाज बनने का माध्यम बने। बैठक में जिलाध्यक्ष वीरेश ठाकुर, एस0 के0 सक्सैना, महानंदन गौतम, विनय राठौर, योगेश राघव, महेश राघव जुगल किशोर शर्मा, सौरभ कुमार मिश्रा, नेत्रपाल सिंह, अफसर अली, जरीफ अहमद, विकास गुप्ता, ठाकुर राजेंद्र सिंह (समाजसेवी) रामप्रकाश यादव, सर्वेन्द्र यादव, बबलू सैफी, सचिन कुमार, मनीष कुमार एम बी, शिवम भारद्वाज, विकास कुमार, रिंकू दिवाकर, के पी सिंह कठेरिया, सहित अन्य पत्रकार साथी उपस्थित रहे। बैठक का समापन संकल्प के साथ हुआ, जिसमें सभी ने एकजुट पत्रकारिता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। यह बैठक जनपद के पत्रकारों के बीच एकता को मजबूत करने में मील का पत्थर साबित होगी।

नौका विहार के साथ हुआ चंद्रोदय मंदिर के त्रिदिवसीय कार्तिक उत्सव का भव्य समापन

*** श्री राधा वृन्दावन चंद्र ने नौका रूपी कुंज महल में दिये भक्तों को दिव्य दर्शन**

उत्तम भारत संवाददाता

मथुरा। वृन्दावन चंद्रोदय मंदिर में चल रहे त्रिदिवसीय कार्तिक उत्सव का समापन रविवार को नौका विहार महोत्सव के साथ भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस अवसर पर श्रीश्री राधा वृन्दावन चंद्र के श्रीविग्रह को पालकी शोभायात्रा के माध्यम से मंदिर प्रांगण स्थित कल्याणी तक लाया गया, जहाँ उन्हें नौका रूपी कुंज महल में विराजमान कर नौका विहार कराया गया। ठाकुरजी के इस अलौकिक एवं मनोहर नौका विहार दर्शन का दृश्य देखते ही बनता था।

भक्तों ने नौका, कल्याणी तथा मंदिर परिसर को विभिन्न प्रकार के पुष्पों से भव्य रूप से सजाया। पुष्पों से सुसज्जित नौका पर विराजमान श्री राधा वृन्दावन चंद्र के दर्शन से सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठा। हर ओर 'राधा वृन्दावन चंद्र की जय!' के जयकारों से मंदिर प्रांगण गूंजायमान रहा।

शयन आरती के दौरान भक्तों ने दामोदर अष्टकम का सामूहिक गान किया तथा दीपदान कर ठाकुरजी से आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस पावन अवसर पर इस्कॉन बैंगलोर के विभिन्न केंद्रों से आए भक्तगणों सहित मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु और अन्य राज्यों से भी सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

भक्तों ने नौका विहार महोत्सव को दिव्य, अद्भुत और अविस्मरणीय बताया।

जागगरूक कर बोले यातायात पुलिस कर्मी यातायात नियमों का पालन सुरक्षा की सच्ची पहचान

उत्तम भारत संवाददाता

संभल। पुलिस अधीक्षक संभल एवं अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी यातायात एवं प्रभारी यातायात के नेतृत्व में यातायात माह नवंबर 2025 के अवसर पर कस्बा चंदौसी,में यातायात पुलिस द्वारा एक व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित किया गया।

अभियान के दौरान यातायात पुलिस टीम ने राहगीरों और वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा से जुड़ी आवश्यक जानकारियाँ दीं।

लोगों को यह समझाया गया कि थोड़ी सी लापरवाही किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है, इसलिए यातायात नियमों का पालन करना न केवल एक कानूनी दायित्व है, बल्कि जीवन की सुरक्षा की सबसे बड़ी गारंटी भी है। इस

मौके पर यातायात पुलिस ने लोगों को हेलमेट और सीट बेल्ट का नियमित प्रयोग करने, गलत दिशा में वाहन न चलाने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, तथा मोबाइल फोन का प्रयोग वाहन चलाते समय न करने की सख्त सलाह दी।

पैदल यात्रियों को सड़क पार करते समय ज़ेब्रा क्रॉसिंग, ट्रैफिक संकेतों और निर्धारित मार्गों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही पंपलेट वितरित कर यह संदेश दिया गया। सावधानी ही सुरक्षा है, यातायात ही अनुशासन का प्रतीक है। रफ्तार नहीं, जिम्मेदारी बने आपकी पहचान। कार्यक्रम के अंत में यातायात पुलिस ने आमजन से आह्वान किया। हम सब मिलकर ऐसा माहौल बनाएं जहाँ हर सड़क पर अनुशासन हो, हर सफर सुरक्षित हो और हर घर मुस्कुराता रहे।

छाता क्षेत्र में हाइवे स्थित ढाबे पर देह व्यापार पकडा , आरोपित पुलिस ने भेजा जेल

उत्तम भारत संवाददाता

मथुरा। छाता थाना क्षेत्र में आगरा-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित एक पंजाबी ढाबे पर देर रात पुलिस ने छापा मारकर देह व्यापार का पर्दाफाश किया। कार्रवाई में पुलिस ने आपत्तिजनक हालत में दो महिलाओं और एक युवक को गिरफ्तार किया है।

पुलिस को सूचना मिली थी कि केडी चौकी क्षेत्र के सेमरी गांव के पास बने ढाबे पर लंबे समय से अनैतिक गतिविधियां चल रही हैं। सूचना के आधार पर केडी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक रोहित उज्ज्वल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने देर रात छापेमारी की। मौके से पकड़े गए युवक पर आरोप है कि वह ढाबे का संचालन करता था और ग्राहकों व महिलाओं की व्यवस्था करता था। प्रारंभिक पूछताछ में महिलाओं ने बताया कि उन्हें पैसों

का लालच देकर इस धंधे में शामिल किया गया। पुलिस ने ढाबे से आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद की है। एसपी (ग्रामीण) ने बताया कि मामले की गहन जांच चल रही है और इसमें शामिल अन्य लोगों की भी तलाश की जा रही है। छाता कोतवाली प्रभारी कमलेश सिंह ने संस्कृति यूनिवर्सटी के पास एनएच 19 किनारे पंजाबी ढाबा से जाहिद उर्फ मोनू पुत्र जुम्मा निवासी तेलीपाडा को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए आरोपित से एक रजिस्टर बही, एक एण्ड्रायड फोन मय 1000 रुपये नगद, एक पैकेट आपत्ति जनक सामग्री बरामद की गई है। आरोपित के खिलाफ मु0अ0सं0 560/2025 धारा 3/4/5/6/7/8 अनैतिक देह व्यापार अधिनियम, मु0अ0सं0 619/2024 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। आरोपित को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

संकुल स्तरीय खेलकूद दिवस समारोह 2025

*** पीएम केन्द्रीय विद्यालय बाद मथुरा में संकुल स्तरीय लघु खेल प्रतियोगिता का आयोजन**

उत्तम भारत संवाददाता

मथुरा। पीएम केन्द्रीय विद्यालय बाद मथुरा में संकुल स्तरीय लघु खेल प्रतियोगिता का आयोजन बड़े उत्साह और उमंग के साथ किया गया। इस खेल प्रतियोगिता में पीएम केन्द्रीय विद्यालय अलीगढ़ पीएम केन्द्रीय विद्यालय मथुरा कैंट पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय बाद मथुरा पीएम केन्द्रीय विद्यालय हाथरस पीएम केन्द्रीय विद्यालय एम.आर.एन.मथुरा तथा पीएम केन्द्रीय विद्यालय बुलंदशहर शिफ्ट.वन एवं शिफ्ट टू सम्मिलित थे। प्राचार्य पीएम केंद्रीय विद्यालय बाद, मथुरा ने खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिताओं में 60 मीटर दौड़ 100 मीटर दौड़ए 140 मीटर दौड़ लंबी कूद टेनिस बॉल थ्रो तथा रिले दौड़ ;200 मीटर एवं 400 मीटर जैसी रोमांचक प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। बच्चों ने खेल भावना अनुशासन और टीम भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य पीएम केन्द्रीय विद्यालय बाद मथुरा ने विजेताओं को प्रमाण पत्र वितरित किए और सभी प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। यह आयोजन छात्रों में खेलों के प्रति रुचि अनुशासन और टीम भावना को बढ़ाने वाला सफल आयोजन सिद्ध हुआ।

सपा महिला सभा मे प्रदेश महासचिव बनीं अफ़रोज़ जहाँ

उत्तम भारत संवाददाता

संभल। सपा कार्यकर्ताओं ने अफ़रोज़ जहां मसूदी को महिला सभा का प्रदेश महासचिव बनाये जाने पर खुशी का इज़हार करते हुए बधाईयां दी। मुरादाबाद मण्डल मे सम्भल, बिलारी, कुन्दरकी, चन्दौसी और अमरोहा जैसे क्षेत्रों मे लगातार पार्टी कार्यकर्ताओं मे प्रतिभाग करने और पार्टी को मज़बूती प्रदान करने मे अफ़रोज़ सक्रिय रूप से कार्य कर रही थी।

जानकारी अनुसार समाजवादी पार्टी महिला सभा की प्रदेश अध्यक्षा रिबू श्रीवास्तव द्वारा संगठन में कई फ़ेरबदल किये गये हैं। इसी क्रम में लखनऊ से समाजवादी पार्टी महिला सभा के कार्यालय से जारी होने वाली सूची में बिलारी की मोहल्ला ठाकुरान निवासिन अफ़रोज़ जहां मसूदी को प्रदेश महासचिव के बनाया गया है। अफ़रोज़ जहाँ ने बताया कि वो पार्टी की बुनियादी कार्यकर्ताओ में से एक हैं वो पार्टी में तब से काम कर रही है जबसे समाजवादी पार्टी का वजूद है। उन्होंने कहा कि इस अदना सी कार्यकर्ता को इतनी बड़ी जिम्मेदारी देकर मुझपर जो भरोसा जताया गया है में उसके लियें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री

अखिलेश यादव व महिला सभा की प्रदेश अध्यक्षा रीबू श्रीवास्तव का दिल से आभार व्यक्त करती हूँ। साथ मे उन सभी मेरे साथियो और संगठन के हर सिपाही से यही कहूंगी की में हमेशा पार्टी के लियें ऐसे ही समर्पण से काम करती रहूँगी।

दुष्कर्म पीड़ित नाबालिग के परिवार से मिले सपाई, जिला पुलिस प्रशासन से की कठोर कार्रवाई की मांग

उत्तम भारत संवाददाता

मथुरा। शनिवार देरसायं गोवर्धन विधानसभा क्षेत्र के थाना मगोर्रा के गांव जंगली मैं दलित परिवार की नाबालिक बेटी के साथ हुई घटना को लेकर रविवार सुबह जिला महिला चिकित्सालय पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की।

विदित रहे कि दलित परिवार की नाबालिक बेटी गांव के पास ही कुए पर कपड़े धो रही थी तभी दो लड़के मोटरसाइकिल पर आए और लड़की को जबरन मंदिर में उठा लेंगे और उसके साथ दुष्कर्म किया। नाबालिक बेटी के हालात सीरियस है उसको लेकर समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की और परिवार को समाजवादी पार्टी की तरफ से हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। जिला पुलिस प्रशासन से मांग करते हैं कि ऐसे दरिंदों को जल्द से जल्द पड़कर कठोर कार्रवाई करें जिससे पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके अन्यथा की स्थिति में समाजवादी पार्टी पीड़ित को न्याय दिलाने हेतु संघर्ष करने के लिए बाध्य होगी। जिस तरीके से आज प्रदेश के हालात है मां बहन बेटियां सुरक्षित नहीं है खासकर दलित पर जो अत्याचार हो रहे हैं बहन बटिया की अत्याचार हो रहे हैं उसमें प्रदेश नंबर वन है और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बिहार चुनाव में जाकर लगातार कानून व्यवस्था की दुआई दे रहे हैं। लेकिन उत्तर प्रदेश के हालात बाद से बदतर होते जा रहे हैं आए दिन लूट डकैती बलात्कार दलितों पर अत्याचार लगता है। अब आम बात हो गई है।

रन फॉर यूनिटी मैराथन दौड़ के प्रतिभागी बच्चों को किया गया सम्मानित

उत्तम भारत संवाददाता

संभल। विकास खण्ड रजपुरा में रन फॉर यूनिटी मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। यह मैराथन विकास खण्ड रजपुरा मुख्यालय से कायनाथ बालिका इंटर कॉलेज तक सुबह 11 बजे से आयोजित की गयी। इस अवसर पर सिपाही लाल इंटर कॉलेज के विद्यार्थीयों द्वारा प्रतिभाग किया गया। रन फॉर यूनिटी दौड़ में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विजेता प्रतिभागियों को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में 1500, 1000 तथा 500 की नगद धनराशि एवं के साथ शील्ड प्रदान की गयी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खण्ड विकास अधिकारी डॉ आदेश कुमार, ब्लॉक प्रमुख पति गैरिश यादव, पूर्व मण्डल अध्यक्ष बीजेपी शांति स्वरुप, प्रधानाचार्य कौशल किशोर सिंह एवं दीप चाँद पाण्डेय, मुंशी लाल पटेल, हेडमास्टर अनिल कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक

के कर्मठ टीम द्वारा किया गया। इस अवसर पर थाना अध्यक्ष कुंवरपाल सिंह, सहायक विकास अधिकारी (पं.), सहायक शिक्षा अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी एवं समस्त विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे। रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का उद्देश्य लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर एकता, सद्भावना एवं राष्ट्रीय एकजुटता का संदेश दिया गया एवं शपथ भी दिलाई गयी।

देवोत्थान एकादशी पर परिक्रमा मार्ग में बनी अटूट श्रृंखला

*** तीन वन और पंचकोसीय परिक्रमा के लिए परिक्रमार्थियों की भीड़ उमडी**

उत्तम भारत संवाददाता

मथुरा। देवोत्थान एकादशी पर धर्म नगरी वृंदावन में मध्यरात्रि से ही तीन वन और पंचकोसीय परिक्रमा के लिए परिक्रमार्थियों की भीड़ उमड़ परिक्रमा मार्ग में दिखने लगी थी। भोर के समय हल्की ठंड के बीच परिक्रमा मार्ग में अटूट मानव श्रंखला दिख रही थी। माना जाता है कि द्वापर युग में कंस वध के बाद भगवान श्रीकृष्ण और बलराम ने तीन वन यानि मथुरा, वृंदावन और गरुड गोविंद की परिक्रमा लगाई थी। उनके साथ ब्रजवासियों ने भी परिक्रमा लगाई थी। तभी से इस परम्परा का निर्वहन भक्तों द्वारा किया जाता है।

ऐसी मान्यता है कि तीन वन परिक्रमा करने से मक्त के सारे काट दूर हो जाते हैं और मनोकामना पूर्ण होती है। देवोत्थान एकादशी को रात्रि में देव उठान की पूजा में गन्ना और सिंघाड़ों का प्रयोग किया जाता है। इसी के चलते परिक्रमा मार्ग में गन्ना और सिंघाड़ों की खूब बिक्री हुई। परिक्रमा मार्ग राधे राधे के जयकारों से गुंजायमान रहा। मार्ग देवोत्थान एकादशी पर चतुर्वेदी समाज के लोगों ने कंस वध

की प्रतीकात्मक लीला के बाद मध्य रात्रि से ही तीन वन की परिक्रमा शुरु कर दी। वहीं वृंदावन नगर के लोगों ने यहां की पंचकोसी परिक्रमा कर पुण्य लाभकमाया। परिक्रमा का यह क्रम देर सायं तक चलता रहा। पूरा परिक्रमा मार्ग राधे राधे के जयकारों से गुंजायमान हो रहा था। नगर निगम ने परिक्रमा मार्ग में चाक चौबंद व्यवस्था की थीं। चप्पे चप्पे पर सफाई कर्मचारी तैनात नगर निगम प्रशासन द्वारा सफाई की समुचित व्यवस्था के लिए चप्पे चप्पे पर सफाई कर्मचारी तैनात किए गए। वहीं पुलिस प्रशासन भी परिक्रमा पर पैनी नजर रखे हुए था। परिक्रमा मार्ग में जगह-जगह परिक्रमार्थियों की सुविधा के लिए कहीं हलवा पूड़ी, साग पूडी, खीर फल, चाय और फलाहार आदि का वितरण किया गया। वहीं कई जगह प्राथमिक स्वास्थ्य शिविर लगाकर निशुल्क उपचार किया गया। देवोत्थान एकादशी पूजा के लिए परिक्रमा मार्ग में जगह जगह पूजा सामग्री और गन्ना की बिक्री हो रही थी। लोग शाम के समय पूजा के लिए पूजन सामग्री की खरीदारी कर रहे थे। पंचकोसीय परिक्रमा में सुबह से ही मानव श्रृंखला बन गई। जो देर शाम नहीं टूटी थी। विदेशी भक्त भी भजन कीर्तन करते परिक्रमा में लगा रहे थे। इस्कोन मंदिर और अटल्ला चुंगी कट पर तैनात पुलिसकर्मी कमी परिक्रमार्थियों रोकते तो कभी वाहनों को। स्मणरेती बिहार घाट, सूरज घाट, श्रृंगारवट घाट, केशीघाट पर श्रद्धालुओं का मेला लगा रहा। खुले पैसे न होने से चाट पकोड़ी के ठेलों पर भीड़ कम रही। आज ज बांकेबिहारी मंदिर के दर्शन करने के लिए भी लोग बड़ी तादाद में पहुंचे।

P-03:28 paga09_jhn.qxd 11/2/2025 9:08 PM Page 1

जल यज्ञ से आरंभ हुआ यमुनोत्सव, 501 महिलाओं की कलश यात्रा से गूंज उठा वासुदेव घाट

लिशा शर्मा

उत्तम भारत, नई दिल्ली। दिल्ली में यमुना नदी के संरक्षण और शुद्धिकरण के उद्देश्य से रविवार को वासुदेव घाट पर यमुनोत्सव का शुभारंभ भव्य जल यज्ञ के साथ हुआ। इस अवसर पर राजधानी के विभिन्न हिस्सों से आई 501 महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में कलश यात्रा निकाली, जिससे पूरा वासुदेव घाट ह्लयमुना मइया की जयह्व के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम का उद्घाटन दिल्ली सरकार के मंत्री कपिल मिश्रा, विधायक एवं यमुना सेवक राजकुमार भाटिया, यमुना संसद के संयोजक रविशंकर तिवारी, यमुना पुत्र रंजीत पाठक (चतुवेर्दी) तथा नेशनल अकाली दल के अध्यक्ष परमजीत सिंह पम्मा की उपस्थिति में हुआ।

वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ जल यज्ञ

कलश यात्रा के पश्चात यमुना तट पर यमुनोत्री से लाए गए पवित्र जल से जल यज्ञ का आयोजन किया गया। यमुनोत्री और वृंदावन से आए वैदिक पंडितों ने मंगलाचरण के साथ यज्ञ की शुरूआत की। इस दौरान सृष्टि सूक्त, पृथ्वी सूक्त, जल

सूक्त, अग्नि सूक्त, औषधि सूक्त तथा शांति सूक्त का वैदिक मंत्रोच्चार किया गया। इसके साथ ही आदि शंकराचार्य रचित यमुनाष्टक और वल्लभाचार्य रचित यमुनाष्टक का सामूहिक पाठ हुआ। यज्ञ के उपरांत यमुना तट पर भव्य आरती और पुष्पांजलि संपन्न हुई। यमुनोत्री और मथुरा से आए संतों ने यमुना स्तुति एवं क्षमा प्रार्थना के मंत्रों के माध्यम से नदी माता से जनकल्याण और जल शुद्धि की प्रार्थना की।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां

कार्यक्रम के दौरान व्रजवासी मंडल द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। इन प्रस्तुतियों में यमुना जी की व्यथा और प्रदूषण के प्रति जनजागरूकता का संदेश प्रमुखता से दिखाई दिया। दोपहर में प्रसिद्ध कथावाचक अजय भाई जी ने उपस्थित श्रद्धालुओं को यमुना कथा सुनाई। उन्होंने यमुना जी की महिमा, पौराणिक महत्व तथा उनके साथ यमुनोत्री, मथुरा और दिल्ली के आध्यात्मिक संबंधों को भावपूर्ण शब्दों में प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि यमुना दिल्ली की जीवनरेखा हैं, और उनकी अविरलता तथा निर्मलता बनाए रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। कथा का समापन परम पूज्य स्वामी चिदानंद सरस्वती की गरिमामयी उपस्थिति में यमुना आरती के साथ हुआ।

आज होगा यमुना कॉन्क्लेव

यमुना संसद के संयोजक रविशंकर तिवारी ने बताया कि यमुनोत्सव के दूसरे दिन सोमवार को यमुना कॉन्क्लेव का आयोजन होगा। इसमें देश के प्रमुख जल वैज्ञानिक, पर्यावरणविद और नीति विशेषज्ञ भाग लेंगे। कॉन्क्लेव में यमुना नदी के शुद्धिकरण, जल पुनर्भरण और संरक्षण के वैज्ञानिक एवं व्यवहारिक उपायों पर चर्चा की जाएगी। यमुनोत्सव का उद्देश्य न केवल नदी की पवित्रता की पुनर्स्थापना है, बल्कि समाज में जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता और सामूहिक सहभागिता को भी प्रोत्साहित करना है।

शादी के सीजन में हल्दी रस्म में पिंक आउटफिट का जलवा

दीया शर्मा

उत्तम भारत, नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में नवंबर की शुरूआत के साथ ही शादी का सीजन जोर पकड़ चुका है। शहर के बाजारों में इन दिनों रौनक देखने लायक है। हल्दी के रस्म के लिए पारंपरिक परिधानों की खरीदारी जोरों पर है। लेकिन इस बार का ट्रेंड कुछ अलग है । हल्दी की रस्म में जहां अब तक पीले रंग को सबसे शुभ माना जाता था, वहीं इस बार पिंक रंग ने बाजार में धूम मचा दी है। करोल बाग, लाजपत नगर, चांदनी चौक और सरोजिनी नगर जैसे लोकप्रिय बाजारों में कपड़ों की दुकानों पर पिंक कलर के आउटफिट की डिमांड तेजी से बढ़ी है। दुकानदारों का कहना है कि इस बार दुल्हनें और उनके परिवार पारंपरिक पीले रंग की जगह हल्के गुलाबी, फ्यूशिया, बेबी पिंक और पेस्टल शेड्स को ज्यादा पसंद कर रहे हैं। बुटीक संचालकों ने बताया कि इस सीजन में लगभग हर दूसरी दुल्हन हल्दी के लिए पिंक लहंगा या फ्लोरल ड्रेस चुन रही है। सोशल मीडिया और सेलिब्रिटी वेडिंग्स का भी इस ट्रेंड पर बड़ा असर पड़ा है। फैशन डिजाइनरों के मुताबिक, बदलते समय के साथ शादी के हर फंक्शन का ड्रेस कोड भी नया रूप ले रहा है। पहले जहां रंगों का चयन परंपरा के अनुसार होता था, अब थीम और फोटोशूट के हिसाब से कपड़े चुने जा रहे हैं। पिंक आउटफिट कैमरे पर ब्राइट और आकर्षक दिखते हैं, इसलिए यह रंग युवाओं की पहली पसंद बन गया है।

गहनों व सजावटी सामानों की बिक्री में भी उछाल

शादी से जुड़े गहनों, सजावटी सामान, फूलों की ज्वेलरी और कॉस्मेटिक्स की बिक्री में भी उछाल देखा जा रहा है। बाजारों में भीड़ इतनी बढ़ गई है कि पार्किंग स्थान तक कम पड़ने लगे हैं। दुकानदारों को उम्मीद है कि दिवाली और छठ पर्व के बाद भी यह रौनक दिसंबर तक बनी रहेगी ।ग्राहकों का कहना है कि शादी का मौसम तो हर साल आता है, लेकिन इस बार फैशन में नए रंगों और डिजाइन का जलवा कुछ अलग ही नजर आ रहा है। परंपरा और आधुनिकता के इस संगम ने दिल्ली के बाजारों में शादियों की चमक को कई गुना बढ़ा दिया है।

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर सुविधा शिविर के रास्ते प्लेटफॉर्म पर जा सकेंगे यात्री

नई दिल्ली। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर अजमेरी गेट की तरफ बनाए गए यात्री सुविधा शिविर का इस्तेमाल पूरे वर्ष किया जा सकेगा। त्योहारों के समय यात्रियों के लिए बनाए गए टिकट काउंटर यहां स्थायी कर दिए गए हैं। यात्री टिकट लेने के बाद यहीं से सीधे प्लेटफॉर्म संख्या 1 से 16 तक जा सकते हैं। अनारक्षित टिकट के अलावा आरक्षित टिकट पर सफर करने वाले यात्रियों के लिए भी यह रास्ता उपलब्ध रहेगा। इसी तरह अनारक्षित टिकट पर सफर करने वाले यात्रियों के लिए भी दूसरे गेट उपलब्ध रहेंगे, लेकिन उन्हें इसके लिए टिकट लेकर दूर जाना होगा। वहीं यात्री सुविधा शिविर का गेट टिकट काउंटर के पास ही बना हुआ है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार प्रत्येक वर्ष नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर त्योहारों के समय अस्थायी यात्री सुविधा शिविर बनाए जाते थे। यात्रियों के लिए वहां अस्थायी टिकट काउंटर बनाए जाते थे जो त्योहारों के संपन्न होने पर हटा लिए जाते थे। लेकिन इस वर्ष नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर अजमेरी गेट की तरफ स्थायी यात्री सुविधा शिविर तैयार किया गया है। दीपावली एवं छठ पर्व के मौके पर

स्टेशन की इमारत से टिकट काउंटरों को यात्री सुविधा शिविर में स्थानांतरित किया गया था। त्योहारों की भीड़ खत्म होने के बावजूद इन टिकट काउंटरों को अब वहीं रखा गया है। इसलिए अनारक्षित टिकट पर सफर करने वाले यात्रियों को टिकट लेने के लिए यात्री सुविधा शिविर में ही जाना होगा। वहां से टिकट लेकर वह प्लेटफॉर्म संख्या 1 से 16 तक जा सकते हैं। उत्तर रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यात्री सुविधा शिविर में काफी बड़ी जगह उपलब्ध है। इसलिए टिकट काउंटरों को वहीं रखा गया है। यहां यात्री आराम से टिकट ले सकते हैं और अपनी गाड़ी का इंतजार भी कर सकते हैं। इस जगह से प्लेटफॉर्म पर जाने में भी यात्रियों को आसानी होगी। अगर अनारक्षित टिकट लेकर कोई दूसरे गेट से प्रवेश करना चाहे तो उस पर किसी प्रकार की रोक नहीं है। लेकिन इसमें यात्री को असुविधा होगी और उन्हें दूसरे गेट तक सामान लेकर चलना पड़ेगा। वहीं यात्री सुविधा शिविर में टिकट काउंटर के पास ही प्रवेश द्वार है जहां से वह सीधे प्रवेश कर सकते हैं। बिहार के लिए गाड़ियों की निगरानी रेलवे सूत्रों ने बताया कि बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर अगले कुछ दिनों में यात्रियों की संख्या बढ़ सकती है। इसे ध्यान में रखते हुए बिहार जाने वाली गाड़ियों की टिकट को लेकर नजर रखी जा रही है। उनका मानना है कि मतदान को ध्यान में रखते हुए 3, 4, 8 और 9 नवंबर को भी बिहार जाने वाले यात्रियों की भीड़ बढ़ सकती है। अभी के समय में प्रतिदिन बिहार जाने वाली अधिकांश गाड़ियों में सीट उपलब्ध नहीं है। कुछ गाड़ियों में प्रतीक्षा सूची टिकट भी नहीं मिल रही है। ऐसे में आवश्यकता पड़ने पर रेलवे द्वारा विशेष गाड़ियों की घोषणा हो सकती है। इसके साथ ही अघोषित गाड़ी भी चलाई जा सकती है।

देवउठनी एकादशी : तुलसी विवाह में भक्ति और उल्लास में डूबी महिलाएं

नई दिल्ली। आज देवउठनी एकादशी के अवसर पर राजधानी दिल्ली समेत देशभर में महिलाओं ने पूरे विधि-विधान और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ तुलसी विवाह की पूजा-अर्चना की। भगवान विष्णु और तुलसी माता के पवित्र मिलन का यह पर्व शुभता, समृद्धि और नए मंगल की शुरूआत का प्रतीक माना जाता है। रविवार होने के कारण कई लोगों ने एक दिन पहले शनिवार को ही तुलसी विवाह का आयोजन कर लिया था। शहर के मंदिरों, कॉलोनियों और घरों में सुबह से ही पूजा की तैयारियां शुरू हो गई थीं। महिलाओं ने पारंपरिक परिधान पहनकर तुलसी के पौधे को दुल्हन की तरह सजाया और भगवान शालिग्राम (विष्णु स्वरूप) से उसका विवाह करवाया। कई स्थानों पर तुलसी का कन्यादान भी किया गया और प्रतीक स्वरूप दहेज के रूप में गेहूं, चावल, मिठाई और कपड़े अर्पित किए गए। दक्षिण दिल्ली के लाजपत नगर, ओखला, वसंत कुंज लक्ष्मी नगर, उत्तम नगर और द्वारका जैसे



इलाकों में महिलाओं ने सामूहिक रूप से तुलसी विवाह का आयोजन किया। पूजा के बाद महिलाओं ने भजन, कीर्तन और पारंपरिक गीतों के माध्यम से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। महिलाओं ने ओ तुलसी मइया की जय, शालिग्राम से हो गया ब्याह जैसे गीत गाकर उत्सव को और भी जीवंत बना दिया।

मंदिरों में विशेष सजावट व दीपदान

स्थानीय मंदिरों में तुलसी विवाह के साथ विशेष सजावट और दीपदान का कार्यक्रम भी हुआ। भक्तों ने भगवान विष्णु को जागृत करने के प्रतीक के रूप में दीपक जलाए। श्रद्धालुओं का मानना है कि देवउठनी एकादशी के बाद से विवाह, गृह प्रवेश और अन्य शुभ कार्यों की शुरूआत होती है, इसलिए इसे शुभ समय की शुरूआत भी कहा जाता है। पंडितों के अनुसार, इस दिन तुलसी और भगवान विष्णु का विवाह करवाने से घर में सुख-शांति और समृद्धि का वास होता है। वहीं महिलाएं इस अवसर पर अपने परिवार की मंगलकामना और वैवाहिक जीवन की खुशहाली के लिए व्रत रखती हैं। पूरे दिन चली पूजा-अर्चना, भजन और प्रसाद वितरण के साथ श्रद्धा और आस्था का यह पर्व देर शाम दीप प्रज्वलन के साथ संपन्न हुआ।

छह एलिवेटेड कॉरिडोर घटाएंगे रिंग रोड का जाम

नई दिल्ली। दिल्ली में 55 किलोमीटर लंबे रिंग रोड को जाम मुक्त बनाने के लिए पीडब्ल्यूडी इस पर छह एलिवेटेड कॉरिडोर बनाने की तैयारी में है। इस प्रोजेक्ट के लिए अध्ययन एवं डीपीआर तैयार करने का काम एक कंपनी को सौंप दिया गया है। पीडब्ल्यूडी के अनुसार एईकॉम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को 3डी मॉडल, तकनीकी डिजाइन, लागत अनुमान और चरणबद्ध क्रियान्वयन रणनीतियों सहित एक वैज्ञानिक डीपीआर 24 सप्ताह में मंत्री को सौंपनी होगी। इसके बाद इस कार्य के लिए टेंडर जारी होगा। पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने बताया कि इस प्रोजेक्ट से दिल्ली के जाम में बड़ी राहत मिलेगी। पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के अनुसार रिंग रोड पर कई फ्लाईओवर बनाए गए हैं, लेकिन उस पर बॉटलनेक बनते हैं। इस वजह से मोती बाग, आजादपुर, डीएनडी, कश्मीरी गेट बस अड्डा, राजौरी गार्डन आदि स्थानों पर जाम की समस्या रहती है। रोजाना रिंग रोड से लगभग 25 लाख गाड़ियां गुजरती हैं जिसके चलते इस पर काफी दबाव भी रहता है। इसे ध्यान में रखते हुए तय किया गया है कि रिंग रोड के ऊपर एलिवेटेड कॉरिडोर बनाए जाएं। इससे लंबी दूरी तय करने वाले लोगों को रिंग रोड की जगह एलिविटेड कॉरिडोर से जाने का रास्ता मिलेगा। इस परियोजना के पूरा होने से रिंग रोड पर भी वाहनों का दबाव कम होगा और लोगों का समय एवं ईंधन बचेगा। पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि इस परियोजना का उद्देश्य प्रमुख चौराहों को जाम मुक्त करना है। छह चरणों में होगा कॉरिडोर का विकास 1. आजादपुर फ्लाईओवर (मंडी) हनुमान मंदिर (आईएसबीटी) - 9.5 किलोमीटर 2. हनुमान मंदिर (आईएसबीटी) डीएनडी फ्लाईओवर - 11.5 किलोमीटर 3. डीएनडी फ्लाईओवर मोती बाग मेट्रो स्टेशन - 10.5 किलोमीटर 4. मोती बाग मेट्रो स्टेशन राजौरी गार्डन - 10 किलोमीटर 5. राजौरी गार्डन आजादपुर फ्लाईओवर : 13.5 किलोमीटर 6. चंदगी राम अखाड़ा मजनूं का टीला (आउटर रिंग रोड) - 2.5 किलोमीटर ये फायदा होगा - रिंग रोड के सभी हिस्सों में यात्रा समय में उल्लेखनीय कमी आने की उम्मीद - आईएसबीटी, मोती बाग और डीएनडी जैसे भीड़भाड़ वाले चौराहों पर जाम में राहत मिलेगी - सुगम ट्रैफिक प्रवाह से वायु गुणवत्ता में सुधार होगा - औद्योगिक, वाणिज्यिक और आवासीय क्षेत्रों के बीच कनेक्टिविटी बढ़ेगी, जिससे आर्थिक गतिविधियां तेज होंगी।

परमात्मा के अहसास से सरल होगा आत्ममंथन - सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज

- मानव सौहार्द और विश्वबंधुत्व का अनूठा दृश्य - 78वां निरंकारी संत समागम

उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली/समालखा। आत्ममंथन केवल साधारण सोचने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि अपने भीतर झांकने की साधना है जो परमात्मा के अहसास से सरल हो सकती है। यह उद्गार निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने 78वें वार्षिक निरंकारी संत समागम के दूसरे दिन उपस्थित विशाल मानव परिवार को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए। इस चार दिवसीय संत समागम में देश-विदेश से लाखों की संख्या में मानव परिवार एकत्रित हुआ है और सौहार्दपूर्ण व्यवहार से मानवता एवं विश्वबंधुत्व का दृश्य साकार कर रहा है। सतगुरु माता जी ने आत्ममंथन के वास्तविक भाव को समझाते हुए फरमाया कि कई बार हम भावनाओं के अधीन होकर किसी आसान कार्य को भी जटिल बना देते हैं जबकि प्रभु का सिमरण रूप में अहसास आते ही मन में अकर्ता भाव प्रकट होता है जिससे मन शांत होकर हर कार्य सहजता से पूर्णता की ओर बढ़ता है।

सतगुरु माता जी ने आगे कहा कि दिन भर में कई बातें हमारे सामने आती हैं जिन्हें हम देखते हैं, सुनते हैं, सोचते हैं और कई बार किसी के मधुर वचन हमें मोह लेते हैं, कई कटू वचन मन को ठेस पहुंचाते हैं। पर कौनसी बात ग्रहण करनी है और

कौन सी बात मन से निकाल देनी है इसका चुनाव व निर्णय हमे स्वयं ही करना होता है। ब्रह्मज्ञानी महात्मा अपने विवेक से सकारात्मक चुनाव करके जीवन में शांति और सुकून प्राप्त करते हैं।

सतगुरु माता जी ने उदाहरण द्वारा समझाया कि जिस तरह किसी हिल स्टेशन के कुछ पॉइंट्स पर हमारी आवाज टकराकर उन पहाड़ों पर अथवा वहां की अन्य वस्तुओं पर कोई भी प्रभाव न डालते हुए प्रतिध्वनि के रुप में लौटक र वापस आ जाती है, उसी प्रकार हम दूसरों से जैसा व्यवहार करते हैं उसकी प्रतिक्रिया लौटक र हमारे पास ही आ जाती है। हमारे व्यवहार से उस व्यक्ति के उपर कोई प्रभाव हुआ अथवा नहीं यह अलग बात है, पर परिणाम स्वरूप हमें उसकी प्रतिक्रिया का सामना अवश्य करना पड़ता है। इसलिए हमारा व्यवहार इस तरह का हो जिसकी प्रतिक्रिया हमारे लिए सुखदायी हो।

सतगुरु माता जी ने अंत में कहा कि आत्ममंथन वास्तव में स्वयं के सुधार का मार्ग है। जब मन निरंकार से जुड़ता है, तो भीतर की शांति और बाहर का व्यवहार दोनों दिव्यता से भर जाते हैं। इसके पूर्व आदरणीय निरंकारी राजपिता रमित जी ने समागम में अपने भाव व्यक्त करते हुए कहा कि धार्मिक क्षेत्र में परमात्मा के बारे में अलग-अलग दृष्टिकोण देखने-सुनने को मिलते हैं। वास्तव में परमात्मा एक ऐसा सत्य है जो पहले भी सत्य था, आज भी सत्य है और आगे भी सत्य ही रहेगा। यह एक सार्वभौमिक सत्य है, इसके बारे में अलग अलग दृष्टिकोण का प्रश्न उत्पन्न नहीं हो सकता।

आठ अवैध हथियारों के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, अपराधियों को जानी थी आपूर्ति

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने हथियार तस्करी करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ कर सनी साईं गिरोह के दो गुर्गे गुरमीत सिंह व सुमित को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से आठ अवैध हथियार, कारतूस व तस्करी में इस्तेमाल कार जब्त की गई है। बरामद हथियार व कारतूस की आपूर्ति दिल्ली-एनसीआर के बदमाशों को की जानी थी। सुमित पहले दिल्ली में नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक के रूप में कार्यरत था। अनुबंध समाप्त होने के बाद, उसने अपराध करना शुरू कर दिया। डीसीपी हर्ष इंदौरा के मुताबिक गुरमीत सिंह, सरूरपुर कलां, बागपत, उत्तर प्रदेश और रिसीवर सुमित गिरधरपुर, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। इनकी गिरफ्तारी आसपास के राज्यों में सक्रिय संगठित आपराधिक गिरोहों के खिलाफ चल रही कार्रवाई में बड़ी उपलब्धि है। 26 अक्टूबर को पुलिस को गुरमीत की सरूरपुर गांव, बागपत में उसकी मौजूदगी के बारे में जानकारी मिली। जिसके बाद एसीपी भगवती प्रसाद व इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार और मंजीत सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गुरमीत को बागपत के एक कृषि क्षेत्र के ट्यूबवेल में स्थित उसके ठिकाने से गिरफ्तार कर लिया। वहां पर वह फायरिंग का परीक्षण करता था। पूछताछ से पता चला कि गुरमीत न केवल एनसीआर के गैंग्स्टरों के लिए बल्कि राजस्थान में सक्रिय कई अन्य लुटेरों के लिए भी अवैध हथियारों का स्रोत है। पूरे गिरोह का भंडाफोड़ करने के लिए गुरमीत को पांच दिन की पुलिस हिरासत हासिल की गई और उसकी पहचान के आधार पर रिसीवर सुमित को राधा स्वामी सत्संग के सामने, द्वारका से एक सियाज कार में गिरफ्तार कर लिया गया। सुमित के कब्जे से एक अत्याधुनिक पिस्टल और दो कारतूस बरामद किए गए। कार साउथ कैंपस थानाक्षेत्र से चोरी की पाई गई। पूछताछ में सुमित ने बताया कि वह मुरलीपुर, जयपुर पश्चिम, राजस्थान के सनसनीखेज लूट के मामले में गिरफ्तारी से बच रहा था। राजस्थान पुलिस की ओर से उसकी गिरफ्तारी पर 10 हजार रुपये का इनाम है। इस वाहन का इस्तेमाल दोनों आपराधिक वारदात करने के लिए करते थे। उसने हथियार गुरमीत से प्राप्त किया था। गुरमीत सिंह, स्नातक कर रखा है। उसपर हत्या, हत्या के प्रयास और अवैध हथियारों के व्यापार सहित सात आपराधिक मामले दर्ज हैं। पहली बार 2018 में उसे आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार किया गया था। 2019 में, पीवीआर विकासपुरी में एक विवाद के बाद उस पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया और उसे गिरफ्तार कर तिहाड़ जेल भेज दिया गया। रिहा होने के बाद वह गैंग्स्टर सनी साईं के संपर्क में आया और उसके गिरोह में शामिल हो गया। तब से वह सनी साईं, सलमान त्यागी और सद्दाम गौरी गिरोहों के गैंग्स्टरों को अवैध हथियार व कारतूस आपूर्ति करना शुरू कर दिया। वह खेतों में बने ट्यूबवेल के कमरों में रहता था जहां वह छापेमारी दल की पहचान करने और उसकी उपस्थिति से बचने के लिए निगरानी रख सकता था।

सनी साई गैंग का मुख्य सप्लायर गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने अंतरराज्यीय अवैध हथियार सप्लाई नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस संबंध में सनी साई गैंग को हथियार सप्लाई करने वाले मुख्य आरोपित गुरमीत सिंह (32) को गिरफ्तार किया है। आरोपित बागपत (उप्र) का रहने वाला है। उसके साथ हथियार खरीदने वाले आरोपित सुमित (27) को भी दबोचा है। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त हर्ष इंदोरा ने बताया कि इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार और इंस्पेक्टर मंजीत सिंह की टीम ने गुप्त सूचना पर बागपत में छापा मारकर गुरमीत को खेत में बने ट्यूबवेल से गिरफ्तार किया। वहीं, उसकी निशानदेही पर सुमित को द्वारका के डाबडी-गुरुग्राम रोड से पकड़ा। उसके पास से एक पिस्टल, दो जिंदा कारतूस और चोरी की कार बरामद हुई। यह कार साउथ कैंपस थाना इलाके से चोरी की गई थी। वहीं जांच में सामने आया कि गुरमीत बीबीए ग्रेजुएट है और पहले भी हत्या, हत्या की कोशिश और आर्म्स एक्ट जैसे कई मामलों में जेल जा चुका है। पुलिस उपायुक्त के अनुसार वर्ष 2019 में विकासपुरी स्थित पीवीआर में झगड़े के बाद उसे गिरफ्तार किया गया था।

समाचार

आईपी यूनिवर्सिटी के प्रो. गुलशन धमीजा बने केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद के सदस्य

नई दिल्ली। आईपी यूनिवर्सिटी के यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ बेसिक एंड एप्लाइड साइंसेज के प्रो. गुलशन धमीजा को आयुष मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली संस्था केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद का सदस्य बनाया गया है। परिषद की अधिसूचना के अनुसार प्रो. धमीजा केमिस्ट्री के सब्जेक्ट एक्सपर्ट के रूप में इस परिषद के सदस्य रहेंगे और इस सब्जेक्ट से संबद्ध परिषद की कार्य योजनाओं पर अपनी एक्सपर्ट राय देंगे। प्रो. धमीजा आईपी यूनिवर्सिटी में केमिस्ट्री के प्रोफेसर के साथ-साथ परीक्षा नियंत्रक का कार्य भी संभाले हुए हैं। देश -विदेश की कई संस्थाओं के सदस्य हैं। शिक्षण और शोध के छेत्र में कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सम्मान एवं पुरस्कारों से नवाजे जा चुके हैं।दिल्ली सरकार से बेस्ट टीचर का अवार्ड भी पा चुके हैं। यूनिवर्सिटी के कुलपति पद्मश्री प्रो.(डॉ.) महेश वर्मा ने उनकी इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

राजधानी को सिग्नल-फ्री बनाने की दिशा में सरकार ने उठाया बड़ा कदम : प्रवेश साहिब सिंह

नई दिल्ली। दिल्ली के लोक निर्माण विभाग के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि राजधानी के ट्रैफिक को सुचारू और सिग्नल-फ्री बनाने की दिशा में हमारी सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स अकाउंट पर पोस्ट करते हुए कहा कि पीडब्ल्यूडी विभाग अब मुनक नहर एलिवेटेड रोड को इंदरलोक से आईएसबीटी कश्मीरी गेट तक बढ़ाने की योजना पर काम कर रहा है। मंत्री ने कहा कि इस विस्तार के तहत लगभग 4 किलोमीटर लंबी सुरंग बनाई जाएगी, जो सीधे इंदरलोक को कश्मीरी गेट से जोड़ेगी। इससे दिल्ली-हरियाणा बॉर्डर से सेंट्रल दिल्ली तक आने-जाने वालों को बड़ी राहत मिलेगी। मुकर्बा चौक, आजादपुर और रोशनारा रोड जैसे जाम वाले इलाकों में ट्रैफिक का दबाव घटेगा और यात्रा समय में लगभग 40 फीसद तक कमी आएगी।

रोडरेज की शिकायत करने पहुंचा थाने, चोरी में गिरफ्तार

नई दिल्ली। कापसहेड़ा इलाके में एक चोर की गिरफ्तारी का अजब-गजब मामला सामने आया है। 29 अक्तूबर को कापसहेड़ा इलाके में पुलिस को रोडरेज में कार चालक द्वारा स्कूटी सवार एक युवक की पिटाई करने की सूचना मिली थी। पुलिस कार्रवाई के लिए स्कूटी सवार को थाने ले आई। यहां चोरी की शिकायत करने पहुंचे लोगों ने रोडरेज के पीड़ित के पास अपना सामान देख तुरंत पहचान लिया। जिसके बाद पुलिस ने चोरी की शिकायत दर्ज कर स्कूटी चालक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि लाल चंद तीन साथियों के साथ समालखा इलाके में किराए के मकान में रहते हैं। चारों हरियाणा के पलवल के रहने वाले हैं और पेंटिंग का काम करते हैं। पुलिस को दी शिकायत में लाल चंद ने बताया कि 29 अक्तूबर की रात चारों साथी देर से घर आए थे और करीब 12 बजे सोने चले गए। रात करीब 3 बजे उनके साथी तेज राम की नींद खुली, तो उसने पाया कि घर से उसका मोबाइल, लाल चंद का बैग चोरी हो गया है। पीड़ितों ने पुलिस को फोन किया, तो उन्हें सुबह थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराने को कहा गया। उधर, इसी रात कापसहेड़ा थाना पुलिस को बिजवासन इलाके से रोडरेज की सूचना मिली। फोन करने वाले स्कूटी सवार ने बताया कि कार में टक्कर लगने पर उसके चालक ने मारपीट कर दी है। पुलिस मौके पर पहुंची तो पता चला कि कार सवार भाग चुका है। पुलिस पीड़ित युवक का इलाज कराने के बाद थाने लेकर पहुंची। जहां उसका राज खुल गया। पीड़ितों ने पहचाना सामान चोरी के मामले में पीड़ित चारों साथी थाने में शिकायत दर्ज कराने पहुंचे हुए थे। इसी दौरान पीड़ितों ने स्कूटी सवार के पास अपना बैग और मोबाइल देखा, तो तुरंत पहचान लिया। उन्होंने सामान के बारे में पुलिस को जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस ने स्कूटी सवार के खिलाफ चोरी की एफआईआर दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

दिल्ली बार एसोसिएशनों में रोष, कार्रवाई की मांग

-बार एसोसिएशन शाहदरा के सदस्यों से पुलिस के कथित दुर्व्यवहार और अत्याचार की निंदा

नई दिल्ली। सेंट्रल दिल्ली कोर्ट बार एसोसिएशन ने शाहदरा बार एसोसिएशन के सदस्यों के साथ पुलिस अधिकारियों द्वारा कथित दुर्व्यवहार और अत्याचार की कड़ी निंदा की है। एसोसिएशन ने एक बयान जारी कर शाहदरा बार के कार्यकारिणी और सदस्यों के साथ पूर्ण एकजुटता व्यक्त की है। एसोसिएशन के सचिव विजय बिश्नोई ने कहा कि वह शाहदरा बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी और सदस्यों के साथ एकजुटता से खड़े हैं। मांग करते हैं कि जिम्मेदार अधिकारी दोषी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ तत्काल और उचित कार्रवाई करें। वह अधिवक्ताओं की गरिमा और सम्मान बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं और उनके प्रति किसी भी प्रकार का अनादर या दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं करेंगे। यह बयान शाहदरा बार एसोसिएशन के सदस्यों पर पुलिस द्वारा कथित मारपीट और दुर्व्यवहार की घटनाओं के बाद सामने आया है। हालांकि, घटना के विवरण अभी स्पष्ट नहीं हो सके हैं, लेकिन बार एसोसिएशनों में इस मुद्दे को लेकर व्यापक आक्रोश है। सेंट्रल दिल्ली कोर्ट बार एसोसिएशन ने यह भी चेतावनी दी है कि वकीलों के सम्मान पर किसी भी तरह का आघात बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मामले में दिल्ली पुलिस से अभी कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

मामूली झगड़े में युवक को मारी गोली, आरोपित गिरफ्तार

नई दिल्ली। दक्षिण पूर्वी जिले के गोविंदपुरी इलाके में शनिवार देर रात मामूली झगड़ा खूनखराबे में बदल गया। झगड़े के दौरान बदमाश अब्दुल कादिर उर्फ लल्ला ने राजकुमार नामक युवक पर ताबड़तोड़ तीन गोलियां चला दीं। गोलियां लगने से राजकुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि पास खड़े अमन जोशी के हाथ में भी गोली लगी। पुलिस ने आरोपित को कुछ ही घंटों में दबोच लिया है। जानकारी के मुताबिक, घटना रात करीब एक बजे संत निरंकारी स्कूल, नेहरू कैंप, फतेह सिंह रोड के पास की है। राजकुमार अपने साथियों के साथ जगरन चौकी के पीछे मौजूद था। तभी आरोपित अब्दुल कादिर वहां पहुंचा। दोनों में कहासुनी हुई और गुस्से में कादिर ने पिस्तौल निकालकर फायरिंग शुरू कर दी। तीन गोलियां चलीं—एक राजकुमार के पैर में, दूसरी पेट में और तीसरी हाथ में लगी। अमन जोशी को भी हाथ में गोली छूकर निकल गई। घायल दोनों को पहले मजीदिया अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें एम्स ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और महज दो घंटे में आरोपित को धर दबोचा। उसके कब्जे से खून से सने कपड़े और एक खाली कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपित अब्दुल कादिर उर्फ लल्ला (40) ट्रांजिट कैंप, गोविंदपुरी का रहने वाला है और वहां मीट की दुकान चलाता है। वह थाना गोविंदपुरी का घोषित बदमाश है। उस पर पहले से हत्या समेत सात आपराधिक मामले दर्ज हैं। वह हाल ही में हत्या के एक मामले में दो माह पहले ही जमानत पर छूटा था।

P-04:28 paga09_jhn.qxd 11/2/2025 8:25 PM Page 1

संक्षिप्त समाचार

क्षेत्र में विकास करवाने के लिए सीएम की गाड़ी के आगे भी लेट सकता हूँ: विधायक

सिरसा। सिरसा के विधायक गोकुल सेतिया ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के कामों के लिए अगर सीएम की गाड़ी के आगे लेटना पड़े तो मैं लेट जाऊंगा। विधानसभा में संघर्ष करना पड़े तो वहां भी संघर्ष करूंगा। विधायक ने साफ कहा कि हर मांग के लिए अब वे प्रभावी और सार्वजनिक तरीके से जवाब मांगेंगे। विधायक सेतिया गुरुवार को सिरसा में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उनके लिखित शिकायतों और मांगों पर एक साल से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। मैंने जो काम लिखित रूप में दिए थे, उन पर एक साल से कोई भी कार्रवाई नहीं हुई। अब संघर्ष का बिगुल बजाएंगे और आने वाले चार साल तक सबके चूल्हे हिला दूंगा। उन्होंने खुलासा किया कि शासन-प्रशासन ने उनकी शिकायतों को अनसुना कर दिया है और इसलिए अब उन्हें मजबूरन सडक़ों पर उतरना पड़ रहा है। गोकुल सेतिया ने कहा कि नौ महीने बाद सिरसा में आयोजित होने वाली कष्ट निवारण समिति की बैठक में वे अपनी तमाम शिकायतें उठाने वाले थे, लेकिन अपने आपको गब्बर कहने वाले मंत्री ने बैठक ही स्थगित कर दी जिससे वे बेहद आक्रोशित हैं। उन्होंने बैठक स्थगन का आरोप सीधे मंत्री और प्रशासन पर लगाया और कहा कि यह जनता के साथ छल जैसा व्यवहार है।विधायक ने कहा कि चार नवंबर को होने वाली दिशा की बैठक में वे अधिकारियों को घेरने एवं जवाब मांगने का काम प्रभावी ढंग से करेंगे। उन्होंने कहा कि उस दिन वे उन सभी मुद्दों की फाइलें और लिखित शिकायतें सार्वजनिक तरीके से प्रस्तुत करेंगे और कार्रवाई का हिसाब मांगेंगे। गोकुल सेतिया ने दावा किया कि जनता के बेसिक कामों के न होने से क्षेत्र की स्थिति बिगड़ रही है और जनता उनसे जवाब मांगेगी। उन्होंने शासन-प्रशासन से तत्काल कार्रवाई और जवाबदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग दोहराई। उन्होंने कहा कि यदि वे सरकार के अच्छे कामों का समर्थन करते हैं तो जायज कामों के लिए सडक़ों पर उतरना भी जानते हैं।

दिल्ली से लापता नाबालिग लड़की पानीपत में मिली

पानीपत। दिल्ली के भजनपुरा क्षेत्र से डेढ़ साल पहले लापता हुई एक नाबालिग लड़की पानीपत में मिली है। बच्ची को जब पुलिस ने अकेले घूमते हुए देखा, जिसके बाद पुलिस ने उसे अपने संरक्षण में लेकर बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया। बुधवार को थाना चांदनीबाग प्रभारी गौरव और उनकी टीम गश्त पर थी। तभी उन्हें एक नाबालिग लड़की अकेली घूमती नजर आई। पूछताछ करने पर बच्ची ने बताया कि वह दिल्ली के भजनपुरा में रहती है। इसके बाद पुलिस ने तुरंत बाल कल्याण समिति से संपर्क कर बच्ची के बारे में बताया। बाल कल्याण समिति ने दिल्ली फोन करके पूरी जानकारी दी। इसके बाद वहां से बच्ची के परिजन सभी दस्तावेज के साथ पानीपत पहुंचे।बाल कल्याण समिति पानीपत के अध्यक्ष केदार दत्त कौशिक ने बताया कि बच्ची लगभग डेढ़ साल पहले अपने घर से निकल गई थी और तब से लापता थी। दिल्ली पुलिस ने उस समय उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की थी। पानीपत पुलिस की सतर्कता से अब वह सुरक्षित मिल गई है। कौशिक ने बताया कि समिति ने बच्ची से पूछताछ करने के बाद परिजनों का पता लगाया और उन्हें तुरंत पानीपत बुलाया गया। उन्होंने बताया कि आवश्यक कानूनी प्रक्रिया को पूरा करने के बाद समिति ने बच्ची को परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

कॉलेज विद्यार्थियों को बताए बैंकिंग कामकाज में साइबर अपराध से बचाव के तरीके

झज्जर। देशभर में मनाए जाने वाले सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत राजकीय महाविद्यालय छारा में वाणिज्य विभाग द्वारा यूको बैंक की छारा शाखा के सहयोग से सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बैंक अधिकारियों ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को बैंकिंग कार्य में साइबर अपराध से बचने के लिए बहुत उपयोगी जानकारी दी। राजकीय महाविद्यालय चार में सेमिनार का आयोजन करने का उद्देश्य बैंकिंग कामकाज में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए जरूरी टिप्स साझा करना था। कार्यक्रम में भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरूकता बढ़ाने और उत्तरदायित्व को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया। जनता को, विशेष रूप से छात्रों को नैतिक आचरण के महत्व के बारे में प्रोत्साहित किया गया। यूको बैंक मैनेजर सचिन दहिया और मुदित ने दिलचस्प बातें की जो बहुत उपयोगी रही। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षक व शिक्षक कर्मचारियों के सदस्यों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। बढ़ते साइबर अपराधों और बैंकिंग कार्यों के बारे में अपनी शंकाओं को दूर किया। बैंक अधिकारियों ने कहा कि आजकल इंटरनेट और टेक्नोलॉजी के बढ़ते इस्तेमाल के बीच साइबर क्राइम का खतरा भी बढ़ रहा है। इसलिए साइबर क्राइम से बचने के तरीकों की जानकारी होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि साइबर क्राइम से बचाव के लिए मज़बूत पासवर्ड और अपडेटेड सॉफ़्टवेयर, अधिकारियों को तुरंत रिपोर्ट करना और संगठन की रणनीति जैसे जागरूकता और कानून लागू करने वाले प्रशिक्षण जैसे तरीकों को मिलाकर निपटा जाना चाहिए। रिपोर्ट करने के लिए पीड़ित नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल जैसे नेशनल पोर्टल का इस्तेमाल कर सकते हैं या लोकल पुलिस और बैंकों जैसे संबंधित संगठनों से संपर्क कर सकते हैं।कॉलेज की एंटी ड्रग्स कमिटी ने विद्यार्थियों में नशीले पदार्थों के स्वास्थ्य और समाज पर बुरे असर के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन भी किया गया। नाटक में मुख्य भूमिका मन्नत और विद्या ने निभाई।

रन फॉर यूनिटी को राई की विधायक कृष्णा गहलावत हरी झंडी दिखाकर करेंगी रवाना : नरेंद्र कुमार

रोहतक। अतिरिक्त उपायुक्त एवं जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेंद्र कुमार ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे 31 अक्तूबर को देश के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में स्टाफ सहित उपस्थिति सुनिश्चित करें। इसी तरह एक नवंबर को हरियाणा दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। अधिकारी इन कार्यक्रमों में विभाग से संबंधित तैयारियों को शीघ्र पूर्ण करें। वे स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में राष्ट्रीय एकता दिवस तथा हरियाणा दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 31 अक्तूबर को सुबह 7 बजे स्थानीय सुभाष चौक पर रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें राई की विधायक कृष्णा गहलावत बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगी। इस समारोह में पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल होंगे।उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय समारोह के अलावा सांपला, महम एवं कलानौर में भी राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। सांपला में आयोजित होने वाले समारोह में जिला परिषद की चेयरपर्सन मंजू हुड्डा, महम में भाजपा के नेता दीपक निवास हुड्डा तथा कलानौर में आयोजित होने वाले रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में भाजपा की प्रदेश सचिव रेनू डाबला मुख्यातिथि होंगी।एडीसी नरेंद्र कुमार ने कहा कि सभी विभागाध्यक्ष स्टाफ सदस्यों के साथ इस कार्यक्रम में उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे।

उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग, पुलिस, खेल विभाग व अन्य संबंधित विभाग रन फॉर यूनिटी दौड़ में ज्यादा से ज्यादा प्रतिभागियों को समय पर लेकर पहुंचेंगे। इस अवसर पर सुभाष चौक से मुख्यातिथि द्वारा रन फॉर यूनिटी को झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा, जो मेडिकल मोड तक शहरवासियों को राष्ट्रीय एकता दिवस का संदेश देगी। हरियाणा दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम होगा आयोजितअतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार हरियाणा दिवस एक नवम्बर को प्रात: 11 बजे जिला स्तर पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

करनाल की कृष्ण गौशाला में आयोजित गोपाष्टमी कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे मुख्यमंत्री

अपने ऐच्छिक कोष से गौशाला को 21 लाख रुपये देने की घोषणा की

गुरुग्राम।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि गायों की सुरक्षा के लिए गौ भक्तों को जन जागरण चलाना होगा। गौ सेवा सबका नैतिक दायित्व है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे गायों को सड़कों पर न छोड़ें और गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयासों में सहभागी बनें। गोबर व गौमूत्र से बने उत्पादों का उपयोग करें। उन्होंने श्री कृष्ण गौशाला, करनाल को अपने ऐच्छिक कोष से 21 लाख रुपये देने की घोषणा भी की।

मुख्यमंत्री गुरुवार को श्री कृष्ण गौशाला में आयोजित गोपाष्टमी महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इससे पहले उन्होंने गौशाला में गायों की पूजा की, गायों को चारा खिलाया और यहां बने चिकित्सालय का दौरा कर गौवंश के लिए उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने गोपाष्टमी की बधाई देते हुए कहा कि यह भारतीय सनातन जीवन का पवित्र दिन है जो हमें संस्कृति, भाईचारे और प्रेम भाव से जोड़ता है। यह केवल पर्व नहीं बल्कि करूणा, सेवा और कर्तव्य बोध का प्रतीक है।

गौमाता का सामाजिक और आध्यात्मिक महत्व

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गौ माता का जहां सामाजिक और आध्यात्मिक महत्व है वहीं इसका संबंध गोधन से भी रहा है। प्राचीन समय में जिसके पास जितनी अधिक गायें होती थीं उसे उतना ही अधिक समृद्ध माना जाता था। पौराणिक कथाओं के अनुसार देवी-देवताओं और असुरों के बीच हुए समुद्र मंथन से निकले 14 रत्नों में एक कामधेनु गाय थी। एक कथा अनुसार भगवान श्रीकृष्ण ने गौ-गोपियों के लिए जब गोवर्धन पर्वत धारण किया तब आठवें दिन इंद्र देवता भगवान श्रीकृष्ण की शरण में आए। उन्होंने कामधेनु श्रीकृष्ण का अभिषेक किया और उनका नाम गोविंद रखा। तभी से अष्टमी को गोपाष्टमी के रूप में मनाया जाता है।

गाय का दूध फायदेमंद

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गाय को आध्यात्मिक और दिव्य गुणों का स्वामी भी कहा जाता है। गाय को माता का दर्जा दिया गया है। उसका दूध अमृत के समान माना जाता है। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिकों द्वारा किए गए शोध से यह साबित हुआ है देसी गाय का दूध कई रोगों में काफी फायदेमंद है। यह मां के दूध के समान गुणकारी माना जाता है।

संवर्धन व संरक्षण के लिए उठाए कई कदम

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार ने गौशालाओं के विकास, गौवंश के संरक्षण और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। 11 साल पहले गौ सेवा आयोग को मात्र 2 करोड़ की ग्रांट दी जाती थी, लेकिन भाजपा सरकार ने सत्ता में आने के बाद इसमें लगातार वृद्धि की। गायों के संरक्षण व उनके संवर्धन के लिए सरकार ने बजट 600 करोड़ कर दिया है। उन्होंने ने बताया कि प्रदेश में 2014 में 215 पंजीकृत गौशालाओं में 1.75 लाख गौवंश था लेकिन आज 686 गौशालाओं में 4 लाख से अधिक गौवंश है। गौशालाओं के लिए 800 ई-रिक्शा खरीदने की प्रक्रिया जारी है। गौशालाओं को 2 रुपये प्रति यूनिट बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। गौशालाओं के लिए जमीन की रजिस्ट्री करवाने की स्टांप ड्यूटी खत्म कर दी गई है।

गौशालाओं में शेड निर्माण जारी

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बताया कि गायों की जांच के लिए जिन गौशालाओं में 3 हजार से अधिक गौवंश हैं वहां सप्ताह में एक दिन पशु चिकित्सक और इससे कम संख्या वाली गौशालाओं में वीएलडीए की ड्यूटी लगाई गई है। इतना ही नहीं मोबाइल पशु चिकित्सालय की सेवाएं भी गौशालाओं के लिए उपलब्ध कराई गई है।

बेसहारा गौवंश के लिए प्रदेश में दो गौ अभयारण्य बनाए गए हैं। गौशालाओं में शेड बनाने के लिए प्रति गौशाला 10 लाख का अनुदान देने का निर्णय पहले ही लिया जा चुका है। 51 गौशालाओं में शेड बनाए जा चुके हैं, बाकी में काम जारी है।

चारे के लिए अनुदान

उन्होंने बताया कि 605 गौशालाओं के लिए 88 करोड़ 50 लाख रुपये चारे के लिए अनुदान के रूप में दिए गए हैं। पंजीकृत गौशालाओं को 11 सालों में 388 करोड़ 60 लाख का अनुदान चारे के लिए दिया गया है। देसी नस्ल की गायों के संवर्धन व संरक्षण के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय गोकुल मिशन लागू किया है। उन्होंने कहा कि सरकार गायों की नस्ल सुधारने और गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रयास कर रही है।

गाय के गोबर और गोमूत्र से प्राकृतिक फिनाइल, जैविक खाद, गोबर के बर्तन, दीया, साबुन, उपले गमला, धूप, गौ अर्क जैसे उत्पाद बनाए जा रहे हैं। पंचगव्य उत्पादन के लिए गौशालाओं को मांग अनुसार जरूरी मशीनरी की खरीद के लिए मदद दी जा रही है। प्रदेश की 101 गौशालाओं को 6 करोड़ 50 लाख रुपये की अनुदान राशि पहुंचाई गई है।

उन्होंने कहा कि गौ माता की सुरक्षा के लिए सख्त कानून बनाया गया है। गौ हत्या करने वाले को दस वर्ष और गौ तस्करी करने वाले को सात साल के कारावास का प्रावधान किया गया है। श्री सैनी ने कहा कि गायों की सुरक्षा के लिए गौ भक्तों को जन जागरण चलाना होगा।

गोपाष्टमी के महत्त्व पर डाला प्रकाश

इससे पहले गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने गोपाष्टमी के महत्व पर प्रकार डाला। उन्होंने कहा कि गौ माता सामान्य प्राणी नहीं बल्कि सनातन परंपराओं का प्राण है। प्राण सुरक्षित रहेंगे तो निश्चित रूप से जीवन सुरक्षित रहेगा। उन्होंने कहा कि हम सभी को गौ पालन करना चाहिए। गौ सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं है

पटेल की जयंती पर रन फोर यूनिटी का हुआ शानदार आयोजन: मूलचंद शर्मा

फरीदाबाद, (एजेंसी)।

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में शुक्रवार, 31 अक्टूबर को फरीदाबाद में 'हरियाणा उदय' अभियान के अंतर्गत बडखल, एनआईटी फरीदाबाद, बल्लभगढ़ और पृथला विधान सभा क्षेत्र में सुबह सात से आठ बजे तक रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। देश की एकता और अखंडता को समर्पित इस दौड़ में समाज के सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। यह जानकारी देते हुए पूर्व मंत्री और बल्लभगढ़ विधायक मूलचंद शर्मा ने गुरुवार को सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय के सभागार कक्ष में आयोजित प्रेसवार्ता की अध्यक्षता की। उनके साथ भाजपा फरीदाबाद जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल और बल्लभगढ़ से भाजपा अध्यक्ष सोहन पाल छोकर भी मौजूद रहे। बल्लभगढ़ विधायक मूलचंद शर्मा ने बताया कि यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनभागीदारी से राष्ट्र निर्माण के विजन से प्रेरित है, जिसमें युवा से लेकर वरिष्ठ नागरिक तक सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। विशेष रूप से 'अमृत पीढ़ी' यानी आज के युवाओं की राष्ट्र निर्माण में भूमिका को रेखांकित किया जा रहा है। यह राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम युवाओं में एकता, देशभक्ति और कर्तव्य भावना का संदेश फैलाने का माध्यम बनेगा। जिस तरह सरदार पटेल ने बिखरे हुए भारत को 'एक भारत' बनाया, उसी भावना को यह पदयात्रा आगे बढ़ाएगी, और युवाओं को एक भारत, श्रेष्ठ भारत तथा आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को अपनाने के लिए प्रेरित करेगी।

बल्लभगढ़ विधायक मूलचंद शर्मा ने कहा कि इस अभियान का डिजिटल शुभारंभ केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया द्वारा माय भारत पोर्टल पर किया गया। डिजिटल चरण के अंतर्गत सोशल मीडिया रील प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिता और अन्य गतिविधियां शामिल हैं। इस कार्यक्रम के तहत चुने गए 150 युवा नेताओं को राष्ट्रीय पदयात्रा में भाग लेने का अवसर मिलेगा। विधायक मूलचंद शर्मा ने कहा कि 31 अक्टूबर से 25 नवंबर 2025 तक चलेगा, जिसके अंतर्गत देशभर के जिलों में 8 से 10 किलोमीटर लंबी पदयात्राएं आयोजित की जाएंगी। इनसे पूर्व स्थानीय विद्यालयों और महाविद्यालयों में निबंध, वाद-विवाद, नुक्कड़ नाटक, संगोष्ठी, स्वदेशी मेला तथा अन्य जनजागरूकता गतिविधियाँ आयोजित होंगी। साथ ही स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान शिविर और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 26 नवंबर से 6 दिसंबर 2025 तक चलेगा, जिसमें 152 किलोमीटर की राष्ट्रीय पदयात्रा सरदार पटेल जी के जन्म स्थान करमसद से लेकर स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, केवडिया तक निकाली जाएगी।

यात्रा मार्ग में 150 पड़ावों पर सरदार पटेल जी के जीवन पर प्रदर्शनी, सांस्कृतिक उत्सव और 'सरदार गाथा' जैसे विशेष कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस अवसर पर मीडिया समन्वयक मुकेश वशिष्ट, सीईओ जिला परिषद शिखा, सीटीएम अंकित कुमार, जिला युवा अधिकारी प्रियंका मलिक, डीआईपीआरओ मूर्ति दलाल सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

पलवल में 24 वर्षीय युवक की मौत: हाईवे पार करते समय ट्रक की टक्कर, चालक वाहन सहित फरार

पलवल। राष्ट्रीय राजमार्ग -19 पर तुमसरा गांव के पास देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में 24 वर्षीय युवक की जान चली गई। तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क पार कर रहे युवक को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपित ट्रक चालक वाहन सहित फरार हो गया। घटना पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पुलिस के अनुसार, घटना बुधवार रात करीब साढ़े 11 बजे की है। तुमसरा गांव निवासी निखिल रात के समय नेशनल हाईवे-19 को पैदल पार कर रहा था। उसी दौरान एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि निखिल उछलकर दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने तुरंत घायल निखिल को पलवल के जिला नागरिक अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही मृतक के पिता देवेंद्र अस्पताल पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी।मुंडकटी थाना पुलिस ने देवेंद्र की शिकायत पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने और गैर इरादतन हत्या की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है और फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हाईवे पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

जल्द ही आरोपित चालक को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी

फरीदाबाद। साइबर अपराध थाना पुलिस ने इंस्टाग्राम पेज पर विज्ञापन देखकर साइबर ठगी करने के आरोप में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि साइबर अपराध थाना एनआईटी की टीम ने मोहम्मद अंश निवासी बजरंग विहार जयपुर,प्रीतम सिंह निवासी राजेन्द्र सुंदर नगर, जयपुर और प्रशांत द्विवेदी निवासी गांव रिवाली, सवाई माधोपुर, राजस्थान को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि मोहम्मद अंश ने इंस्टाग्राम पेज बनाकर उस पर विज्ञापन डालताथा। जब कोई उसने पेज पर विजिट करता तो यह उनसे बात करता और कपड़ों का ऑर्डर लेता था और प्रंशात ग्राहक सेवा अधिकारी बनकर बात करता था।

नेत्रदान पखवाड़ा के अंतर्गत कराई निबंध प्रतियोगिता

रोहतक। जूनियर वर्ग में प्रथम महक, द्वितीय तनिष्का, तृतीय हर्षिता एवं वरिष्ठ वर्ग में प्रथम कुसुम ,द्वितीय हर्षिता एवं तृतीय सोनिया रही। सभी विजेता विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट, भारत को जानो की पुस्तक एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रश्न मंच का कार्यक्रम रखा गया, जिसमें विजेता बच्चों को पॉलिथीन हटाओ पर्यावरण बचाओ के अंतर्गत पहले कपड़े के थैले दिए गए।

चिकित्सक के परामर्श के बिना न बेचें प्रतिबंधित दवाएं: डीसी

सिरसा। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व ड्रग कंट्रोल की टीम जिले के मेडिकल स्टोरों की विशेष जांच करें और यह तय करें कि प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री चिकित्सक के परामर्श के बगैर न हो पाए। जिले में ज्यादातर मेडिकल स्टोर पर सीसीटीवी कैमरे लगा दिए गए हैं, यदि किसी मेडिकल स्टोर पर कैमरा न हो तो संचालक के खिलाफ कार्रवाई की जाए। उपायुक्त शांतनु शर्मा गुरुवार को नारकोटिक्स कोर्डिनेशन कमेटी की बैठक को संबोधित कर रहे थे।उपायुक्त ने कहा कि नशे पर अंकुश लगाने के लिए शहर व गांव में वार्ड स्तर पर काम करना होगा। मेडिकल स्टोर खोलने की अनुमति से पहले सरपंच एनओसी जोरी करते समय यह सुनिश्चित करें कि ऐसे व्यक्ति को एनओसी न दें जो नशे के कारोबार से जुड़ा हुआ हो, या पूर्व में नशे को लेकर किसी केस में संलिप्त हो। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ जिला प्रशासन व पुलिस पूरी तरह से गंभीर हैं। उपायुक्त ने यह भी कहा कि गांवों में नशे के विरूद्ध कमेटियां सक्रिय रूप से काम करें और इन कमेटियों में पुलिस के बीट इंचार्ज को शामिल किया जाना चाहिए। गांव स्तर से इनपुट लेकर कार्रवाई की जाए। बैठक में जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए कि वे नशा विरोधी जागरूकता से संबंधित बैनर व पोस्टर तैयार करवाएं ताकि युवा नशे से दूर रहें। उन्होंने बताया कि गांवों में नशा मुक्ति के संदेश को लेकर पंचायत स्तर पर भी कार्यक्रम करवाए जाएंगे और समाज कल्याण विभाग की ओर से लघु नाटिका तैयार करवाई जाएगी, जिसे वीडियो के माध्यम से गांव-गांव दिखाया जाएगा। उन्होंने स्कूल व कॉलेज स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम किए जाने के साथ ही नशा तस्करी में संलिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही के निर्देश भी दिए गए हैं।

विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जिला अधिकारियों की बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा की

सीएम ने हिसार घग्गर ड्रेन की चौड़ाई बढ़ाने के दिए निर्देश

जलभराव की समस्या दूर करने और किसानों को शीघ्र मुआवजा देने के निर्देश

गुरुग्राम।

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार जनहित के विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ा रही है। जिला फतेहाबाद में बाढ़, जलभराव, सिंचाई, सड़क, सीवरेज, पेयजल और अन्य अधोसंरचना संबंधी कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक कार्य गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। मुख्यमंत्री वीरवार को फतेहाबाद के विश्राम गृह में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने नायब सिंह सैनी ने कहा कि हिसार घग्गर ड्रेन की चौड़ाई बढाई जाए ताकि जलभराव वाले इलाक़ों से इसके ज़रिए पानी निकासी की समस्या का समाधान हो सके। साथ ही उन्होंने निर्देश दिया कि ओटू झील पर बहाव के बोझ को कम करने के लिए कहीं बीच में वैकल्पिक मार्ग से जल निकासी का प्रस्ताव तैयार किया जाए। उन्होंने सिंचाई विभाग को यह भी निर्देश दिए कि जिन गांवों से यह ड्रेन होकर गुजरती है, वहां इसे पक्का (कंक्रीट लाइनिंग) करने की संभावनाएं तलाशें ताकि मिट्टी कटाव और अवरोध की स्थिति न बने।मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां-जहां जलभराव की स्थिति अभी बनी हुई है, वहां शीघ्र जल निकासी सुनिश्चित की जाए, ताकि किसान समय पर फसल की बुआई कर सकें। उन्होंने निर्देश दिए कि लो-लाइन क्षेत्रों को चिह्नित कर भविष्य के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार की जाए, जिससे आगामी वर्षों में वर्षा के दौरान जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो।

फसल क्षति का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में हुई बारिश से किसानों की फसल को हुए नुकसान की वेरिफिकेशन तेजी से पूरी की जाए। किसानों द्वारा क्षतिपूर्ति पोर्टल पर अपलोड किए गए डेटा की भौतिक जांच कर यह सुनिश्चित करें कि वास्तविक किसान को ही मुआवजा मिले। उन्होंने कहा कि सरकार हर किसान को उसकी क्षति का उचित मुआवजा देगी, लेकिन इसके लिए रिपोर्ट सटीक और पारदर्शी होनी जरूरी है।

मुख्यमंत्री ने मंडियों में धान खरीद कार्य की समीक्षा करते हुए कहा कि जिला के सभी किसानों की फसल की खरीद सुनिश्चित की जाए। जिन किसानों ने क्षतिपूर्ति पोर्टल पर पंजीकरण कराया है, उनकी वेरिफिकेशन हर स्थिति में पूरी की जानी चाहिए।

चिल्ली झील परियोजना पर समीक्षा

मुख्यमंत्री ने चिल्ली झील प्रोजेक्ट की प्रगति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त से कहा कि सभी संबंधित विभागों की प्रगति रिपोर्ट उन्हें भेजी जाए।

उन्होंने कहा कि कार्य की गुणवत्ता की जांच की जाए, और यदि किसी विभाग ने निम्न गुणवत्ता का कार्य किया है, तो सख्त कार्रवाई की जाए।झील निर्माण में भूमि से संबंधित अड़चन को दूर करने के लिए उन्होंने निर्देश दिया कि ई-भूमि पोर्टल के माध्यम से खरीद की प्रक्रिया अपनाई जाए। यदि भूमि मालिक पूरी 4 कनाल भूमि बेचना चाहता है तो ई-भूमि से खरीद सुनिश्चित की जाए।

पेयजल, सड़क व सीवरेज कार्यों की समीक्षा

मुख्यमंत्री ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के तहत फतेहाबाद के सेक्टर में वाटर वर्क्स निर्माण की समीक्षा करते हुए इसे जल्द पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि सेक्टर निवासियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके।

उन्होंने जिला में सड़क और सीवरेज व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि लोक निर्माण विभाग को नोडल एजेंसी बनाया गया है। विभाग यह सुनिश्चित करे कि सर्दियों से पहले जिला की सभी सड़कों की मरम्मत पूरी कर ली जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला की40 सड़कों के चौड़ीकरण का कार्य तेजी से पूरा किया जाए, और जहां भी नई सड़क बनाई जा रही है, वहां पहले सीवरेज और पेयजल लाइन का कार्य पूरा हो, ताकि सड़क निर्माण के बाद खुदाई न करनी पड़े।उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि विकास कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उपायुक्त को निर्देश दिए कि हर माह विकास कार्यों की समीक्षा करें, और गुणवत्ता में कमी मिलने पर संबंधित अधिकारी व ठेकेदार के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें तथा रिपोर्ट उन्हें भेजें।

नगर निकायों और अस्पताल निर्माण पर निर्देश

मुख्यमंत्री ने स्थानीय निकाय विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वैध घोषित कॉलोनियों में विकास कार्य पूरे कराए जाएं, ताकि शहरी क्षेत्रों में नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलें।

P-05:28 paga09_jhn.qxd 11/2/2025 9:54 PM Page 1

तिगरी मेला-2025: कृषि प्रदर्शनी का निरीक्षण, नई तकनीकों के प्रति किसानों को जागरूक करने पर जोर

उत्तम भारत संवाददाता

अमरोहा। तिगरी मेला-2025 के अवसर पर सोमवार को मंडलायुक्त श्री आंजनेय कुमार सिंह, पुलिस उपमहानिरीक्षक मुनिराज, जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स तथा पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने मेला परिसर में आयोजित कृषि प्रदर्शनी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य विभाग, कृषि विज्ञान केन्द्र सहित विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया। इन स्टालों पर आधुनिक कृषि उपकरण, नवीन तकनीकें, जैविक खेती, ड्रिप सिंचाई, फसल उत्पादकता बढ़ाने के उपाय और केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न किसान-हितैषी योजनाओं की जानकारी दी जा रही थी। मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मेले में आए किसानों को नई कृषि तकनीकों की उपयोगी व सरल जानकारी उपलब्ध कराई जाए ताकि अधिक से अधिक

किसान योजनाओं का लाभ ले सकें। उन्होंने कृषि वैज्ञानिकों की पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रदर्शनी किसानों को आत्मनिर्भर भारत की दिशा में प्रेरित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। पुलिस उपमहानिरीक्षक मुनिराज ने मेला क्षेत्र में सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधों की सराहना करते हुए कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अमरोहा पुलिस द्वारा किया गया संचालन अनुकरणीय है। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्रीमती निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि कृषि प्रदर्शनी किसानों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने किसानों से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने की अपील की। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने बताया कि मेला क्षेत्र में सीसीटीवी, ड्रोन निगरानी, जल पुलिस, खोया-पाया केंद्र, ट्रैफिक कंट्रोल पोस्ट एवं महिला हेल्प डेस्क जैसी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित हैं, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी। अंत में अधिकारियों ने मेला क्षेत्र में साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत, चिकित्सा तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

ओडिशा में एसआई भर्ती घोटाले का मुख्य आरोपी नेपाल बॉर्डर से गिरफ्तार, पूछताछ में जुटी पुलिस

कटक। ओडिशा पुलिस की क्राइम ब्रांच ने पुलिस उपनिरीक्षक (एसआई) भर्ती परीक्षा घोटाले के मुख्य आरोपी शंकर प्रुष्टि को गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी लंबे समय से चल रही जांच का अहम पड़ाव मानी जा रही है और इससे परीक्षा धांधली के इस बड़े नेटवर्क की परतें खुलने की उम्मीद है। आरोपी शंकर प्रुष्टि (32) गंजाम जिले के जगन्नाथपुर जंक्शन का रहने वाला है और भुवनेश्वर स्थित पंचसॉफ्ट टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड का डायरेक्टर है।

पुलिस का कहना है कि शंकर प्रुष्टि ने अपने साथियों मुणा मोहंती, श्रीकांत महाराणा उर्फ रिंकू, अरविंद दास, टी. अभिमन्यु डोरा और प्रियदर्शिनी सामल के साथ मिलकर परीक्षा में अनियमितताएं कीं।

आरोप है कि इस गिरोह ने अभ्यर्थियों से दो से 25 लाख रुपए तक की रिश्वत ली और बदले में चयन की गारंटी दी थी।

डीएसपी अनीला आनंद के नेतृत्व में क्राइम ब्रांच की विशेष टीम कई दिनों से इस आरोपी की तलाश में थी। शंकर लगातार अपना ठिकाना बदल रहा था ताकि गिरफ्तारी से बच सके, लेकिन सटीक खुफिया जानकारी के आधार पर पुलिस ने उसे उत्तराखंड में नेपाल बॉर्डर के पास पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद उसे स्थानीय अदालत में पेश किया गया और अब उसे ट्रांजिट रिमांड पर ओडिशा लाया जा रहा है।

जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी से कई अहम सबूत जब्त किए हैं। इनमें एक फॉर्च्यूनर गाड़ी, दो आईफोन, एक लावा मोबाइल, भारत सरकार का पासपोर्ट और कई संदिग्ध दस्तावेज शामिल हैं। पुलिस का मानना है कि इन दस्तावेजों से इस पूरे रैकेट के काम करने के तरीके और उससे जुड़े अन्य लोगों की जानकारी मिलेगी।

घोटाले के उजागर होने के बाद 933 पदों के लिए आयोजित उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा को तुरंत रद्द कर दिया गया था। अब तक इस मामले में 100 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिनमें कई एजेंट, मध्यस्थ और तकनीकी सहयोगी भी शामिल हैं। माना जा रहा है कि यह नेटवर्क राज्य के कई जिलों में फैला हुआ था और तकनीकी माध्यम से पेपर लीक करने व नकल कराने का काम करता था।

अनंत सिंह की जैसी छवि है, उनकी गिरफ्तारी तय थी : तेजप्रताप यादव

पटना। दुलारचंद यादव की हत्या के मामले में मोकामा विधानसभा क्षेत्र से जदयू उम्मीदवार अनंत सिंह की गिरफ्तारी पर जनशक्ति जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेज प्रताप यादव ने कहा कि जिस तरह की उनकी छवि है, उनकी गिरफ्तारी तय थी। पटना में मीडिया से बातचीत के दौरान तेज प्रताप ने कहा कि उनकी छवि और उनके खिलाफ दर्ज गंभीर आपराधिक मामलों को देखते हुए, उनकी गिरफ्तारी होनी ही थी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पटना में होने वाले रोड शो को लेकर तेजप्रताप यादव ने कहा कि सभी अपना-अपना काम कर रहे हैं। बिहार में विधानसभा चुनाव को लेकर सभी दल रोड शो कर रहे हैं, हमारी पार्टी भी रोड शो कर रही है और मैं खुद रोड शो कर रहा हूं।

महागठबंधन की ओर से सीएम पद के उम्मीदवार और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव के एक बयान पर तेजप्रताप ने कोई खास टिप्पणी नहीं की। यह बयान 18 नवंबर को सीएम पद की शपथ लेने से संबंधित था, जिस पर तेजप्रताप ने कहा कि चुनाव है, कोई कुछ भी कह सकता है।

तेजस्वी यादव ने दावा किया है कि अगली सरकार महागठबंधन की बन रही है और दो माह के भीतर सभी अपराधियों को जेल भेजा जाएगा। इस पर तेजप्रताप यादव ने कहा कि बिहार की जनता देखेगी कौन क्या करेगा।

समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव की ओर से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को चुनावी दूल्हा बताए जाने पर तेजप्रताप ने कहा कि सपा सुप्रीमो कई बार अपनी सीमाएं लांघ जाते हैं।

तेजप्रताप यादव ने अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता भी जताई और कहा कि उन्होंने इसे लेकर केंद्र सरकार से सुरक्षा की मांग की है।

बता दें कि मोकामा में जनसुराज पार्टी का समर्थन कर रहे दुलारचंद की हत्या मामले में विपक्ष ने एनडीए सरकार को निशाने पर ले लिया है। जदयू उम्मीदवार की गिरफ्तारी के बाद विपक्षी नेताओं का दावा है कि बिहार में सुशासन नहीं बल्कि महाजंगलराज का दौर चल रहा है।

बिहार की जनता ने इस बार मन बना लिया है कि एनडीए सरकार की विदाई कर महागठबंधन की सरकार बनाई जाए।

वैशाली में महागठबंधन को लेकर बोले अमित शाह, जिसमें एकता नहीं, वह बिहार को नहीं रख सकता एकजुट

हाजीपुर। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह रविवार को बिहार चुनाव में एनडीए उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार करने के लिए वैशाली जिले के महुआ पहुंचे। यहां उन्होंने ब्रह्मानन्द उच्च विद्यालय के मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए महागठबंधन में खींचतान का आरोप लगाते हुए कहा कि जिस गठबंधन में एकता नहीं हो, वह बिहार को एक नहीं रख सकता है।

ब्रह्मानन्द उच्च विद्यालय के मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि वैशाली ही वह भूमि है जिसने दुनिया में सबसे पहले लोकतंत्र के सिद्धांत, लिच्छवी गणराज्य के सिद्धांतों से स्थापित किए। वैशाली की यह महान भूमि भगवान महावीर और भगवान बुद्ध की कर्मस्थली रही है।

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि इस चुनाव में एनडीए के सामने खड़े सभी दलों में तू-तू मैं-मैं हो रही है। जिस गठबंधन में एकता न हो, वह गठबंधन बिहार को एक नहीं रख सकता। बिहार को एक रखना, सुरक्षित रखना और समृद्ध बनाना सिर्फ और सिर्फ नीतीश कुमार और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए ही कर सकती है।

अमित शाह ने कहा, 'इस चुनाव में एनडीए का गठबंधन पांच पांडवों की तरह मजबूती के साथ चुनावी मैदान में उतरा है। सभी पार्टियां एकजुट होकर जंगलराज को रोकने के लिए कटिबद्ध हैं। 'जनसभा में आए लोगों को जंगलराज की याद दिलाते हुए उन्होंने कहा कि लालू-राबड़ी के राज में आए दिन बिहार में नरसंहार होते थे, हत्याएं होती थीं, अपहरण और फिरौती के उद्योग चलते थे और महिलाओं की अस्मिता भी लूटी जाती थी। अब वही जंगलराज वाले नए चेहरों के साथ, नए कपड़ों में और नए भेष में आ रहे हैं।

अमित शाह ने कहा कि लालू यादव ने अगर बिहार में कुछ किया है, तो वह घोटाला और भ्रष्टाचार है। चारा घोटाला, लैंड फॉर जॉब घोटाला, अलकतरा घोटाला, बाढ़ राहत घोटाला जैसे कई घोटाले सामने आए।

उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आप इस बार एनडीए की सरकार बना दो, सरकार एक करोड़ युवाओं को सरकारी नौकरी और रोजगार देने का काम करेगी। 100 एमएसएमई पार्क और 50 हजार से ज्यादा कुटीर उद्योग लगाए जाएंगे और एग्रीकल्चर और इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए एक लाख करोड़ रुपए का निवेश होगा।

तेजस्वी के दावे पर मनोज तिवारी का तंज, घर में शपथ ले सकते हैं, कौन उन्हें रोक रहा?

पटना। भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने महागठबंधन की ओर से सीएम पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव के उस बयान पर जोरदार पलटवार किया है, जिसमें उन्होंने दावा किया है कि 14 तारीख को बिहार विधानसभा चुनाव का परिणाम आएगा, महागठबंधन की सरकार बनेगी और 18 तारीख को वह शपथ लेंगे। मनोज तिवारी ने कहा, 'वे अपने घर में शपथ ले सकते हैं, कौन उन्हें रोक रहा है? '

जन सुराज पार्टी के कार्यकर्ता दुलारचंद यादव की हत्या के मामले में मोकामा विधानसभा क्षेत्र से जदयू उम्मीदवार अनंत सिंह की गिरफ्तारी पर भाजपा सांसद ने कहा कि मोकामा की घटना बेहद दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है। इस मामले में कानून अपना काम करेगा।

मनोज तिवारी ने अपने रोड शो पर राजद कार्यकर्ताओं द्वारा हमला करने का आरोप लगाते हुए कहा कि राजद के कार्यकर्ता अपनी जनसभाओं में एनडीए के नेताओं के बारे में अपनी बात कर सकते हैं, लेकिन मेरे रोड शो में पीएम मोदी और नीतीश कुमार के बारे में आपत्तिजनक बातें कहीं गईं। तेजस्वी यादव बताएं कि क्या ऐसे वे शपथ लेंगे।

तिवारी ने कहा कि अगर उन्हें एनडीए या एनडीए के किसी नेता से दिक्कत है, तो अपनी रैली में हमारे मुर्दाबाद के नारे लगाएं, लेकिन ऐसा क्यों कर रहे हैं। तेजस्वी यादव अपने घर में ही सीएम पद की शपथ ले लें। क्या कोई उन्हें रोक सकता है?

वहीं भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने पीएम मोदी के बिहार दौरे और पटना में रोड शो को लेकर कहा कि पीएम मोदी लगातार बिहार में चुनावी सभाएं कर रहे हैं। बिहार की जनता में पीएम मोदी को लेकर विश्वास जगा है और पूरा देश उन पर भरोसा करता है।

पिछले कुछ वर्षों में बिहार में विकास की गंगा बह रही है। यकीनन बिहार में एनडीए की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के रोड शो से साफ पता चलता है कि लोगों में उत्साह है।

भाजपा सांसद मनोज तिवारी पर हुए हमले को लेकर उन्होंने कहा कि यह निंदनीय है। राजनीति में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। विपक्षी दल चुनाव हार रहे हैं, इसलिए निचले स्तर पर आ गए हैं। लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि है और बिहार में एनडीए की सरकार बन रही है।

दुलारचंद हत्याकांड में अनंत सिंह की गिरफ्तारी पर उन्होंने कहा कि कानून सभी के लिए एक है। जो लोग आरोप लगा रहे थे, उनकी गिरफ्तारी के बाद उनके आरोप झूठे साबित हो गए हैं।

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के बयान पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि प्रियंका गांधी वाड्रा पांच साल में एक बार बिहार जाती हैं। वह बिहार की जमीनी हकीकत नहीं जानतीं। सत्य यह है कि बिहार में एनडीए की सरकार पीएम मोदी के मार्गदर्शन में बनने जा रही है।

राजद नेता तेजस्वी यादव के बयान पर करारा जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि जनता मतदान के दिन इसका जवाब देगी। चुनाव नतीजा आएगा, तब तेजस्वी यादव को अहसास हो जाएगा कि उन्होंने क्या कहा था।

छोटे-छोटे राज्यों के निर्माण से ही देश की उन्नति संभव-भगत सिंह वर्मा

* पृथक पश्चिम प्रदेश देश का सबसे उन्नत सील राज्य होगा-भगत सिंह वर्मा

उत्तम भारत संवाददाता

सहारनपुर। नई दिल्ली कांस्टीट्यूशन क्लब में लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी के स्मृति दिवस के अवसर पर देश-विदेश से आए बुद्धिजीवियों किसान नेताओं अर्थशास्त्रियों पत्रकारों देश के लिए चिंतित लोगों को संबोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन वर्मा व पश्चिम प्रदेश मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा ने कहा कि छोटे-छोटे राज्यों के निर्माण से ही देश की उन्नति भी संभव है। आज उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा राज्य है। बड़ा राज्य होने के कारण उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था चौपट हो गई है। उत्तर प्रदेश के 25 करोड लोग भ्रष्टाचार महंगाई बेरोजगारी गरीबी और अवयवस्था की चपेट में है। जिन देशों में छोटे-छोटे राज्य हैं। वहां कानून व्यवस्था बेहतर है। प्रति व्यक्ति वार्षिक आय अधिक है। शिक्षा और चिकित्सा सबको निशुल्क है। राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा ने महामहिम राष्ट्रपति जी और माननीय प्रधानमंत्री जी को पत्र लिखकर राज्य पुनर्गठन आयोग गठित

करके उत्तर प्रदेश को चार भागों में बांटकर पृथक पश्चिम प्रदेश निर्माण करने देश के अन्य राज्यों महाराष्ट्र में विदर्भ राज्य सहित अन्य राज्य बनाने की मांग की। आज देश के छोटे-छोटे राज्य उन्नति और विकास के शिखर पर हैं। और देश को आयकर जीएसटी व सभी प्रकार के कर सबसे अधिक दे रहे हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 26 जिले 6 मंडल और यहां के 8 करोड लोग शिक्षा और चिकित्सा में सबसे पीछे हैं। जबकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 26 जिले सरकार को सबसे अधिक राजस्व देते हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के वकीलों द्वारा पिछले 45 वर्षों से मेरठ में हाई कोर्ट की बैंच स्थापित करने के लिए लगातार आंदोलन चलाए जा रहे हैं। जबकि यहां आजादी के बाद ही हाई कोर्ट की बेंच स्थापित हो जानी चाहिए थी। यहां के लोगों को न्याय भी बहुत महंगा मिलता है। राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा ने किसानों मजदूरों व्यापारियों दुकानदारों बुद्धिजीवियों वकीलों पत्रकारों छात्रों एवं युवाओं से कहा कि सभी एकजुट होकर पृथक पश्चिम प्रदेश निर्माण के लिए संघर्ष करें। पृथक पश्चिम प्रदेश निर्माण होने पर यहां शिक्षा और चिकित्सा निशुल्क होगी। और प्रति व्यक्ति वार्षिक आय देश में सबसे अधिक होगी। देश और दुनिया के छोटे राज्य इसके उदाहरण हैं। पृथक पश्चिम प्रदेश निर्माण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। पृथक पश्चिम प्रदेश निर्माण होने पर यहां बड़े-बड़े उद्योग लगेंगे और सभी शिक्षित युवाओं को रोजगार मिलेंगे। यहां पर एम्स आई आई टी एन आई टी आई एम टी रिसर्च सेंटर स्थापित होंगे। पश्चिम प्रदेश गरीबी महंगाई भ्रष्टाचार मिलावट खोरी और बेरोजगारी से मुक्त होगा।

2006 में स्वयं सहायता समूह के लिए विश्व बैंक से लिया था लोन, सहरसा में बोले सीएम नीतीश

सहरसा। बिहार के सहरसा में आयोजित चुनावी कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य में महिलाओं, अल्पसंख्यकों और ग्रामीण-शहरी विकास पर सरकार द्वारा किए गए कामों का विस्तार से उल्लेख किया।

उन्होंने कहा कि बिहार ने समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने की नीति अपनाई है और आज उसके नतीजे साफ दिखाई दे रहे हैं। महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने का प्रयास भी हमारी सरकार ने 2006 में ही शुरू कर दिया था। हमने 2006 में पंचायत चुनावों में और बाद में शहरी निकायों में 50 प्रतिशत पद महिलाओं के लिए आरक्षित किए। फैसला लिया और तुरंत लागू भी किया। यही वजह है कि आज बिहार में लाखों महिलाएं स्थानीय निकायों में नेतृत्व कर रही हैं।

इसके साथ ही सीएम नीतीश ने बिहार में पुलिस और नौकरी क्षेत्र में महिलाओं के लिए दिए गए आरक्षण को भी ऐतिहासिक बताते हुए कहा, '2013 में हमने पुलिस में महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत आरक्षण लागू किया। आज बिहार पुलिस में महिलाओं की संख्या पूरे देश में सबसे अधिक है। 2016 से सरकारी नौकरियों में भी महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत आरक्षण लागू किया गया। '

उन्होंने कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए 2006 में विश्व बैंक से ऋण लेकर स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की शुरुआत की गई, जिसका नाम 'जीविका' रखा गया। आज जीविका दीदियों की संख्या

बढ़कर 1 करोड़ 40 लाख हो गई है। 2024 से शहरी क्षेत्रों में भी स्वयं सहायता समूह बनाए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने समाज के सभी वर्गों के विकास की बात करते हुए अल्पसंख्यक समुदाय, खासकर मुस्लिम समाज के लिए किए गए कार्यों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा, 'हम लोगों ने हर तबके के विकास के लिए काम किया है। मुस्लिम समुदाय के लिए भी काम किया है। मदरसों को सरकारी मान्यता दी गई है और उनके शिक्षकों को सरकारी शिक्षकों के बराबर वेतन दिया जा रहा है। '

नीतीश कुमार ने कहा कि उनकी सरकार का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ना और सबको समान अवसर उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं, जीविका दीदियां और स्थानीय नागरिक मौजूद थे।

जेल में संदिग्ध हालातों में हत्या आरोपी की मौत

* मवी खुर्द खेड़ा निवासी शमीम की मौत से मचा हड़कंप, परिवार ने लगाई न्याय की गुहार

उत्तम भारत संवाददाता

सहारनपुर। मवी खुर्द खेड़ा निवासी शमीम पुत्र अनवर, जो एक हत्या मामले में आरोपी थे, की जेल के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद जेल प्रशासन और पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया।

मामले की जानकारी मिलते ही वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रारंभिक जांच शुरू की गई। प्रशासन ने कहा कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर ही मृत्यु के असली कारण का पता चल सकेगा।

शमीम के परिवार ने जेल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। उनके भाई ने कहा, 'शमीम पूरी तरह स्वस्थ था, उसकी अचानक मौत पर हमें संदेह है। हम चाहते हैं कि इसे छिपाने की कोशिश न हो और सच्चाई सबके सामने आए।'

वहीं, जेल अधीक्षक ने बताया, 'प्रारंभिक जांच की जा रही है और सभी पहलुओं की बारीकी से पड़ताल होगी। मृत्यु का कारण स्पष्ट होने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। पारदर्शी जांच सुनिश्चित की जाएगी।'

यह घटना जेल सुरक्षा और कैदियों के प्रबंधन पर गंभीर सवाल उठा रही है।?

अलग-अलग संगठनों के 8 आतंकवादी गिरफ्तार, हथियार बरामद

इंफाल। पिछले 24 घंटों में सुरक्षा बलों ने मणिपुर के पांच अलग-अलग जिलों से अलग-अलग बैन संगठनों के आठ आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। इन आतंकियों के पास से कुछ हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किए हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आतंकवादी अलग-अलग चरमपंथी समूहों-कंगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (केसीपी), पीपल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी ऑफ कंगलीपाक और पीपल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) से जुड़े थे। इन लोगों को जिरिबाम, इम्फाल ईस्ट, इम्फाल वेस्ट, बिष्णुपुर और काकचिंग से गिरफ्तार किया गया था। अधिकारी ने कहा कि ये कट्टर आतंकवादी धमकी देने, सरकारी कर्मचारियों, ठेकेदारों और दूसरों से जबरन चंदा वसूलने जैसे कई अपराधों में शामिल थे। गिरफ्तार आतंकवादियों के पास से कुछ हथियार, एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस, आधार/पैन कार्ड, कई मोबाइल फोन, सिम कार्ड और एक कार बरामद की गई।

सुरक्षा बलों ने कांगपोकपी जिले के पहाड़ी इलाके में अलग-अलग अभियानों में कुछ हथियार और गोला-बारूद बरामद किए। बरामद हथियारों में पांच देसी सिंगल बैरल बंदूकें, दो वायरलेस सेट, कई जूते और युद्ध जैसे कपड़े शामिल हैं।

मणिपुर पुलिस अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बल पहाड़ी, घाटी और संवेदनशील इलाकों में तलाशी और नियंत्रण अभियान जारी रखे हुए हैं।

अधिकारी के अनुसार, राज्य के विभिन्न जिलों में 115 नाके/चेकपॉइंट लगाए गए हैं ताकि दुश्मन तत्वों और संदिग्ध वाहनों की अवैध गतिविधियों को रोका जा सके।

उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों ने इंफाल-जिरीबाम राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-37) पर जरूरी सामान ले जाने वाले कई वाहनों को एस्कॉर्ट दिया है। संवेदनशील जगहों पर सख्त सुरक्षा व्यवस्था की गई। वहीं, नाजुक इलाकों में वाहनों की सुरक्षित आवाजाही के लिए सुरक्षा काफिला दिया जा रहा है। मणिपुर पुलिस ने लोगों से अफवाहों पर विश्वास न करने और झूठे वीडियो से सतर्क रहने की अपील की। पुलिस ने एक बयान में कहा कि बिना किसी आधार के वीडियो, ऑडियो क्लिप वगैरह के किसी भी सर्कुलेशन की सच्चाई सेंट्रल कंट्रोल रूम से कन्फर्म की जा सकती है।

इसके अलावा, सोशल मीडिया पर कई फेक पोस्ट सर्कुलेट होने की संभावना है। इसलिए यह चेतावनी दी जाती है कि सोशल मीडिया पर ऐसे फेक पोस्ट अपलोड करने और सर्कुलेट करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस ने संबंधित लोगों से लूटी गई बंदूकें, गोला-बारूद और विस्फोटक तुरंत पुलिस या नजदीकी सुरक्षा बल चौकी को लौटाने की अपील की।

ममता बनर्जी का सख्त निर्देश, किसी भी अवैध घुसपैठिए के खिलाफ कोई कार्रवाई न की जाए : सुकांता मजूमदार

कोलकाता। केंद्रीय राज्य मंत्री एवं भाजपा सांसद सुकांता मजूमदार ने रविवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) शासित पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला किया। उन्होंने बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने और उन्हें वोट बैंक की तरह इस्तेमाल करने का गंभीर आरोप लगाया।

सुकांता मजूमदार ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर दक्षिण दिनाजपुर जिले के बंसीहारी पुलिस स्टेशन में दो बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ राज्य पुलिस की उदासीनता पर सवाल उठाए। मजूमदार ने पोस्ट में लिखा, 'दक्षिण दिनाजपुर जिले के बंसीहारी पुलिस स्टेशन में दो बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ बार-बार लिखित शिकायत दर्ज होने के बावजूद, राज्य पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है! शिकायतकर्ता ने पर्याप्त दस्तावेजी सबूत (बांग्लादेशी आरोपियों के फोटो वाले पहचान पत्र) पेश किए हैं, फिर भी पुलिस पूरी तरह से उदासीन बनी हुई है। '

भाजपा सांसद ने उचित कार्रवाई नहीं करने के पीछे मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने लिखा, 'वजह सिर्फ एक है, नाकाम मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का सख्त निर्देश कि किसी भी अवैध घुसपैठिए के खिलाफ कोई कार्रवाई न की जाए। देश के सच्चे नागरिकों की सुरक्षा, देश की आंतरिक सुरक्षा-सब कुछ धुएं में उड़ जाता है, लेकिन ममता बनर्जी को बस अवैध घुसपैठियों के वोट चाहिए! क्योंकि ये ममता बनर्जी का पसंदीदा वोट बैंक हैं। '

मजूमदार, जो बालुरघाट लोकसभा क्षेत्र से सांसद हैं और केंद्रीय शिक्षा मंत्री के रूप में भी कार्यरत हैं, ने इस मुद्दे को सीधे ममता बनर्जी के 'सांप्रदायिक तुष्टिकरण' से जोड़ा। मजूमदार का यह बयान बंगाल-बांग्लादेश सीमा पर बढ़ती घुसपैठ की घटनाओं के बीच आया है, जो राज्य की आंतरिक सुरक्षा को चुनौती दे रहा है।

भाजपा यह आरोप लंबे समय से लगा रही है, जहां वे तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर अवैध घुसपैठ को बढ़ावा देने का इल्जाम लगाती रही है। वहीं दूसरी तरफ टीएमसी नेताओं का कहना है कि बांग्लादेशी घुसपैठ केंद्र की नाकामी का नतीजा है, क्योंकि बॉर्डर पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की तैनाती है, जो केंद्र के अधीन है।

पीड़ित परिवार का दावा, तमिलनाडु में एसआईआर के डर से पश्चिम बंगाल के प्रवासी मजदूर की मौत

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के एक प्रवासी मजदूर के परिवार ने रविवार को दावा किया कि चुनाव आयोग द्वारा बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कराने की घोषणा के बाद तमिलनाडु में काम के दौरान वह वह बीमार पड़ गया और उसकी मौत हो गई।

गुरुवार को तमिलनाडु में प्रवासी मजदूर बिमल संत्रा (51) की मौत हो गई थी। शनिवार शाम उसका पार्थिव शरीर पूर्वी बर्धमान जिले के जमालपुर स्थित उसके गांव नवग्राम पहुंचा।

तृणमूल कांग्रेस के लोकसभा नेता अभिषेक बनर्जी के निर्देश पर पार्टी नेताओं ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की और अपनी संवेदना व्यक्त की।

परिवार ने बताया कि बिमल काम के सिलसिले में तमिलनाडु गया था। 26 अक्टूबर को उसकी तबियत बिगड़ गई और उसे वहां के अस्पताल में भर्ती कराया गया। गुरुवार को इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। पिता की मृत्यु की खबर मिलने के बाद उसका बेटा बापी संत्रा तमिलनाडु चला गया। उन्होंने तमिलनाडु के तंजावुर स्थित ओराथानाडु पुलिस स्टेशन में अप्राकृतिक मौत का मामला भी दर्ज कराया है।

बापी संत्रा ने दावा किया कि उनके पिता कुछ दिन पहले काम के सिलसिले में तमिलनाडु गए थे और पश्चिम बंगाल में एसआईआर लागू होने की बात सुनकर चिंतित हो गए थे।

मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा, 'मेरे पिता इस बात को लेकर चिंतित थे कि अगर एसआईआर लागू हुआ तो उनका नाम मतदाता सूची में होगा या नहीं। वह बार-बार यही कहते थे। इसी डर से मेरे पिता बीमार पड़ गए। इसके बाद उनकी मृत्यु हो गई। '

बिमल के शव का पोस्टमार्टम शुक्रवार को हुआ। शनिवार शाम को शव गांव पहुंचने के बाद इलाके में शोक की लहर छा गई।

खबर मिलते ही जमालपुर से तृणमूल कांग्रेस विधायक आलोक कुमार और अन्य तृणमूल नेता बिमल के घर गए। विधायक ने दावा किया कि केंद्र सरकार ने राज्य में मनरेगा का काम लगभग ढाई साल से बंद कर रखा है। इसलिए कई लोग अपनी आजीविका कमाने के लिए दूसरे राज्यों में जा रहे हैं। टीएमसी नेता ने यह भी दावा किया कि प्रवासी मजदूर एसआईआर के बारे में सुनकर चिंतित थे।

तृणमूल सूत्रों के अनुसार, अभिषेक बनर्जी के निर्देश पर जिला अध्यक्ष रवींद्रनाथ चटर्जी और राज्य मंत्री स्वप्न देबनाथ ने भी बिमल के गांव का दौरा किया। स्वप्न देबनाथ ने कहा कि इसके लिए चुनाव आयोग जिम्मेदार है।

येर्रानायडू के 13वीं पुण्यतिथि पर सीएम नायडू ने दी श्रद्धांजलि, उच्च मूल्यों का प्रतीक बताया

अमरावती। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने रविवार को तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री किंजरापु येर्रानायडू को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें उच्च मूल्यों का प्रतीक बताया।

तेदेपा अध्यक्ष नायडू ने कहा कि उत्तराखंड (उत्तरी आंध्र) के प्रिय सपूत उच्च मूल्यों के प्रतीक थे।



येर्रानायडू को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

तेदेपा महासचिव ने कहा कि येर्रानायडू ने अपनी अंतिम सांस तक उत्तरी आंध्र के विकास के साथ-साथ गरीबों और कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए अथक परिश्रम किया।

लोकेश ने लिखा, 'उन्होंने राजनीति में अपने लिए एक विशेष स्थान अर्जित किया और लोगों के दिलों में अमर हैं। येर्रानायडू गारू की पुण्यतिथि के अवसर पर, आइए हम राष्ट्र और राज्य के लिए उनके द्वारा की गई सेवाओं को याद करें। '

येर्रानायडू 1982 में टीडीपी संस्थापक और पूर्व मुख्यमंत्री एन.टी. रामाराव से प्रेरित होकर राजनीति में आए थे। चार बार सांसद और चार बार विधायक रहे येर्रानायडू 1996 से 1998 के बीच केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री रहे। वे 1996 से 2004 तक लगातार जीत हासिल करते हुए श्रीकाकुलम से चार बार लोकसभा के लिए चुने गए। पहली बार, वे 2009 के चुनावों में कांग्रेस उम्मीदवार किल्ली कृपारानी से हार गए। येर्रानायडू का 2012 में 55 वर्ष

P-06:28 paga09_jhn.qxd 11/2/2025 6:52 PM Page 1

सम्पादकीय

त्रिचरणीय आतंक की कैद में तड़फता सौहार्द

समूचे संसार में समस्याओं का अम्बार लगा है। लोगों की मनमानियां चरम सीमा पर हैं। संविधान, कानून, नियम, शर्तें, समझौते, मान्यतायें, परम्परायें सभी टूट चुकीं हैं। व्यक्तिगत सुख का सिद्धान्त पूरी तरह से लागू हो चुका है। पहले स्वयं, फिर परिजन और बाद में स्वजनों तक पहुचकर संवेदनायें समाप्त हो जातीं हैं। समाज, देश और विश्व की चिन्तायें अपनी चिता पर स्वाहा होगीं है। धन, सम्पत्ति और संपदा की मृगमारीचिका के पीछे भागने वालों में लगभग 99.99 प्रतिशत जनसंख्या शामिल हो चुकी है। यही आंकडा संसार के देशों पर भी लागू होता है जो स्वार्थ की बुनियाद पर शीशमहल खडा करने में जी जान से जुटे हैं। कथित अनुसंधानों के द्वारा व्यवस्था को तंत्र को अव्यवस्थित करने वाले तो विलासता की चाह में गले तक डूब चुके हैं। ऐसे लोग भविष्य की कीमत पर भी वर्तमान का आनन्द तलाशने में जुटे हैं। प्राकृतिक संसाधनों का दोहन चरम सीमा पर पहुंच गया है। जीव से अधिक महात्व मशीनों को दिया जाने लगा है। वर्चस्व की जंग में हथियारों की होड, उपकरणों का प्रयोग और जीवित सांसों को गुलामी की बेडियां पहनाने का क्रम चल निकला है। जाति, क्षेत्र, भाषा, जीवन शैली आदि के आधार पर विभाजनकारी रेखायें निरंतर खींची जा रही हैं। धर्म निरपेक्षता के नाम पर धर्मविरोधियों द्वारा मानवता के खिलाफ षडयंत्र किये जा रहे हैं। आरक्षण के प्रकोप से जातिगत धरातल पर खून की नदियां बहाई जा रहीं हैं। जन्म के आधार पर सुविधाओं का पिटारा खोलकर आपसी वैमनुष्यता की की रेवडियां बांटी जा रहीं हैं। मुफ्तखोरी को बढावा देकर हरामखोरों की जमातें तैयार की जा रहीं हैं। ऐसे में दूरदर्शिता को हाशिये पर पहुंचाने वाले कभी चुनावी माहौल को रक्तरंजित करने का षडयंत्र करते हैं तो कभी आन्दोलनों के नाम पर असामाजिक तत्वों के सहयोग से दंगे फैलाते हैं। भाषायी विवाद पैदा करने वाले राजनैतिक दलों ने तो अपने संस्थापक के सिद्धान्तों तक को दरकिनार करते हुए दूसरे राज्यों में बसे अपने राज्य के लोगों हेतु मुश्किलें पैदा कर दीं हैं। परिवारवाद के साथ सत्ता को जोडकर उसे अधिकार की परिधि में शामिल कर लिया गया है। चाटुकारों की टोलियां निजी स्वार्थों की पूर्ति के लिए अपने आकाओं की संतानों को जन्म के साथ ही विलासता भरे शासन की लोरियां सुनाने लगतीं हैं। विरोध के नाम पर प्रत्येक बिन्दु पर नकारात्मकता परोसने वाले विवेकहीन लोगों के बढते कद ने समाज की विवेकहीनता का उदाहरण परोस दिया है। संसार भर में हथियारों के सौदागरों का परचम फहरा रहा है। मृत्यु को उद्योग बनाने वाले देशों का षडयंत्रकारी नेतृत्व केवल और केवल अपनों तक ही सीमित होकर रह गया है। परिजनों को लाभ दिलाने हेतु विकसित देश के सत्ताधारियों द्वारा राष्ट्रहित को तिलांजलि दी जा रही है। बानगी के तौर पर देखें तो अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर जहां ट्रंप ने अपने बेटों की कम्पनी वर्ल्ड लिबर्टी फाइनेंशियल के साथ पाकिस्तान क्रिप्टो काउंसिल का समझौता करके क्रिप्टोकरेंसी और डिजिटल वित्तीय परिवर्तन के क्षेत्र में मील का पत्थर बनने की घोषणा की वहीं राष्ट्रीय स्तर पर सोनिया गांधी की अध्यक्षता वाली राजीव गांधी फाउंडेशन ने चीन से फ्री ट्रेड एग्रीमेंट के समर्थन में एक प्रोजेक्ट हेतु 30 लाख डॉलर की आर्थिक सहायता चीनी दूतावास से दान प्राप्त की। इस संस्था में राहुल गांधी, मनमोहन सिंह और पी. चिदंबरम सहित अनेक सदस्य शामिल हैं। स्थानीय स्तर पर भी कार्यपालिका और विधायिका के अनेक सदस्य अपने परिवारजनों के नाम पर संस्थायें गठित करके जमकर पैसा लूटने में लगे हैं।

विशेष

बिहार : अब 'बेचारगी' के नाम पर वोट की दरकार...

-तनवीर जाफरी-

बिहार चुनाव की तिथि जैसे जैसे करीब आती जा रही है, वैसे वैसे बिहार में हो रहे चुनाव प्रचार में भी तरह तरह के रंग भरते देखे जा रहे हैं। बिहार की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की नीतीश सरकार ने सत्ता का पूरा लाभ उठाते हुये आदर्श आचार संहिता लागू होने से कुछ ही मिनट पहले कई ऐसी महत्वपूर्ण घोषणाएं और धन वितरण किए जिनसे वहां के मतदाताओं के एक वर्ग विशेषकर महिलाओं को लाभ पहुंचा। जैसे महिला उद्यमी योजना के तहत 10, 000 रुपये की पहली किस्त 6 अक्टूबर 2025 यानी चुनाव की तारीख की घोषणा होने से कुछ ही मिनट पहले हस्तांतरित की गयी। नितीश सरकार द्वारा यह दावा किया गया कि इससे 21 लाख महिलाएं लाभान्वित होंगी। इसके अतिरिक्त सामाजिक सुरक्षा पेंशन में वृद्धि, मासिक पेंशन 400 से बढ़ाकर 1, 100 करने की आदि की घोषणा गई। इसी तरह विपक्षी महागठबंधन के नेता तेजस्वी यादव ने भी लोकलुभावन योजनाओं का पिटारा खोल कर रख दिया है। राज्य के हर परिवार को एक सरकारी नौकरी सहित महिलाओं को लुभाने तक के लिए बड़ा ऐलान किया। उन्होंने वादा किया है कि सत्ता में आने पर जीविका दीदियों को 30, 000 रुपये मासिक वेतन वाली सरकारी नौकरी मिलेगी। साथ ही, ब्याज -मुक्त लोन और अन्य सुविधाएं भी दी जाएंगी। ऐसी और भी कई लोकलुभावन घोषणाएं विपक्षी गठबंधन की ओर से की गयी हैं। बेशक ऐसी घोषणायें मतदाताओं को आकर्षित करने की एक बड़ी रणनीति का हिस्सा हैं।

परन्तु सत्तारूढ़ राजग के बिहार विधानसभा के सबसे बड़े घटक दल भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेताओं द्वारा चुनाव प्रचार में कुछ अलग ही रंग भरने की कोशिशें की जा रही हैं। बड़ा आश्चर्य है कि लगभग दो दशक से सत्ता में रहने वाला राजग आज भी बिहार वासियों को लालू राज के दौर का कथित जंगल राज याद दिला रहा है? खासकर भाजपा के स्टार प्रचारक शोले फिल्म की तर्ज पर बिहार के मतदताओं को याद करा रहे हैं कि राजग गया तो प्रदेश में गुंडा राज स्थापित हो जायेगा। यह बात तब कही जा रही है जबकि आज भी बिहार में सरे आम अपहरण की घटनाएं हो रही हैं। इसी वर्तमान चुनाव में राजनैतिक लोगों की हत्याएं हो रही हैं। अस्पताल में अपराधियों द्वारा दिन दहाड़े भर्ती मरीज की हत्या की जा रही है। पूरे राज्य में भ्रष्टाचार अपने चरम पर है। शराब बंदी के बावजूद तीन चार गुने रेट पर शराब की होम डिलेवरी की जा रही है। परन्तु ऐसी अनेक नाकामियों के बाद भी वोट, लालू के 20 वर्ष पुराने कथित गुंडा राज को याद दिला कर मांगा जा रहा है?

इसके अलावा क्या प्रधानमंत्री तो क्या गृह मंत्री जैसे भाजपाई स्टार प्रचारक, सभी अपनी पार्टी का वही सधा सधाया विद्वेषपूर्ण राग अलाप रहे हैं। महागठबंधन पर 'तुष्टिकरण ' का आरोप लगा रहे हैं तो कभी उनपर 'घुसपैठियों' को संरक्षण देने का इलजाम लगा रहे हैं। बिहार की सत्ता में सबसे बड़ी भागीदारी निभाने के बावजूद आज भी जिस भाजपा के पास अपना कोई भी राज्य स्तरीय नेता तक न हो जिसने आज तक साफ शब्दों में अपना मुख्य मंत्री का चेहरा घोषित न किया हो वह पार्टी कभी नेहरू को कोस कर तो कभी भावनात्मक बातें कर राज्य के लोगों की शिक्षा, बेरोजगारी, स्वास्थ्य व कानून व्यवस्था जैसे मूल मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है। स्वयं जिस पार्टी के प्रदेश के सबसे बड़े नेता व बिहार के निवर्तमान उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की नकली डिग्री, उनपर बार बार अपना नाम बदलने यहाँ तक कि उनपर सामूहिक हत्याएं करने जैसे आरोप विरोधियों द्वारा संवाददाता सम्मेलन में लगाये जा रहे हों उस भाजपा के मंच से स्वयं प्रधानमंत्री मोदी लोगों को यह बता रहे हैं कि राहुल व तेजस्वी जमानत पर घूम रहे हैं?

घोषणा-पत्र: लोकतंत्र का सशक्त हथियार या चुनावी छलावा?

-ललित गर्ग-

बिहार विधानसभा चुनाव में दोनों ही गठबंधनों ने बढ़-चढ़कर लोकलुभावनी और जनता को आकर्षित या गुमराह करने वाली घोषणाओं से जुड़े चुनावी घोषणा पत्र जारी किए हैं। इन घोषणा पत्रों में जिस तरह की घोषणाएं की गई हैं, वे निश्चित रूप से अतिशयोक्तिपूर्ण हैं। यह प्रश्न अब गंभीर हो गया है कि क्या घोषणा पत्र लोकतंत्र के महाकुंभ यानी चुनाव का सबसे सशक्त हथियार बन चुके हैं या चुनावी छलावा? निश्चित ही यह जनता को रिझाने और प्रभावित करने का प्रमुख माध्यम बन गया है, परंतु सत्ता में आने के बाद कितने राजनीतिक दलों ने अपने घोषणा पत्रों का अक्षरशः पालन किया है, यह बड़ा सवाल है। वास्तव में घोषणा पत्र किसी दल का दृष्टिपत्र होता है, जो उसके विचारों, उद्देश्यों और संकल्पों का सार्वजनिक दस्तावेज है। यह बताता है कि दल सत्ता में आने के बाद राज्य या देश की दिशा कैसी तय करना चाहता है, किन मूलभूत समस्याओं का समाधान करना चाहता है और विकास की कौन सी राह पर चलना चाहता है। घोषणा पत्रों में किए गए वादों को लेकर परस्पर विरोधी दलों में आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला तो छिड़ता है, लेकिन उन्हें लेकर वैसी सार्थक बहस नहीं हो पाती, जैसी विकसित देशों में होती है और जिसके आधार पर वहां स्वस्थ जनमत तैयार करने में मदद मिलती है। हैरानी नहीं कि अपने यहां चुनावी घोषणा पत्र अपनी महत्ता खोते जा रहे हैं।

लोकतंत्र में घोषणा पत्र की भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि यह मतदाताओं के लिए जानकारी और निर्णय का आधार बनता है। मतदाता यह जान सकते हैं कि कौन-सा दल किस विषय पर क्या सोचता है, उसकी प्राथमिकताएं क्या हैं और वह किन वर्गों के कल्याण के लिए क्या योजनाएं रखता है। यह राजनीतिक दलों की जनता के प्रति सार्वजनिक प्रतिज्ञा होती है, एक तरह की जवाबदेही का प्रतीक। लेकिन दुर्भाग्य से भारतीय लोकतंत्र में यह जवाबदेही सिर्फ कागजों पर ही रह गई है। अधिकांश दल चुनाव जीतने के बाद घोषणा पत्रों को भूल जाते हैं। मतदाता भी अपने वोट के बदले वादों की पूर्ति का हिसाब नहीं मांगते। परिणामस्वरूप घोषणा पत्र एक औपचारिकता और दिखावे का माध्यम बनकर रह गए हैं। इतिहास पर नजर डालें तो अधिकांश घोषणाओं का पालन आधा-अधूरा ही हुआ है। राजस्थान में पिछली सरकार ने अपने घोषणा पत्र के लगभग 64 प्रतिशत वादे पूरे किए, जबकि कर्नाटक में सिर्फ तीन प्रतिशत वादे ही पूरे हुए। यह आंकड़े बताते हैं कि घोषणा पत्र को गंभीरता से न तो दल लेते हैं, न जनता। यह स्थिति लोकतंत्र की आत्मा के विपरीत है, क्योंकि लोकतंत्र की मजबूती इसी में है कि जनता अपने प्रतिनिधियों से सवाल करे और जवाब मांगे।

घोषणा पत्रों की एक बड़ी समस्या यह है कि उनमें की गई घोषणाएं वित्तीय दृष्टि से असंभव होती हैं। जनता को खुश करने के लिए ऐसे वादे किए जाते हैं जिनके लिए न तो संसाधन हैं, न कोई ठोस योजना। कोई कानूनी प्रावधान भी नहीं है कि दल अपने वादे पूरे न करने पर जवाबदेह बने। यही कारण है कि चुनाव के बाद घोषणाएं भुला दी जाती हैं। बिहार चुनाव के संदर्भ में देखें तो एनडीए और महागठबंधन दोनों ने अत्यधिक आकर्षक और लोकलुभावन वादों से भरे घोषणा पत्र जारी किए हैं। एनडीए ने अपने ह्यसंकल्प पत्रह्ण में एक करोड़ नौकरियों का वादा किया है, महिलाओं को दो लाख रुपये तक की सहायता, हर जिले में कौशल केंद्र, किसानों के लिए नौ हजार रुपये वार्षिक सम्मान निधि और सात नए एक्सप्रेस-मार्गों के निर्माण की बात कही है। वहीं महागठबंधन ने अपने ह्यतेजस्वी प्रणह्ण में प्रत्येक परिवार को सरकारी नौकरी देने, महिलाओं को ढाई हजार रुपये मासिक सहायता, पच्चीस लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा, दो सौ यूनिट मुफ्त बिजली, किसानों को समर्थन मूल्य की गारंटी और मंडियों की बहाली जैसे बड़े वादे किए हैं। दोनों घोषणाओं में एक बात समान है- वे अत्यधिक महत्त्वाकांक्षी और जन-लोभक हैं। नौकरियों, मुफ्त बिजली, नकद सहायता और भारी निवेश की घोषणाएं सुनने में तो आकर्षक लगती हैं, पर इनकी व्यावहारिकता संदिग्ध है। बिहार जैसे राज्य में, जहां संसाधन सीमित हैं और रोजगार की स्थिति जटिल है, इन वादों को लागू करना आसान नहीं है। घोषणाओं में यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि इतने बड़े खर्चों का वहन कैसे होगा, कौन-से विभाग या योजनाएं इनका संचालन करेंगे और कब तक परिणाम दिखेंगे।

इन घोषणा पत्रों में जनकल्याण की भावना अवश्य है, परंतु वह यथार्थ से अधिक कल्पना पर आधारित लगती है। बिहार की वास्तविक समस्याएं- शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रवासी मजदूर, कृषि संकट, रोजगार और उद्योगों का अभाव, इनका समाधान केवल लोकलुभावन वादों से नहीं होगा। आवश्यक है कि दल घोषणाएं करने से पहले उनकी वित्तीय और प्रशासनिक व्यवहार्यता का गंभीर अध्ययन करें। राजनीति में घोषणा पत्रों का उपयोग अब एक चुनावी हथियार के रूप में हो रहा है, न कि जनसेवा की प्रतिबद्धता के रूप में। मतदाता को भी जागरूक होना होगा कि वे केवल वादों से प्रभावित न हों, बल्कि यह जानने की कोशिश करें कि पिछले चुनावों में किए गए वादों में से कौन-से पूरे हुए। मीडिया और सामाजिक संस्थाओं को भी यह दायित्व निभाना चाहिए कि वे चुनावों के बाद घोषणाओं की निगरानी करें, ताकि दल जवाबदेह बने। घोषणा पत्र तभी सार्थक होंगे जब उनमें किए गए वादे मापनीय, समयबद्ध और संसाधन-सिद्ध हों। दलों को चाहिए कि वे घोषणाओं को नारेबाजी के बजाय ठोस योजनाओं में बदलें। यह भी आवश्यक है कि चुनाव आयोग इस दिशा में कोई नीति बनाए ताकि असंभव और अव्यावहारिक वादों से जनता को भ्रमित न किया जा सके।

ऐसे में विमर्श का विषय यह है कि क्या हमें यह सुनिश्चित नहीं करना चाहिए कि चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों के द्वारा चुनावी घोषणा-पत्र में किए गए वादे को वास्तविक रूप में पूरी तरह से लागू किया जाए? दरअसल चुनावी घोषणा-पत्र अनिवार्य रूप से उन नीतियों की एक सूची है जो एक राजनीतिक दल के द्वारा चुनाव के समय जनता के समक्ष अपने इरादों, उद्देश्यों या विचारों को चुनावी घोषणा-पत्र के रूप में प्रकाशित करती है। मतदान के बाद यदि वह पार्टी सत्ता में आती है तो उन नीतियों पर काम करेगी, ऐसा इसमें कहा जाता है। प्रत्यक्ष रूप से यह चुनाव घोषणा-पत्र एक विजन डाक्यूमेंट है। इसलिए यह घोषणा-पत्र वैधानिक और कानूनी रूप से लागू करने वाला एक योग्य दस्तावेज बनना चाहिए। निश्चित रूप से चुनावी घोषणा-पत्र मतदाताओं के लिए निर्णय लेते समय राजनीतिक दलों के शासन के एजेंडे को उनके विचारों को मापने का एक सशक्त माध्यम है। यह भी कहा जा सकता है कि मतदान लेन-देन के जैसा है। एक बार जब चुनावी वादों पर वोट दिए जाते हैं तो यकीनन इसे एक कानूनी अनुबंध माना जाना चाहिए। जब कोई पार्टी चुनाव जीत कर सत्ता में आती है तो सवाल उठता है कि क्या वह घोषणा-पत्र जो एक अनुबंध का रूप ले चुका है, उसे लागू होना चाहिए या नहीं? जिस सामाजिक अनुबंध सिद्धांत के तहत सरकारें चुनी जाती हैं, क्या किए गए वादों को पूरा करने के संदर्भ में उनकी जवाबदेही तय नहीं होनी चाहिए? चुनाव आयोग को भी इस बारे में नए सिरे से विचार करना चाहिए, ताकि इसका कुछ ठोस समाधान किया जा सके। निश्चित तौर पर कहा जा सकता है कि घोषणा पत्र लोकतंत्र के महाकुंभ में जनता को प्रभावित करने का सबसे सशक्त माध्यम हैं, परंतु जब तक वे केवल वादों की झड़ी बने रहेंगे और उनके पालन की कोई बाध्यता नहीं होगी, तब तक यह लोकतंत्र की सार्थकता को अधूरा रखेंगे। बिहार के दोनों गठबंधनों के घोषणा पत्र लोकतांत्रिक उत्सव की चमक तो बढ़ाते हैं, पर उनका सच समय के साथ ही सामने आएगा कि वे जनता की उम्मीदों को पूरा करते हैं या सिर्फ चुनावी छलावे साबित होते है।

दुनिया में हथियारों की खतरनाक होड़ के सूत्रधार बनेंगे ट्रंप

-मनोज कुमार अग्रवाल-

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के फिर से परमाणु परीक्षण शुरू करने की घोषणा पर दुनिया में जबरदस्त हलचल मच गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 33 साल बाद परमाणु परीक्षण का आदेश दिया है. चीन और रूस की टेस्टिंग के बीच यह फैसला वैश्विक तनाव बढ़ा सकता है और एनपीटी समझौते पर सवाल खड़े करता है। ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिका के पास दुनिया में सबसे ज्यादा परमाणु हथियार हैं, लेकिन इंटरनेशनल कैंपेन टू एबॉलिश न्यूक्लियर वेपंस के अनुसार, रूस के पास लगभग 5, 500 परमाणु वारहेड हैं, जबकि अमेरिका के पास करीब 5, 044 हैं। हाल ही में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने परमाणु हमले की तैयारी के अभ्यास का आदेश दिया था. रूसी सेना ने इंटरकांटिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल यार्स और सिनेवा मिसाइल का परीक्षण किया, साथ ही टीयू-95 बमवर्षक विमान से लंबी दूरी की क्रूज मिसाइल भी दागी. ट्रंप ने इन परीक्षणों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि पुतिन को युद्ध खत्म करने पर ध्यान देना चाहिए, न कि मिसाइल टेस्ट करने पर। ट्रंप के परमाणु परीक्षण के आदेश से वैश्विक स्तर पर हड़कंप मच गया है. विशेषज्ञों का कहना है कि यह कदम वैश्विक निरस्त्रीकरण प्रयासों को कमजोर कर सकता है और न्यूक्लियर नॉन-प्रोलिफरेशन ट्रीटी का उल्लंघन भी माना जा सकता है, जिसे अमेरिका ने 1992 में साइन किया था.

आपको बता दें कि इस पर तीखी प्रतिक्रिया आ रही है। ईरानी के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने एक्स पर एक पोस्ट लिखकर ट्रम्प के बयान की तीखी आलोचना की। उनका कहना था कि अपने रक्षा विभाग का नाम बदलकर युद्ध विभाग रखने वाला परमाणु हथियारों से लैस दबंग देश खुद परमाणु हथियारों का परीक्षण करने जा रहा है। यही दबंग देश ईरान के शांतिपूर्ण परमाणु कार्यक्रम को बदनाम कर रहा है और हमारे सुरक्षित परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमले की धमकी दे रहा है। इससे पहले ये जानना जरूरी है कि परमाणु परीक्षण क्या है और इसके क्या नुकसान हो सकते हैं। नाभिकीय अस्त्र परीक्षण या परमाण परीक्षण उन प्रयोगों को कहते हैं जो डिजाइन एवं निर्मित किए गए नाभिकीय अस्त्रों के प्रभाविकता, उत्पादकता एवं विस्फोटक क्षमता की जांच करने के लिए किए जाते हैं। परमाणु परीक्षणों से कई जानकारियां प्राप्त होतीं हैं, जैसे ये नाभिकीय हथियार कैसा काम करते है, विभिन्न स्थितियों में ये किस प्रकार का परिणाम देते है, भवन एवं अन्य संरचनाएं इन हथियारों के

बीसवीं सदी में कई देशों ने परमाणु परीक्षण किए थे। पहला परमाणु परीक्षण अमेरिका ने 16 जुलाई, 1945 में किया था जिसमें 20 किलोटन का परीक्षण किया गया था। अब तक का सबसे बड़ा परमाणु परीक्षण सोवियत रूस में 30 अक्टूबर 1961 को किया गया था जिसमें 50 मेगाटन के हथियार का परीक्षण किया गया था। 25 मई, 2009 को उत्तरी कोरिया ने परमाणु परीक्षण किया था, जिसे विश्व के अधिकांश देशों ने निंदनीय बताया है। विश्व के परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्रों ने अब तक कम से कम 2000 परमाणु परीक्षण किए हैं।

प्रयोग के बाद कैसा बर्ताव करतीं हैं। इसके अलावा परमाणु परीक्षणों से वैज्ञानिक, तकनीकी एवं सैनिक शक्ति का प्रदर्शन करने की कोशिश भी की जाती है।

बीसवीं सदी में कई देशों ने परमाणु परीक्षण किए थे। पहला परमाणु परीक्षण अमेरिका ने 16 जुलाई, 1945 में किया था जिसमें 20 किलोटन का परीक्षण किया गया था। अब तक का सबसे बड़ा परमाणु परीक्षण सोवियत रूस में 30 अक्टूबर 1961 को किया गया था जिसमें 50 मेगाटन के हथियार का परीक्षण किया गया था। 25 मई, 2009 को उत्तरी कोरिया ने परमाणु परीक्षण किया था, जिसे विश्व के अधिकांश देशों ने निंदनीय बताया है। विश्व के परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्रों ने अब तक कम से कम 2000 परमाणु परीक्षण किए हैं। हालांकि अब इस पर अंतर्राष्ट्रीय कानून बने हुए हैं, जिनका पालन करना दुनिया के हर देश का कर्तव्य है, लेकिन अब ट्रम्प ने परमाणु परीक्षण की बात कहकर दुनिया में हलचल मचा दी है। अगर अब परमाणु परीक्षण होता है, तो यह अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का घोर उल्लंघन है। इस तरह अमेरिकी राष्ट्रपति ने परमाणु परीक्षण की बात कहकर इन कानूनों का उल्लंघन किया है। ईरान के विदेश मंत्री का साफ कहना था कि अमेरिका दुनिया में परमाणु प्रसार का सबसे बड़ा खतरा है। उल्लेखनीय है कि श्री ट्रम्प ने दक्षिण कोरिया में एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपेक) शिखर सम्मेलन से इतर चीन के प्रधानमंत्री शी जिनपिंग से मुलाकात से ठीक पहले गुरुवार को अपने ट्रूथ सोशल प्लेटफॉर्म पर लिखा था कि उन्होंने अमेरिका के रक्षा विभाग को परमाणु हथियारों के परीक्षण का आदेश दिया है। अन्य देशों के परीक्षण कार्यक्रमों के कारण, मैंने युद्ध विभाग को निर्देश दिया है कि वे हमारे परमाणु हथियारों का समान परीक्षण शुरू करें। रूस ने अमेरिकी राष्ट्रपति के इस बयान पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि रूस ने हाल में कोई परीक्षण नहीं किया है, लेकिन अगर अमेरिका ऐसा करता है, तो रूस भी परमाणु हथियारों का परीक्षण शुरू कर देगा। सोवियत संघ ने आखिरी बार 1990 में, अमेरिका ने 1992 में और चीन ने 1996 में परमाणु हथियार का परीक्षण किया था। चीन ने हालांकि ट्रम्प के बयान पर संतुलित रुख अपनाया। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन का कहना था कि बीजिंग को उम्मीद है कि अमेरिका व्यापक परमाणु परीक्षण-प्रतिबंध संधि (सीटीबीटी) और परमाणु परीक्षणों पर उसके प्रतिबंधका पालन करेगा। नोबेल शांति पुरस्कार जीतने वाले जापानी परमाणु बम पीड़ितों के समूह निहोन हिडांक्यो ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की घोषणा कड़ी आलोचना की है और इसे पूरी तरह अस्वीकार्य बताया है।

उधर अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी) ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका परीक्षण दोबारा शुरू करता है, तो यह हथियारों की नई दौड़ को जन्म दे सकता है. अमेरिकी सीनेटर एलिजाबेथ वॉरेन ने कहा, ह्यट्रंप परमाणु हथियारों को खिलौना बना रहे हैं.ह्ण दुनिया भर के विश्लेषकों का मानना है कि अमेरिका का यह कदम रूस और चीन के बढ़ते परमाणु प्रभाव के जवाब में है, लेकिन इससे अंतरराष्ट्रीय शांति और स्थिरता को बड़ा झटका लग सकता है. यह स्थिति विश्व भर में हथियारों की खतरनाक होड़ को जन्म दे सकती है।

मोकामा में रक्तरंजित राजनीति व जातीय समीकरणों का नया गणित

-विनोद कुमार सिंह-

बिहार विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण से पहले ही मोकामा में हुई जन सुराज समर्थक नेता दुलारचंद यादव की हत्या ने राज्य की राजनीति में सनसनी मचा दी है। यह घटना न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों पर गहरी चोट है, बल्कि यह बिहार की उस पुरानी सियासी संस्कृति को भी उजागर करती है, जहाँ बाहुबल, जाति और सत्ता का संगम अक्सर खून-खराबे का सबब बनता है। हत्या से उपजा सियासी तूफान मोकामा विधानसभा क्षेत्र में जन सुराज पार्टी के कार्यकर्ता और वरिष्ठ नेता दुलार चंद यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई। उनके समर्थकों ने आरोप लगाया कि जदयू प्रत्याशी और बाहुबली नेता अनंत सिंह के समर्थकों ने पहले लाठी-डंडों से हमला किया और फिर यादव को कार से कुचल दिया। वहीं अनंत सिंह ने पलटवार करते हुए कहा कि जन सुराज समर्थकों ने उनके काफिले पर पथराव किया, जिसमें उनके कई समर्थक घायल हुए औरअफरातफरी में किसी ने गोली चला दी। इस घटना ने मोकामा की राजनीति को आग में झोंक दिया है। तेजस्वी यादव, पप्पू यादव और कई अन्य विपक्षी नेताओं ने प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठाए हैं। पप्पू यादव ने कहा, हर बड़ी घटना में अनंत सिंह का नाम क्यों आता है? यह बयान अपने आप में बहुत कुछ कह जाता है। दुलारचंद यादव कभी लालू प्रसाद यादव के बेहद करीबी माने जाते थे। टाल क्षेत्र में उनका वर्चस्व रहा और वे 1990 के दशक में मोकामा से चुनाव भी लड़ चुके थे। उनका नाम राजनीति के साथ-साथ अपराध की दुनिया से भी जुड़ा रहा। हाल के वर्षों में वे जन सुराज पार्टी के प्रत्याशी पीयूष प्रियदर्शी उर्फ लल्लू मुखिया के समर्थक बने और खुलेआम अनंत सिंह के खिलाफ बयान देने लगे। यही विरोध अबउनके जीवन का अंत साबित हुआ।

बिहार विधान सभा चुनाव में मोकामा :-सर्व विदित रहे कि बिहार में बाहुबल और राजनीति की प्रयोगशाला पटना से लगभग 85 किलोमीटर दूर स्थित मोकामा है। यहाँ की विधानसभा क्षेत्र बिहार की राजनीति का प्रतीक-क्षेत्र बन चुका है। यहाँ जाति, बाहुबल और जनाधार का अनोखा समीकरण है। 1951 में गठित यह विधानसभा क्षेत्र मुंगेर लोकसभा सीट के अंतर्गत

तेजस्वी यादव, पप्पू यादव और कई अन्य विपक्षी नेताओं ने प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठाए हैं। पप्पू यादव ने कहा, हर बड़ी घटना में अनंत सिंह का नाम क्यों आता है? यह बयान अपने आप में बहुत कुछ कह जाता है। दुलारचंद यादव कभी लालू प्रसाद यादव के बेहद करीबी माने जाते थे। टाल क्षेत्र में उनका वर्चस्व रहा और वे 1990 के दशक में मोकामा से चुनाव भी लड़ चुके थे।

आता है। यहाँ का इतिहास बताता है कि 1990 के दशक से बाहुबली नेताओं का बोलबाला रहा है। पहले ह्यबड़े सरकारह्ण दिलीप सिंह, फिर ह्यछोटे सरकारह्णअनंत सिंह। अनंत सिंह ने 2005 से 2020 तक पाँच बार इस सीट पर विजय हासिल की-चाहे वे जदयू, राजद या निर्दलीय उम्मीदवार रहे हों। 2020 में जेल से चुनाव जीतने के बाद भी उनका प्रभाव अडिग रहा, और 2022 में पत्नी नीलम देवी को उपचुनाव में विजेता बनाकर उन्होंने अपना किला बचाए रखा। विधान सभा चुनाव जीत की कुंजी मोकामा की सामाजिक संरचना बिहार की सियासत का सूक्ष्म प्रतिबिंब है। भूमिहार समुदाय यहाँ निर्णायक भूमिका में है, परंतु यादव, कुर्मी, धानुक, पासवान और अति पिछड़ी जातियाँ भी परिणाम तय करती हैं। दुलारचंद यादव की हत्या से यादव और ओबीसी वर्ग में गुस्सा देखा जा रहा है, जो जनसुराज और राजद के पक्ष में लामबंदी की भूमिका निभा सकता हैवहीं, भूमिहार मतदाता परंपरागत रूप से अनंत सिंह के साथ रहे हैं, लेकिन इस घटना ने उनके बीच भी असहजता पैदा की है। यदि यह असंतोष जदयू के कोर वोट बैंक में सेंध लगाता है, तो मोकामा का ह्यअभेद्य किलाह्ण दरक सकता है। इसका राजनीतिक प्रभाव और संभावित परिणाम -

1. जन सुराज पार्टी के लिए सहानुभूति लहर-हत्या ने पीयूष प्रियदर्शी के लिए सहानुभूति की जमीन तैयार कर दी है।
2. अनंत सिंह की छवि पर आघात-बाहुबली की पहचान अब उनके लिए शक्ति नहीं, बोझ बन सकती है।
3. राजद और कांग्रेस के लिए अवसर -यादव और अति पिछड़े मतदाताओं के एकजुट होने से महागठबंधन को अप्रत्यक्ष लाभ मिल सकता है।
4. एनडीए की रणनीति पर दबाव-जदयू और बीजेपी के लिए यह सीट अब सम्मानजनक हार से बचाने की चुनौती बन गई है।

बिहार विधान सभा चुनाव 25 की यह रक्तरंजित राजनीति राजनीतिज्ञ पंडितो का कहना है कि यह घटना भारतीय लोकतंत्र के लिए खतरें की घंटी है। बिहार के इस विधान सभा चुनाव ने एक बार फिर साबित कर रहा है कि यहाँ लोकतंत्र अब भी जातीय निष्ठा और हथियारों के साए में साँस लेता है। दुलारचंद यादव की हत्या सिर्फ एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि उस लोकतांत्रिक चेतना की हत्या है जो बिहार को बदलाव की राह पर ले जाने की कोशिश कर रही थी। मोकामा का ऐतिहासिक गौरव और आज का विरोधाभास-1908 में यहीं मोकामा घाट स्टेशन पर क्रांतिकारी प्रफुल्ल चाकी ने ब्रिटिश मजिस्ट्रेट किंग्सफोर्ड की हत्या के प्रयास के बाद आत्मबलिदान दिया था। आज वही भूमि राजनीतिक हिंसा और बाहुबलीकरण का प्रतीक बन चुकी है-यह बिहार की विडंबना है कि जहाँ कभी क्रांति के लिए गोली चली थी, अब सत्ता के लिए चलती है। दुलारचंद यादव हत्याकांड ने बिहार के पहले चरण के चुनाव को एक भावनात्मक मोड़ दे दिया है। यदि यह मामलाजनमानस में अनंत सिंह के खिलाफ लहर बनाता है, तो यह मोकामा ही नहीं, आस-पास की सीटों पर भी असर डाल सकता है। दूसरी ओर, यदि एनडीए इसे राजनीतिक षड्यंत्र के रूप में पेश कर पाने में सफल रहा, तो परिणाम अप्रत्याशित हो सकते हैं। लेकिन इतना तय है कि मोकामा की यह रक्तरंजित घटना 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव को जातीय और नैतिक दोनों ही दृष्टियों से निर्णायक मोड़ पर पहुँचा चुकी है।

मूल प्रश्न यह नहीं कि किसने गोली चलाई बल्कि यह कि बिहार में लोकतंत्र कब तक बंदूक की नली से निकलेगा।

स्वामीः गायत्री मीडिया, मुद्रकः रजनी कुमारी, प्रकाशक व संपादकः शैलेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रैस, डी-85, नोएडा, सेक्टर-6, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश से मुद्रित
कराकर कार्यालय, बी-102, पांडव नगर, नियर एमसीडी स्कूल, नई दिल्ली-110092 से प्रकाशित। सभी विवादों के न्याय क्षेत्र दिल्ली न्यायालय में होगा। RNI No-DELHIN/2017/75336 (M) 9818087861

P-07:28 paga09_jhn.qxd 11/2/2025 6:27 PM Page 1

आधारशिला द स्कूल द्वारा अपना वार्षिकोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि : पूर्व परिवहन मंत्री उत्तर प्रदेश व विधान परिषद सदस्य अशोक कटारिया
*** विवेक विश्वविद्यालय कुलाधिपति अमित गोयल**
*** पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा बिजनौर सुभाष वाल्मीकि**
उत्तम भारत संवाददाता

चांदपुर। नगर के आधारशिला 'द स्कूल' में सप्तरंग 2025 वार्षिकोत्सव के 7वें संस्करण का रंगारंग समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व परिवहन मंत्री उत्तर प्रदेश शासन एवं सदस्य विधान परिषद उत्तर प्रदेश अशोक कटारिया विद्यालय के संरक्षक श्री राधेश्याम कर्णवाल भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष बाल्मीकि एवं विवेक विश्वविद्यालय बिजनौर के कुलाधिपति अमित गोयल एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विभाग संगठन मंत्री सतेंद्र भाई साहब विशिष्ट अतिथियों के रूप में उपस्थित रहे। औपचारिक शुरुआत इन विशिष्ट महानुभावों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी माँ सरस्वती की वंदना के साथ हुआ।

इसके पश्चात विद्यालय प्रबंधक विवेक कर्णवाल एवं श्रीमती एकता कर्णवाल द्वारा सभी विशिष्ट अतिथियों को पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर एवं बैज लगाकर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्या अनीता शर्मा ने अपने स्वागत उद्बोधन में मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि उपस्थित सम्मानित गणमान्य जन का हार्दिक धन्यवाद प्रेषित किया।

कार्यक्रम गणेश वंदना के साथ प्रारंभ हुआ जिसमें विद्यालय के छात्र छात्राओं ने भगवान गणेश की बड़ी ही मनोहारी झाँकी प्रस्तुत की जिसका निर्देशन कोमल चौहान रजनी शर्मा के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ। इसके पश्चात अभिभावकों को समर्पित मातृ पितृ देवो भवः कार्यक्रम प्रस्तुत हुआ जिसका निर्देशन काजल वर्मा एवं महिमा राजपूत ने किया था। इसके पश्चात स्वतंत्रता के आंदोलन में कित्तूर की महारानी चेनम्मा के योगदान को याद करते हुए एक लघु नाटिका प्रस्तुत की गई जिसका निर्देशन कमलेश कुमार जोशी एवं भावना अहलावत ने किया था। इसके बाद पृथ्वी पर कल-कल निनाद करती माँ गंगा के अवतरण की प्रस्तुति देते हुए गंगावतरण के रूप में एक लघु नाटिका प्रस्तुत की गई जिसका कुशल निर्देशन चतुर्भुज पाण्डेय, पूजा पाण्डेय एवं वैशाली मित्तल ने किया था। इसके पश्चात बॉलीवुड सिनेमा जगत में तमिल सिनेमा के योगदान को याद करते हुए एक कार्यक्रम प्रस्तुत हुआ जिसका कुशल निर्देशन महिमा राजपूत, शेफाली सिंघल एवं आयुषी ने किया था। इसके पश्चात वृंदावन की गलियों में भगवान श्रीकृष्ण की बाल-लीलाओं एवं उनके द्वारा गोवर्धन पर्वत को उठाने की सुंदर एवं मनोहारी झाँकी प्रस्तुत हुई जिसका निर्देशन गगन शर्मा विकास सैलानी वैशाली मित्तल श्वेता तोमर, मनीषा आदि ने किया था। इसके पश्चात भारतवर्ष के सम्राट चन्द्रगुप्त एवं उनके गुरु चाणक्य की जीवनी को प्रदर्शित करती हुई एक लघु नाटिका प्रस्तुत की गई जिसका निर्देशन कुलदीप शर्मा एवं शैलेंद्र शर्मा ने किया था। इसके पश्चात आदिशक्ति जगतजनी मां दुर्गा के नौ रूपों की प्रस्तुति देते हुए एक नृत्य प्रस्तुत किया गया जिसमें मां दुर्गा के नौ रूपों की छवि विद्यमान थी जिसका निर्देशन प्रियंका गोयल एवं हंसाली चौहान ने किया था। इसके बाद भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत एवं भारत के विभिन्न क्षेत्रों की विविधताओं को प्रदर्शित करती हुई एक लोक नृत्य प्रस्तुत किया गया जिसका कुशल निर्देशन ऋतु गर्ग कृतिका चौहान काजल भाटिया एवं विकास सैलानी ने किया था। भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में जिन वीर बलिदानियों ने अपने प्राणों की कुर्बानी दी थी उन्हें परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया था,इसी झांकी को प्रस्तुत करते हुए परमवीर चक्र के रूप में

एक शानदार प्रस्तुति की गई थी जिसका निर्देशन अम्बुज भारद्वाज एवं प्रीति चौहान ने किया था। इसके बाद भगवान विष्णु के नृसिंह अवतार की मनमोहक एवं सुंदर झांकी प्रस्तुत की गई जिसका कुशल निर्देशन कोमल चौहान रजनी शर्मा एवं भावना शर्मा ने किया था। इसके बाद छत्रपति संभाजी महाराज के शौर्य गाथा को प्रदर्शित करती हुई एक लघु नाटिका का आयोजन हुआ जिसका निर्देशन गगन शर्मा सुंदरपाल सिंह एवं हेमंत त्यागी ने किया था। इस झाँकी का विशेष आकर्षण छात्र छात्राओं द्वारा अखाड़े का प्रदर्शन रहा जिसे सभी दर्शकों ने बहुत सराहा और इस समारोह की अंतिम प्रस्तुति के रूप में भारत की पहचान शास्त्रीय नृत्य के रूप में हुआ, जिसका निर्देशन दीपिका शर्मा एवं विभूति त्यागी ने किया था। वार्षिकोत्सव के रंगारंग कार्यक्रम की अंतिम प्रस्तुति नमस्ते इंडिया के रूप में हुई।

इस वार्षिकोत्सव के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सदस्य विधान परिषद उत्तर प्रदेश एवं पूर्व परिवहन मंत्री अशोक कटारिया ने अपने आतिथ्य उद्बोधन में विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा प्रदर्शित सभी कार्यक्रमों की हृदय से सराहना करते हुए उन सभी को अपना आशीर्वाद दिया एवं जीवन में शिक्षा के साथ-साथ इन पाठ्येतर सहगामी क्रियाकलापों में भाग लेना चाहिए जिससे हमारा सम्पूर्ण विकास हो सके,ऐसा बताया। उन्होंने विद्यालय प्रबंधक द्वारा इतनी शानदार एवं सफल आयोजन को भी साधुवाद देते हुए विद्यालय की भूरि- भूरि प्रशंसा की।

विद्यालय के प्रबंधक विवेक कर्णवाल ने इस वार्षिकोत्सव में उपस्थित मुख्य अतिथि एवं अतिविशिष्ट अतिथियों गणमान्य नागरिकों समस्त अभिभावकों मातृशक्तियों मीडियाकर्मी बंधुओं एवं पत्रकार बंधुओं को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस वार्षिकोत्सव के सभी कार्यक्रमों के सफल एवं शानदार आयोजन में स्कूल कोऑर्डिनेटर बबिता त्यागी का विशेष एवं सराहनीय योगदान रहा।

कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक विवेक कर्णवाल एवं एकता कर्णवाल, प्रधानाचार्या अनीता शर्मा उप प्रधानाचार्य बिजेन्द्र सिंह नेगी एवं मित्रविंदा कर्णवाल का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त शिक्षक- शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा।

जंगल में मिले युवक-युवती के शव, दोनों के गले में थी टूटी हुई रस्सी

उत्तम भारत संवाददाता

बिजनौर। बिजनौर-चांदपुर मार्ग पर स्थित गांव लक्खीवाला के पास आम के बाग में शनिवार शाम युवक और युवती के शव पड़े मिले। पुलिस दोनों की पहचान करने के प्रयास में जुटी है। हत्या या आत्महत्या दोनों ही पहलुओं पर जांच की जा रही है।

शहर कोतवाली पुलिस को शनिवार देर शाम जंगल में स्थित एक पेड़ के नीचे तकरीबन 25 साल के युवक और एक युवती का शव पड़ा होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने मुआयना किया और दोनों शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए।

घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने बताया कि मौके के हालात को देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि दोनों के शव पेड़ पर लटके हुए होंगे। लेकिन रस्सी टूटने के कारण दोनों पेड़ के नीचे आ गिरे। दोनों ही शव कई दिन पुराने प्रतीत हो रहे हैं। उधर नीचे पड़े होने के कारण महिला के शव का कुछ हिस्सा किसी जंगली जानवर ने खा लिया है। फिलहाल दोनों ही शव की शिनाख्त करने के प्रयास किया जा रहे हैं। अनुमान है कि दोनों ने पेड़ से लटक कर आत्महत्या की होगी। लेकिन हत्या या आत्महत्या दोनों ही बिंदुओं पर जांच की जा रही है। उधर मृतक युवक की जेब से एक आधार कार्ड मिला है जिसमें गंज निवासी होना प्रतीत हो रहा है। पता और पहचान की पुष्टि के लिए मौके पर टीम रवाना की गई है। फिलहाल पुलिस के प्राथमिक जांच में दोनों का प्रेमी युगल होना सामने आ रहा है।

मिशन शक्ति के अंतर्गत किया गया जागरूक

उत्तम भारत संवाददाता

चांदपुर। मिशन शक्ति टीम व एंटी रोमियो टीम थाना चांदपुर जनपद बिजनौर द्वारा महिलाओं व बच्चियों को महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर 1090 वूमेन पावर लाइन 1098 चाईल्ड हेल्प लाइन 112 आपात कालीन सेवा 108 स्वास्थ्य सेवा 1930 साइबर हेल्प लाइन आदि के विषय में जानकारी दी गई एवं उनकी समस्याएं पूछी गई। तथा संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई।

किसानों ने मिलकर अस्थाई पुल का किया निर्माण

उत्तम भारत संवाददाता

नांगल सोती। पूंडरी कला और बरमपुर गांव के बीच प्रवाहित मालन नदी पर ग्रामीण और किसानों ने मिलकर अस्थाई पुल का निर्माण किया है। जिससे ग्रामीणों का नदी पार के गांव तथा किसानों का अपने खेतों से संपर्क फिर से
जुड़ गया है।

हर साल की तरह गांव पुंडरी कला के समीप प्रवाहित मालन नदी पर ग्रामीणों द्वारा बनाया अस्थाई पुल बरसात में आए पानी के उफान में ध्वस्त हो गया था। बरसात के बाद लगभग तीन महीने से क्षेत्र के बरकातपुर, पुंडरी खुर्द, पुंडरी कला, बीतरा सहित कई गांव का संपर्क नदी पार के गांव और खेतों से टूटा हुआ था। अब नदी में उफान शांत होने के बाद सुबोध कुमार, सागर सिंह, टीपू, अरुण कुमार, मेनपाल सिंह, सुनील कुमार, शिशुपाल सिंह, संतराम सिंह, सत्यपाल सिंह आदि ग्रामीणों ने हर साल की तरह इस बार भी अपनी समस्या खुद दूर करने की ओर कदम बढ़ाए हैं। जिसमें उत्तम शुगर मिल भी ग्रामीणों का पूर्ण सहयोग करने की ओर अग्रसर है। जेसीबी की सहायता से ग्रामीण सीमेंटेड पाइप डालकर मालन नदी पर आवाजाही शुरू करने के लिए अस्थाई पुल निर्माण कर रहे हैं। जिससे किसानों को भी उत्तम शुगर मिल पर गन्ना आपूर्ति करने में काफी मदद मिलेगी।

किसान सभा जिला अध्यक्ष बने तुलाराम सैनी

*** फरीद अहमद बने जिला मंत्री बने**
उत्तम भारत संवाददाता

नांगल सोती । माकापा अखिल भारतीय किसान सभा से सम्बद्ध उत्तर प्रदेश किसान सभा इकाई जनपद बिजनौर के नांगल सोती में आयोजित 36 वें सम्मेलन में आगामी तीन वर्षों के लिये का तुलाराम सैनी को जिला अध्यक्ष व फरीद अहमद को पुनः जिला मंत्री चुना गया। उत्तर प्रदेश किसान सभा से नियुक्त पर्यवेक्षक कामरेड डी. पी. सिंह एवं चन्द्रपाल सिंह की देखरेख में 24 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। कमेटी में कामरेड तुलाराम सैनी निवासी चांदपुर को अध्यक्ष, राघव प्रताप एड.निवासी मंडावली, इसरार अली निवासी स्योहारा को उपाध्यक्ष, कामरेड. फरीद अहमद निवासी सहसपुर को मंत्री, मांगेराम निवासी चांदपुर एवं इसरार अहमद निवासी नजीबाबाद को उपमंत्री तथा बदरूल हसन निवासी चांदपुर को कोषाध्यक्ष चुना गया है। सम्मेलन वीके फार्म हाउस नांगल सोती में कामरेड अमर सिंह एवं कामरेड हरपाल सिंह की अध्यक्षता व कामरेड फरीद अहमद के संचालन में सम्पन्न हुआ

जलीलपुर में तिथि भोजन का बना कीर्तिमान

उत्तम भारत संवाददाता

चांदपुर। देवोत्थान तिथि को एक नंबर 2025 को ब्लॉक जलीलपुर के विभिन्न परिषदीय प्राथमिक ,उच्च उच्च प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालयो में तिथि गई स्कूली बच्चों को भोजन की अनूठी पहल शुरू की गई मध्याह्न भोजन प्राधिकरण उ.प्र. के निर्देशों से स्थानीय समुदाय स्कूलों में शिक्षण व्यवस्था से जुड़करौर निकट आने का अवसर मिलेगा कि समाज के संभ्रांत व्यक्तियों और गणमान्य नागरिकों सहित सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा भी परिषदीय विद्यालयों में तिथि भोजन कराया गया गजेन्द्र सिंह खंड शिक्षा अधिकारी जलीलपुर,बिजनौर ने बताया कि आज देवोत्थान तिथि 01 नवंबर 2025 को मध्याह्न भोजन प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार ब्लॉक के लगभग 45 परिषदीय विद्यालयों में विभिन्न समाज सेवियों द्वारा विद्यालय के छात्रों को भोजन मेन्यू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण एवं पौष्टिक भोजन कराया गया पूर्ण तिथि भोजन कार्यक्रम जनसहभागिता के माध्यम से लगभग 3094 से भी अधिक स्कूली छात्र लाभान्वित हुए हैं और इस मद में स्कूलों को लगभग ज्र25,536/- से भी अधिक धनराशि की बचत हुई है इतने छात्रों को एक साथ एक ही दिन बड़ी संख्या में यह पूर्ण तिथि भोजन की गतिविधि स्वयं में एक कीर्तिमान स्थापित करने जैसा महत्वपूर्ण कदम और अनुकरणीय पहल भी है।

गौरतलब है कि इस विशेष उपलब्धि के लिए सबसे पहले उन्हीं शिक्षकों ने ही स्वयं स्वेच्छा से एक अनुकरणीय मिसाल स्थापित करने के लिए रोचक दृष्टांत प्रस्तुत किया है जिन्होंने अपने सभी स्कूलों में शत प्रतिशत इनवर्टर्स की उपलब्धता कुल 193 स्कूलों में से सभी 193 स्कूलों में ही उपलब्धता सुनिश्चित करके एक महान परम्परा सहित उदारता और संवेदनशीलता से करके एक अनुकरणीय मिसाल पेश की है।

विदित हो कि परिषदीय स्कूलों में सामान्यतया अपवंचित समुदाय और साधन-संसाधनों से विहीन परिवारों और दुर्बल आय वर्ग के परिवारों से ही अधिकांश बच्चे आते हैं जिनकी स्कूलों में बेहतर उपस्थिति और पूर्ण कालिक ठहराव से इन संसाधनों का बहुत गहरा सकारात्मक प्रभाव परिलक्षित भी हो रहा है। स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए स्कूल में उपलब्ध उन सभी इलेक्ट्रॉनिक और अन्य उपकरणों व संसाधनों के सुचारू उपयोगार्थ 24 घंटे पावर बैकअप की उपलब्धता पूर्व से ही एक प्रभावी पहल साबित हो चुकी है। क्षेत्र के कुछ स्वैच्छिक सामाजिक कार्यकर्ताओं में जिनमें अवधेश कुमार अग्रवाल,श्रीमती संतोष कुमारी चौहान,श्रीमती कमला देवी, रामनिवास सिंह,डॉ.अर्णव चौहान, निहारिका सिंह,आराध्या यादव,ऋतिक कुमार,विश्वंभर सिंह चौहान,अब्दुल कादिर, याना,दिव्य देव आर्य, डॉ. निखिल की।आर आर्य, डॉ.आस्था सिंह, अब्दुल अजीज, अरहानअरमान, तमीजुद्दीन हाशमी, मलखान सिंह, वैष्णवी,छतर सिंह,अदिति नगर,धर्म सिंह, योगेश कुमार, सारा नवी, ओमकार सिंह, रूपा देवी हरपाल सिंह, शमशाद अली,सुनीता भाटिया,इंदर भाटिया आदि ने *स्वेच्छा से पूर्ण तिथि भोजन का सफलता पूर्वक आयोजन करके जनपद बिजनौर में एक विशेष कीर्तिमान स्थापित किया है।* क्षेत्र में बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत परिषदीय स्कूलों में की गई यह रोचक गतिविधि सकारात्मक रूप से आज चर्चा का विषय भी बनी रही है।

भगवान ऋषभदेव रथ के नगर मे पहुंचने पर किया भव्य स्वागत

उत्तम भारत संवाददाता

नहटौर। भगवान ऋषभदेव जन्मभूमि अयोध्या तीर्थ प्रभावना रथ के नगर मे पहुंचने पर धार्मिक उत्साह के साथ भव्य स्वागत किया गया। ये रथ दो वर्ष पूर्व अयोध्या नगरी से अपनी यात्रा प्रारम्भ कर देश भ्रमण करते हुए नगर में पहुंचा। नगर में रथ के आगमन के साथ ही जैन समाज मे एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है।

प्राप्त समाचार के अनुसार भगवान ऋषभदेव जन्मभूमि अयोध्या तीर्थ प्रभावना रथ के नगर मे शुक्रवार की देर रात जैन विद्या मंदिर इंटर कॉलेज पहुंचने के बाद शनिवार को रथ यात्रा का नगर भ्रमण कराया गया। नगर भ्रमण से पूर्व धार्मिक अनुष्ठान और पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। इस दौरान एक विशेष बोलियों का कार्यक्रम भी हुआ।

जिसमें जेन समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सौ धर्म इंद्र की बोली विवेक जैन और नीतू जैन, कुबेर की बोली आदेश जैन और रीता जैन, दीप प्रज्वलित करने की बोली हेमा जैन और राजेश जैन व पालना बोली अनुराग जैन और अंजू जैन ली। बोली धारको ने श्री जी को नमन करते हुए रथ में सवार होकर जैन विद्या मंदिर इंटर कॉलेज से रथ यात्रा का शुभारंभ किया। जैन विद्या मंदिर इंटर कॉलेज से शुरू हुई रथ यात्रा एजेंसी चौराहा, कालू की आढत, हलवाईयन, सब्जी मंडी, पंचायती मंदिर, मोहल्ला चौधरियान और होलियान से होते हुए अपने गंतव्य की ओर बढ़ी। यात्रा के दौरान, नगर में विभिन्न स्थानों पर जैन समाज के लोगों ने रथ में सवार पालकी की पूजा-अर्चना की और भगवान ऋषभदेव के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। इस पुनीत आयोजन में जैन मंदिर के प्रबंधक राजीव जैन, राजेश जैन, विवेक जैन, श्रेयांश जैन, आदेश जैन, संदीप जैन, अनुराग जैन, नीरज जैन, वंदना जैन, वंश जैन, सिद्धांत जैन, नितिन जैन, लोकेश जैन और दीपक जैन सहित बड़ी संख्या में समाज की महिला व पुरुषों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

तुलसी शालिग्राम विवाह में दो कन्याओं को भेंट की विवाह सामग्री

उत्तम भारत संवाददाता

धामपुर। साई सेवा संघ धार्मिक सामाजिक संस्था धामपुर व हंगामा लोक सामाजिक,साहित्य समिति धामपुर बिजनौर के सयुक्त तत्वाधान में डॉ जितेन्द्र कौशिक निर्मला कौशिक राखी कौशिक उपासना कौशिक द्वारा तुलसी शालिग्राम विवाह में दो कन्याओ को विवाह सामग्री व उपहार भेट किये गए। कार्यक्रम में संस्था के सदस्य शशिबाला शर्मा,राजेन्द्र शर्मा, ,सुदेश शर्मा,अनिल अग्रवाल, सुनीता गोस्वामी, पुष्पा सैनी,सृष्टि अग्रवाल,ललिता यादव,तुलसी जोशी,सार्थक रस्तौगी, सुषमा रस्तौगी, रौनक, शम्भू रस्तौगी, रजनी रस्तौगी,डॉ रश्मि रावल,ऐश्वर्या चौधरी, बीना,शिवानी,संजना,सृष्टि,पायल,गुंजन,परी,सन्ध्या,अनिल कश्यप,रवि चौहान, दिनेश चंद्र अग्रवाल नवीन,मनोरमा,अनिता, रेखा कात्यायन, अंजू अग्रवाल,प्रतिभा मित्तल,सरोज,सरला,मनीष, स्नोहि,निर्मला मालवीय,आदि उपस्थित रहे। सभी के द्वारा दोनो कन्याओं को विवाह सामग्री व उपहार भेट किये गए। कार्यक्रम में पण्डित शुभम शर्मा द्वारा पूजा हवन करवायी गयी।कार्यक्रम को सफल बनाने में अनिल अग्रवाल,प्रतिभा अग्रवाल,शशिबाला शर्मा, राजेन्द्र शर्मा,सुदेश शर्मा,रेखा मालपानी ,डॉ रश्मि रावल आदि का योगदान रहा।

बाइक ट्रैक्टर ट्राली में टक्का, युवक की मौत

उत्तम भारत संवाददाता

नहटौर। बाइक द्वारा घर जा रहे युवक की बाइक ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई। जिससे युवक की मौका पर ही मोत हो गई। युवक की मौत से परिजनों मे कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बिजनोर भेजते हुए कार्यवाही शुरू कर दी है।

प्राप्त समाचार के अनुसार क्षेत्र के गांव रामपुर बीडार निवासी नकुल पुत्र धर्मपाल सिंह 18 वर्ष सोमवार की प्रातः नहटौर किसी कार्य से आया था। काम को निपटने के बाद वह करीब 12 बजे बाइक द्वारा अपने घर वापस जा रहा था। बताया जाता है कि नहटौर पैजानिया मार्ग स्थित ग्राम मीमला मुस्तफाबाद के पास सामने जा रहे हैं ट्रैक्टर ट्राली से उसकी बाइक टकरा गई। जिससे नकुल की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर के बाद ट्रैक्टर ट्राली चालक ट्रैक्टर ट्राली को लेकर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने नकुल को शव को नहटौर सीएचसी ले आई। नकुल की मौत की सूचना मिलने मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन सीएससी नहटौर पहुंचे जिनका रो-रोकर बुरा हाल बना हुआ है। पुलिस ने नकुल के शव को पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेजते हुए अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।

कृषि बीज भंडार पर भाजपा किसान मोर्चा की बैठक आयोजित

*** सरकार द्वारा बढ़ाए गए गन्ने के मूल्य की सराहना**
उत्तम भारत संवाददाता

नहटौर। राजकीय कृषि बीज भंडार पर भाजपा किसान मोर्चा की आयोजित बैठक में सरकार द्वारा बढ़ाए गए गन्ने के मूल्य की सराहना की गई। कहा कि किसानों को इससे लाभ मिलेगा।

प्राप्त समाचार के अनुसार नहटौर में राजकीय कृषि बीज भंडार पर भाजपा किसान मोर्चा की बैठक आयोजित हुई। जिसमें किसान मोर्चा के जिला महामंत्री शोभित त्यागी ने कहा कि केंद्र व राज्य की डबल इंजन की सरकार ने किसानों को एक बेहतर तोहफा दिया है। ज्र30 गन्ने का मूल्य बढ़ने से किसानों को लाभ मिलेगा। इस मौके पर सरकार की सराहना की गई और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया गया। इस मौके पर संजीव त्यागी, दानवीर चौहान, राकेश सैनी, राजीव चौहान, कुलवीर चौधरी, टीकम सिंह, सुभाष शर्मा, हिमांशु पाराशर, सुरेंद्र सिंह, नरपाल सिंह, शुभम चौधरी संयम त्यागी, समीर कुमार, अर्जुन कुमार, विपिन चौधरी, गौरव चौहान, डॉक्टर शीशराम, योगेश सैनी, विपुल चौधरी अनमोल त्यागी, अरविंद चौधरी, प्रकाश वीर सिंह, महिपाल सिंह, अनिल त्यागी आदि मौजूद रहे।

नगीना में निकली प्रभात फेरी

उत्तम भारत संवाददाता

नगीना। श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष मे गुरुद्वारा संत सभा नगीना द्वारा सुबह सवेरे से नगर मे प्रभात फेरी सभी संगतों के सहयोग से बड़ी ही श्रद्धा के साथ निकाली जा रही हे आज दिनांक 02 नवंबर 2025 को नगीना में आयोजित कीर्तन में संगत जी का स्वागत किया प्रभात फेरी नगीना नगर कीर्तन गुरुद्वारा श्री संत सभा से प्रारंभ होकर मंडी मौलगंज, लुहारी सराय, मझलेटा, बड़ा मंदिर, बाजार बरादारी, पधान, पहाड़ी दरवाजा के मार्ग में कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर प्रभात फेरी का स्वागत किया प्रभात फेरी में पूरे मार्ग पर संगतों द्वारा किए गए गुरबाणी कीर्तन एवं वाहेगुरु नाम के जयकारों के साथ नगर का वातावरण भक्ति मय हो गया कीर्तन मुख्य मार्गो से होते हुवे गुरुद्वारा पर समापन हुवा अटूट लंगर का प्रसाद ग्रहण कर आनंद लिया प्रभातफेरी में मुख्य रूप से प्रधान गुरुद्वारा संत सभा नगीना मे सरदार केवल पाल सिंह, गुरु घर के ज्ञानी भाई कृष्ण सिंह,डॉ. भूपेश, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अरुण कुमार शर्मा, पूर्व भाजपा नगर पालिका अध्यक्ष प्रत्याशी कुशवाहा, युवा नेता शिवा मिगलानी,भाजपा मण्डल मंत्री अतुल भारती व तिलक राज, अभिषेक अग्रवाल भाई तारा सिंह, एड अमीर सिंह, हरमीत मल्होत्रा, मनमीत सिंह, जगप्रीत सिंह, चेतन सचदेवा, मनोज टंडन, दीपक मल्होत्रा, हरदयाल सिंह सोढ़ी, दयाराम, कुशदीप सिंह, रमिंदर कौर, अवनीत कौर, अजीत कौर, जगमोहन सिंह, आदि सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे बताते चले दिनांक 05/11/25 को श्री गुरु नानक देव जी का प्रकाश उत्सव गुरुद्वारा संत सभा नगीना में बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इस उपलक्ष में 03/11/25 को कीर्तन का आयोजन किया जाएगा

P-08:28 paga09_jhn.qxd 11/2/2025 8:12 PM Page 1

किसान यूनियन भानु की पंचायत संपन्न हुई

उत्तम भारत संवाददाता

रामपुर। भारतीय किसान यूनियन भानु की पंचायत ग्राम मिल्क विचोला स्थित मंडल कोषाध्यक्ष सैयद जमाल आरिफ मियां के फार्म हाउस पर संपन्न हुई पंचायत में किसान मजदूर का कर्ज माफ करने एवं धान क्रय केंद्रों किसानों से बदसलू की किसानों से अवैध वसूली होने पानी में धान खरीद का मुद्दा उठाया गया किसानों को संबोधित करते हुए प्रमुख राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी ने कहा कि केंद्र

प्रदेश सरकार मिलकर किसान मजदूर के कर्ज माफ करें महंगाई के कारण किसान मजदूर कर्ज में दफ्तर जा रहा है आर्थिक स्थिति फिलहाल की बहुत ज्यादा खराब है किसान मजदूर की अबकी बार धान की फसल बहुत कम निकली है महंगाई को देखते हुए लागत बहुत ज्यादा आई है धान क्रय केंद्रों पर किसानों से हो रही बस रुकी को बर्दाश्त नहीं करेगी भारतीय किसान यूनियन भानू सरकार द्वारा तय किए गए 2390 रुपए मैं ही अपना धान बेच कर सरकार द्वारा चलाए गए स्कीमों का फायदा उठाएं।

नए कानून के संबंध में किया गया जागरुक

उत्तम भारत संवाददाता

अजीम नगर। थाना प्रभारी अजीमनगर द्वारा महिला सुरक्षा दल थाना अजीमनगर के साथ थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम खिमोतिया बख्ती में चौपाल लगाकर आमजनमानस को भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम (तीनों नए कानूनों) के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी, अजीमनगर द्वारा इन नए कानूनों के प्रमुख प्रावधानों,

सुधारों तथा इनके व्यवहारिक उपयोग की जानकारी दी गई। उनके द्वारा बताया गया कि ये तीनों कानून भारतीय न्याय व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन लाने वाले हैं, जिनका उद्देश्य न्याय प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, त्वरित एवं पीड़ित केंद्रित बनाना है।

'यातायात माह - नवम्बर 2025' का शुभारंभ

उत्तम भारत संवाददाता

रामपुर। जनपद रामपुर में 'यातायात माह - नवम्बर 2025' का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक, रामपुर श्री विद्यासागर मिश्र एवं अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर श्री अनुराग सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर सड़क सुरक्षा के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने हेतु रैली को पुलिस अधीक्षक, रामपुर श्री विद्यासागर मिश्र द्वारा महिला प्रशिक्षुओं से हरी झंडी दिखाकर रवाना कराया गया। आर.टी.सी. रामपुर की महिला प्रशिक्षुओं द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से

यातायात नियमों के प्रति जनमानस को जागरूक किया गया। नाटक के माध्यम से हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, गति सीमा का पालन करने एवं यातायात संकेतों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया गया।

पटवाई में अवैध पैथोलॉजी लैब संचालित

उत्तम भारत संवाददाता

पटवाई। कस्बे में मिलक रोड पर एक अवैध पैथोलॉजी लैब संचालित हो रही है। इस पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है, जिससे विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।पटवाई थाना क्षेत्र के एक ग्रामीण ऋषि कुमार ने आरोप लगाया है कि यह लैब फर्जी झोलाछाप डॉक्टरों के कहने पर गलत जांच रिपोर्ट तैयार कर रही है। इससे आम लोगों के स्वास्थ्य और जीवन के साथ खिलवाड़ हो रहा है। जब शिकायतकर्ता ने जांच कराई तब रिपोर्ट फर्जी पाई गई थी। यह प्रतिष्ठान मिलक रोड पर 'चल रहा है। स्वास्थ्य विभाग के रिकॉर्ड के अनुसार, इसका कोई पंजीकरण नहीं है।

आधार अपडेट के नाम पर अवैध वसूली का आरोप

उत्तम भारत संवाददाता

पटवाई। क्षेत्र के रेवड़ी कला निवासी अरुण ने जिलाधिकारी से शिकायत की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि रेवड़ी कला चौराहे पर स्थित एक जन सेवा केंद्र पर आधार कार्ड अपडेट कराने के नाम पर ग्रामीणों से अवैध वसूली की जा रही है शिकायतकर्ता अरुण के अनुसार, दानिश जन सेवा केंद्र पर क्लोन आईडी बनाकर लोगों के साथ धोखाधड़ी की जा रही है। इस प्रक्रिया में ग्रामीणों का व्यक्तिगत डेटा भी चोरी होने का आरोप है। अरुण ने बताया कि यह आईडी उत्तराखंड से संचालित है। क्लोन आईडी के माध्यम से किसी भी खाताधारक के साथ धोखाधड़ी की जा सकती है। वहीं, जन सेवा केंद्र संचालक का कहना है कि वे उत्तराखंड की आईडी का उपयोग कर रहे हैं और किसी भी ग्राहक से कोई अवैध वसूली नहीं कर रहे हैं।

कार्यशाला का आयोजन कर जागरुक किया

उत्तम भारत संवाददाता

रामपुर। उत्तर प्रदेश शासन के आदेश के क्रम में आज दिनांक-02.11.2025 को पुलिस अधीक्षक, रामपुर के निर्देशन में प्रभारी विशेष महिला सुरक्षा दल द्वारा महिला सुरक्षा दल जनपद स्तर के साथ नगर क्षेत्रान्तर्गत महिलाओं/बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान एवं स्वाबलम्बन हेतु मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत कार्यशाला का आयोजन कर जागरुक किया गया। उक्त कार्यशाला में महिलाओं/बालिकाओं को महिला सम्बन्धी अपराध, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों

(1930- साइबर क्राइम, 1090-वूमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा) एवं साइबर क्राइम से बचने के उपाय की विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया।

प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया

उत्तम भारत संवाददाता

रामपुर। पुलिस अधीक्षक, रामपुर एवं अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन, रामपुर में महिला प्रशिक्षुओं हेतु तीनों नए आपराधिक कानूनों – भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 – के संबंध में एक विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षुओं को नए कानूनों की बारीकियों से अवगत कराते हुए उनके व्यावहारिक उपयोग एवं प्रभावी क्रियान्वयन की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही महिला प्रशिक्षुओ को यह भी समझाया गया कि इन कानूनों के प्रावधानों को समझना एवं अपने कर्तव्यों के निर्वहन में इनका समुचित अनुपालन करना प्रत्येक पुलिसकर्मी का दायित्व है। आम

नागरिकों को भी इन नए कानूनों के प्रति जागरूक करने में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए महिला प्रशिक्षुओ को प्रेरित किया गया, ताकि समाज में विधिक साक्षरता को बढ़ावा मिल सके।

प्रशिक्षण के दौरान विधिक जानकारी को रोचक एवं सहभागात्मक बनाने के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक, क्विज प्रतियोगिता, चित्रकला (पेन्सिल आर्ट), डिबेट प्रतियोगिता एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें महिला प्रशिक्षुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने विचार एवं रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

ग्रामीणों में दहशत बरकरार

उत्तम भारत संवाददाता

मसवासी। चौकी क्षेत्र के गांव करीमपुर के जंगल में दो गोवंशीय पशुओं के शिकार के बाद भी तेंदुए को पकड़ने के लिए वन विभाग ने पिंजरा नहीं लगाया है जिससे ग्रामीणों में दहशत व्याप्त हो गई है। शुक्रवार की देर रात तेंदुए ने दो छुट्टा गोवंश पशुओं को अपना शिकार बना लिया था। शनिवार को जब किसान खेत पर पहुंचे तो गोवंश पशुओं का शिकार देखकर घबरा गए। और किसानों को समझने में देर नहीं लगी। और इस मामले की जानकारी वन विभाग को दी। वनविभाग के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंच कर तेंदुए के पद चिन्ह तलाश किए। तेंदुए का शिकार हुए पशुओं को बजरंग दल नेता अर्जुन कुमार गुप्ता ने जे सी बी से गड्ढा खोदकर अवशेषों को दफन कर दिया था। ग्रामीणों ने इस मामले में सब डिविजनल ऑफिसर ओमप्रकाश राम से शिकायत कर पिंजरा लगाने की मांग की है। लेकिन रविवार का दिन बीतने के बाद भी वन विभाग ने पिंजरा लगाने की जहमत नहीं उठाई है। जिससे किसानों में दहशत व्याप्त हो गई है।

ट्रक ड्राइवर की बाइक चोरी मचा हड़कंप

उत्तम भारत संवाददाता

मसवासी। मैरिज हॉल में दावत खाने गए ट्रक ड्राइवर की अज्ञात चोर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल चोरी कर ले गए मोटरसाइकिल चोरी हो जाने से मैरिज हॉल में हड़कंप मच गया। और पुलिस सूचना पाकर मौके पर पहुंच गई। रविवार को गागन नगली निवासी हाजी अनवर अली की पुत्री की शादी थी इस शादी में शामिल होने के लिए गांव बिजारखाता निवासी ट्रक ड्राइवर मोइनुद्दीन पुत्र जहीर अहमद स्प्लेंडर मोटरसाइकिल से दावत खाने के लिए मोतीपुरा खोद स्थित स्वर बाजपुर मार्ग के किनारे एन जे मैरिज हॉल में दावत खाकर वापस लौटा तो उसकी मोटरसाइकिल गायब थी मैरिज हॉल के आसपास मोटरसाइकिल को तलाश किया गया और सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले गए लेकिन कोई पता नहीं चल सका। ट्रक ड्राइवर ने इस मामले की सूचना पुलिस को दी आसपास लगे कैमरे में फुटेज खंगाले लेकिन कोई पता नहीं चल सका है पुलिस ने अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं की है मोटरसाइकिल की तलाश जारी है।

सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

उत्तम भारत संवाददाता

शाहबाद। रविवार को कोतवाली शाहबाद क्षेत्र में एक सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई जानकारी के अनुसार बाइक सवार अपनी मामी के निधन में जा रहा था जहां तेज रफ्तार टैंकर ने पीछे से टक्कर मार दी। जिसके चलते बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मिली जानकारी के अनुसार जिला संभल के चंदौसी मौलागढ़ निवासी हेमराज अपने पुत्र अंशुल के साथ अपनी मामी के निधन जिला बरेली के फिरोजपुर जा रहा था। जैसे ही वह शाहबाद नवीन मंडी के पास पहुंचे पीछे से आ रहे टैंकर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। मार्ग

पर गिरकर हेमराज की मौके पर ही मौत हो गई है घटना पर लोगों की भीड़ जमा हो गई पुलिस ने मौके पर पहुंच कर टैंकर को कब्जे में ले लिया और शव को लेकर सीएचसी शाहबाद पहुंचे पुलिस ने पंचनामा भर कर शव को पोस्टमार्ट के लिए जिला अस्पताल रामपुर भेज दिया हेमराज चंदौसी रेलवे में ग्रुप डी में नौकरी करता था। मृतक अपने पीछे एक बेटा अंशुल व एक बेटी बेबो छोड़ गया।

वेलफेयर फाउंडेशन का बैंक उद्घाटित

उत्तम भारत संवाददाता

रामपुर। ह्यूमन वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा दूसरा मेडिकल इक्विपमेंट बैंक का शुभारंभ रामपुर (पश्चिमी उत्तर प्रदेश) के बोर्डिंग हाउस, गैर सैफुद्दीन खान, में किया गया। इस पहल का उद्देश्य ऐसे गरीब और जरूरतमंद मरीजों की सहायता करना है जो आवश्यक चिकित्सीय उपकरण खरीदने में सक्षम नहीं हैं।इस बैंक का उद्घाटन ह्यूमन वेलफेयर फाउंडेशन के राज्य समन्वयक श्री मोहम्मद अबुज़र द्वारा किया गया। यह पहल रामपुर के निवासियों के स्वास्थ्य क्षेत्र में फाउंडेशन के निरंतर प्रयासों का हिस्सा है। इस मेडिकल इक्विपमेंट बैंक में व्हीलचेयर, वॉकर, फोल्डिंग बेड, टॉयलेट चेयर, नेब्युलाइज़र, ब्लड प्रेशर मशीन, वॉकिंग

स्टिक सहित कई सहायक उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं, जिन्हें मरीजों को निःशुल्क उपयोग के लिए दिया जाएगा, मरीजों के स्वस्थ होने या आवश्यकता समाप्त होने पर उन्हें वापस लिया जाएगा। रामपुर मेडिकल इक्विपमेंट बैंक का संचालन हस्सान और उनकी टीम द्वारा किया जाएगा, जो ह्यूमन वेलफेयर फाउंडेशन के दिशा-निर्देशों के अनुसार लाभार्थियों का रिकॉर्ड रखेंगे।

हरिहर मंदिर से भव्य निशान यात्रा निकाली गई

उत्तम भारत संवाददाता

रामपुर। देव उठानी एकादशी पर पुराना गंज हरिहर मंदिर से भव्य निशान यात्रा श्री श्याम मंदिर ज्वाला नगर सिविल लाइंस रामपुर के लिए निकल गई इस भव्य निशान यात्रा में सभी श्याम प्रेमियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और उत्साह के साथ श्याम बाबा को निशान चढ़ाया यह निशान यात्रा हरिहर मंदिर से शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए ज्वाला नगर श्याम कॉलोनी श्याम मंदिर पर जाकर संपन्न हुई इस भव्य

निशान यात्रा में विजय गुप्ता, पंकज गुप्ता, हर्ष वशिष्ठ, पंडित मुन्ना हरि, गौरव गुप्ता, अनुज चंद्रा, प्रदीप रावत, बॉबी देओल, अजय गुप्ता, प्रमोद कुमार, सौरभ गुप्ता, दीप्ति गुप्ता, मीनाक्षी गुप्ता, ज्योति गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

जे ई ने ट्रैक्टर से कराया रास्ता दुरुस्त

उत्तम भारत संवाददाता

मसवासी। नगर के मोहल्ला भूबरा में खराब मुख्य रास्ते को ट्रैक्टर चलवाकर रास्ते के गड्ढों को समतल कराया। इस दौरान निर्माण विभाग के अवर अभियंता अमित कुमार भी शामिल रहे। नगर पंचायत के मोहल्ला भूबरा में मुख्य रास्ते में गहरे गड्ढे एवं जलभराव था जिससे ग्रामीणों का आवागमन दुश्वार था। रास्ते को लेकर ग्रामीण काफी परेशान थे। और जलनिकासी को लेकर आपस में लोग एक दूसरे पर आरोप लगाने लगे। इस मामले की सूचना चौकी इंचार्ज अजय कुमार शुक्ला ने

अधिकारियों को अवगत कराया। रास्ते के दुरुस्तीकरण के लिए अवर अभियंता निर्माण अमित कुमार को भेजा गया। जे ई ने पुलिस बल साथ ले कर ट्रैक्टर के पीछे कटाव से रास्ते का दुरुस्तीकरण कराया। पुलिस ने ग्रामीणों के साथ मिलकर रास्ते का दुरुस्तीकरण कराया। राहगीरों ने रास्ता दुरुस्त होने पर राहत की सांस ली।

तमंचे के बल पर स्प्लेंडर बाइक लूटी

उत्तम भारत संवाददाता

टांडा (रामपुर)। शनिवार की रात करीब साढ़े दस बजे दढ़ियाल-टांडा मार्ग पर तीन बदमाशों ने तमंचे के बल पर युवक से स्प्लेंडर बाइक लूट ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना को संदिग्ध मानते हुए पीड़ित युवक को ही हिरासत में ले लिया, जिससे परिवार में आक्रोश फैल गया है। गदरपुर (उत्तराखंड) के ग्राम मंझरा शीला निवासी जुगनू ने बताया कि उसका पुत्र अनुज बाजपुर-दोहरा स्थित होटल उड़प्पीवाला में सिक्योरिटी गार्ड के पद पर तैनात है। शनिवार रात ड्यूटी के बाद अनुज अपने दादा-दादी से मिलने थाना टांडा क्षेत्र के ग्राम पीपली नायक जा रहा था।

परिजनों के मुताबिक, रात करीब 10.30 बजे जब वह त्रिवेणी शुगर

मिल के पास चूनामणि चौराहे से महमूदपुर की ओर जाने वाले मार्ग पर पहुंचा, तभी घात लगाए बैठे तीन बदमाशों ने तमंचे के बल पर उसे रोक लिया। बदमाशों ने धमकाते हुए अनुज की नई स्प्लेंडर बाइक लूट ली और जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। अनुज ने किसी तरह अपने परिजनों को घटना की जानकारी दी। सूचना पर घरवालों के होश उड़ गए। पीड़ित के पिता जुगनू ने बताया कि उन्होंने यह बाइक महज दस दिन पहले ही खरीदी थी।

क्रिकेट एसोसिएशन ने दर्ज की रोमांचक जीत

उत्तम भारत संवाददाता

रामपुर। डॉ. गौर हरी सिंघानिया वेटरन क्रिकेट लीग 2025 में अमरोहा ने रामपुर को 8 रनों से हराया उत्तर प्रदेश वेटरन क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित 'डॉ. गौर हरी सिंघानिया वेटरन क्रिकेट लीग 2025 के अंतर्गत रविवार, 2 नवम्बर को खेले गए रोमांचक मुकाबले में अमरोहा वेटरन्स क्रिकेट एसोसिएशन ने रामपुर वेटरन्स क्रिकेट एसोसिएशन को 8 रनों से पराजित कर शानदार जीत दर्ज कीयह मुकाबला शहीद-ए-आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम, रामपुर में खेला गया। अमरोहा टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट खोकर 122 रन बनाए। जवाब में रामपुर वेटरन्स टीम 20 ओवरों में 8 विकेट पर 114 रन ही बना सकी।

मैच के हीरो रहे चमन सिंह, जिन्होंने बेहतरीन ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए 21 गेंदों में 14 रन बनाए और गेंदबाजी में 4 ओवर में मात्र 18 रन देकर 4 महत्वपूर्ण विकेट हासिल किए। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' घोषित किया गया इसके अतिरिक्त, अमित जैन को उनके शानदार प्रदर्शन (3 विकेट) के लिए 'बेस्ट बॉलर ऑफ द मैच', तथा राजन को 42 रनों कीठु उम्दा पारी खेलने के लिए 'बेस्ट बैट्समैन ऑफ द मैच' के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

पेड़ की डाल गिरने से संविदा कर्मचारी घायल

उत्तम भारत संवाददाता

रामपुर। बिजली विभाग में इस समय पेड़ों का कटान चल रहा है तारों के नजदीक यदि पेड़ लगे हैं तो उसे विभाग द्वारा कटवाय जा रहा है आज रविवार को सिविल लाइंस पर बिजली विभाग के कर्मचारी पेड़ का कटान करने पहुंचा था पेड़ काटते समय बिजली विभाग के कर्मचारी हनीफ के हाथ में पेड़ की डाल गिर गई जिससे बह गंभीर रूप से घायल होकर नीचे गिर पड़े हनीफ को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया शरीर पर कोई भी गंभीर चोट ना होने के कारण उन्हें जिला अस्पताल से घर भेज दिया हनीफ के हाथ में तकलीफ

ज्यादा होने के कारण उनके हाथ का एक्सरा कराया गया तो पता चला कि हाथ फैक्चर है विभाग के कर्मचारियों द्वारा बताया गया कि विभाग में पेड़ों का कटान कर्मचारियों द्वारा कराया जाता है लेकिन उन्हें मुआवजा नहीं दिया जाता जबकि इसका आदेश भी हो चुका है कि पेड़ों के कटान का मुआवजा दिया जाए।

राम रहीम पुल से गुजरते ओवरलोड डंपर मुसीबत बने

उत्तम भारत संवाददाता

रामपुर। रामपुर में ओवरलोड वाहनों का सिलसिला अभी रुकने का नाम नहीं ले रहा स्वर की तरफ से आ रहे ओवरलोड डंपर शाहबाद गेट या बरेली गेट की तरफ से राम रहीम पुल से होकर गुजर रहे हैं यह ओवरलोड डंपर एक बड़े हादसे का कारण भी बन सकते हैं शाहबाद की तरफ से सिटी को जोड़ने वाला एक लोता पुल राम रहीम पुल है जिस पर भारी वाहन का प्रतिबंध लगा हुआ है उसके बाद भी ओवरलोड वाहन सुबह तड़के ही राम रहीम पुल से होकर शाहबाद की तरफ जाते हैं जबकि भारी वाहन और

ओवरलोड वाहन को बाईपास होकर शाहबाद की तरफ जाना होगा लेकिन ओवरलोड और भारी वाहन राम रहीम पुल पर दौड़ रहे हैं जबकि राधा कट पर पुलिस विकेट भी मौजूद होती है उसके बावजूद भी पुलिस की मौजूदगी में यह ओवरलोड वाहन राम रहीम पुल से निकल जाते हैं

समाज तभी आगे बढ़ेगा, जब राजनीति में प्रतिनिधित्व मिले- कमल तुरैहा

उत्तम भारत संवाददाता

बिलासपुर। तुरैहा मछुआ समाज की मासिक बैठक का आयोजन माता दुर्गा मन्दिर धर्मशाला, मोहल्ला शीरी मियाँ में किया गया।रविवार को बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा ने कहां तुरैहा मछुआ समाज के बिखराव को दूर करने के उद्देश्य से बैठक अब हर माह किसी न किसी तहसील में रही है, जिससे समाज में संगठन की सहभागिता से अधिक से अधिक साथियों को जोड़कर संगठन का विस्तार भी किया जा रहा है।इसी के अन्तर्गत आज जिला स्तरीय बैठक का आयोजन तहसील बिलासपुर में हो रहा

है जिलाध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा ने कहां की बिलासपुर में मछुआ समाज की जनसंख्या अनाय जातियों के मुकाबले काफी अधिक है उसके बाद क्षेत्र के विधायक व मन्त्री सरदार बलदेव सिंह औलख के द्वारा समाज का कोई भी काम नही कराया जा रहा है और न कोई सुनवाई हो रही है।जबकि पूरा मछुआ समाज भाजपा समर्थित है।

पुलिस फोर्स की मौजूदगी में अरदास की

उत्तम भारत संवाददाता

बिलासपुर।पुलिस फोर्स के हवाले चल रहे चर्चित गुरुद्वारे को लगातार सातवें रविवार को भी श्रद्धालुओं के लिए खोला गया। कड़ी सुरक्षा के बीच संगत ने मत्थे टेककर अरदास की, लेकिन लंगर और चढ़ावे पर रोक जारी रही।अभी तक कोई हल न निकाल पाने से नाराज विवाद से जुड़े दोनों पक्ष प्रशासन की आलोचना कर रहे हैं।

पसियापुरा गांव स्थित चर्चित शहीद बाबा दीप सिंह गुरुद्वारे के प्रबंधन को लेकर बीती 15 सितम्बर को दो पक्षों में बड़ी हिंसा हो गई थी।गुरुद्वारा परिसर में धारदार हथियार चलने के साथ-साथ फायरिंग भी हुई थी।इसके बाद यहां तत्कालीन डीएम व एसपी आए थे और भारी फोर्स तैनात हो गई थी। साथ ही

प्रशासन द्वारा गुरुद्वारे को छावनी में तब्दील करते हुए तालाबंदी कर दी गई थी और आम जनता का प्रवेश बाधित कर दिया गया था। परंतु गुरुद्वारे में होने वाले साप्ताहिक समागम के दृष्टिगत प्रशासन ने लगातार सातवें रविवार को भी संगत के लिए विशेष व्यवस्था की थी।गुरुद्वारे पहुंचे श्रद्धालुओं ने मत्थे टेककर अरदास की। समागम की धार्मिक व्यवस्थाओं के लिए प्रशासन ने वीर खालसा सेवा समिति के सेवादारों को लगाया हुआ है और विवाद से सम्बंधित दोनों पक्षों को दूर कर दिया गया है।

पंजाब में विभिन्न गिरोहों के सदस्यों की हत्या के लिए काम पर रखे गए दो व्यक्ति गिरफ्तार: पुलिस

चंडीगढ़,। पंजाब पुलिस ने दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है, जिन्हें विदेश में रहने वाले उनके आकाओं की ओर से राज्य में विरोधी गिरोहों के सदस्यों की हत्या करने का काम सौंपा था। पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने रविवार को यह जानकारी दी

यादव ने कहा कि राज्य में आतंक और अशांति फैलाने की बड़ी साजिश को नाकाम करते हुए यह गिरफ्तारी की गई है।

यादव ने कहा, 'गुरदासपुर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो आरोपियों लवदीप सिंह उर्फ लव और टेक चंद उर्फ टिंकू को गिरफ्तार किया है। दोनों विदेश में रहने वाले कट्टरपंथी गैंगस्टर गुरदेव जस्सल और गुरलाल उर्फ गुल्लू के लिए कर रहे थे जो आतंकी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) से जुड़े हुए हैं।'

डीजीपी ने कहा, 'प्रारंभिक जांच के दौरान पता चला है कि दोनों को उनके विदेशी आकाओं ने पंजाब में विरोधी गिरोहों के सदस्यों की हत्या करने का काम सौंपा था, ताकि राज्य में आतंक और अस्थिरता फैलाई जा सके।' पुलिस ने आरोपियों के पास से तीन पिस्तौल और कारतूस बरामद किए हैं।

संक्षिप्त समाचार

02 और महिला अभियुक्त गिरफ्तार

पटवाई। वादी ने थाना पटवाई आकर शिकायत की अभियुक्तगण 1.नितिन उर्फ अनिकेत पुत्र नामालूम 2.शिवान्या पुत्री नामालूम 3. नितिन उर्फ अनिकेत की माँ 4. नितिन उर्फ अनिकेत की मौसी नि0गण अज्ञात द्वारा वादी के भाई विकास की शादी शिवान्या उपरोक्त से कराने के नाम पर दि0 19.08.2025 को अम्बेडकर पार्क थाना सिविल लाईन रामपुर में लडकी को दिखाना तथा गोद भराई कराना तथा शादी के नाम पर विभिन्न खर्चों आदि के नाम पर वादी से 177450/- रुपये ले लेना तथा शादी से इन्कार करने व वादी द्वारा अपने रुपये वापस मांगने पर अभियुक्त अनिकेत उर्फ नितिन द्वारा वादी को अपनी बहन से बलात्कार के मुकदमे में फंसवाकर जेल भिजवाने की धमकी दी है। वादी की शिकायत व तहरीर के आधार पर थाना पटवाई रामपुर पर मु0अ0सं0 159/25 धारा 318(4)/308(6) बीएनएस बनाम नितिन उर्फ अनिकेत पुत्र नामालूम आदि 4 नफर के विरुध पंजीकृत किया गया।

मोटर साईकिल के साथ गिरफ्तार

टाण्डा। वादी की लिखित तहरीर बावत वादी की मोटर साईकिल नंम्बर-4 को वादी के घर के बाहर मौहल्ला ईद वाली बगिया थाना टाण्डा जिला रामपुर से अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना टाण्डा मु0अ0सं0 500/25 धारा 303(2) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया

01 वारण्टी गिरफ्तार

पटवाई। थाना पटवाई, रामपुर पुलिस द्वारा 01 वारण्टी मुमतेयाज उर्फ मुमताज पुत्र बन्ने निवासी मौ0 सराय थाना पटवाई जनपद रामपुर सम्बन्धित वाद सं0 404/24 मु0अ0सं0 139/24 धारा 323/504 भादावि को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

01 वारण्टी गिरफ्तार

टाण्डा। थाना टाण्डा,रामपुर पुलिस द्वारा 01 वारंटी सुरेन्द्र पुत्र घासीराम निवासी ग्राम श्यामनगर थाना कुण्डा जिला उधमसिंहनगर सम्बन्धित वाद सं0 728/2024 धारा 125 (3) द0प्र0सं0 चालानी टाण्डा, रामपुर को उसके घर से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

एस.बी.आर. मल्टीस्पेशलिस्ट हास्पीटल का शुभारंभ किया

स्वार। प्रदेश के कृषि विकास राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलाख ने एस.बी.आर. मल्टीस्पेशलिस्ट हास्पीटल (स्वार रोड) का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि आयुष्मान कार्ड से पाँच लाख तक का मुफ्त इलाज, सरकार शिक्षा व स्वास्थ्य पर लगातार कार्य कर रही है।

प्रदेश के कृषि विकास राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलाख ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने गरीबों को पाँच लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा आयुष्मान कार्ड के माध्यम से दी है। सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सामाजिक संस्थाएं भी गरीबों को मुफ्त भोजन और दवाइयाँ उपलब्ध कराने का सराहनीय कार्य कर रही हैं। ऐसे पुण्यतिथि जैसे कार्य समाज के हर व्यक्ति को करने चाहिए। औलाख ने यह भी कहा कि वे स्वयं बिलासपुर में एक अस्पताल खोलने की योजना बना रहे हैं ताकि क्षेत्र के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएँ मिल सकें।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ख़यालीराम लोधी, भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार और पूर्व विधायक अली यूसुफ अली ने अपने वक्तव्यों में कहा कि यह संस्थान गरीब और निर्धन वर्ग के लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं का एक बड़ा सहारा बनेगा। एसपी विद्यासागर मिश्रा ने पूर्व विधायक यूसुफ अली को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि हर व्यक्ति को समयबद्ध और सेवाभाव से कार्य करना चाहिए। उन्होंने हँसी-मजाक में कहा कि 'न्यूनतम रोग रहें, निकम्मे लोगों को ही बीमारी होती है।'

कार्यक्रम में दर्जा मंत्री सूर्य प्रकाश पाल, राजकुमार चौहान, महेंद्र सिंह सैनी, रऊफ अली, बाबलू और कई ग्राम प्रधान मौजूद रहे। खालिद अली अध्यक्ष नगर पंचायत नरपत नगर और अर्जुन रस्तोगी मीडिया प्रभारी भारतीय जनता पार्टी रामपुर भी उपस्थित रहे।

बिहार में कानून के राज का भाजपा का दावा; विपक्ष ने सरकार की नीयत पर उठाए सवाल

पटना। बिहार के मोकामा हत्याकांड के सिलसिले में जनता दल (यूनाइटेड) के प्रत्याशी एवं बाहुबली नेता अनंत सिंह की गिरफ्तारी के बाद राज्य में सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। जहां विपक्ष सरकार पर अपराधियों को बचाने का आरोप लगा रहा है, वहीं राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नेता इसे ''कानून का राज'' और ''निष्पक्ष कार्रवाई'' की मिसाल बता रहे हैं।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने अनंत सिंह की गिरफ्तारी पर कहा कि राज्य में कानून का राज स्थापित है और पुलिस को न्याय सुनिश्चित करने के लिए कार्रवाई करने का पूरा अधिकार है। उन्होंने कहा, ''कानून अपना काम कर रहा है। अदालत इन सब पर बारीकी से नजर रखती है और अंततः वही उचित निर्णय लेती है।''

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर निशाना साधते हुए कहा कि ''तेजस्वी यादव जानते हैं कि उनके अधिकांश नेता अपराधियों को संरक्षण देने वाले लोग हैं। वर्ष 1990 से 2005 तक के जंगलराज में अपराधियों को हर जगह शरण मिली। नरसंहार, बलात्कार, हत्या और डकैती जैसे अपराध करने वाले लोग राजद के मंत्रियों के घरों में शरण लेते थे। अपराधियों को संरक्षण देना, परिवारवाद करना और गरीबों की जमीन हड़पना राजद के स्वभाव में शामिल है।'' वहीं, केंद्रीय मंत्री एवं लोक जनशक्ति पार्टी (रामविल

P-09:28 paga09_jhn.qxd 11/2/2025 8:23 PM Page 1

बिहार विधानसभा चुनाव में धनबल और बाहुबल का खुलेआम प्रदर्शन

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव का बिगुल बजने के साथ ही राज्य में चुनावी सरगर्मी तेज है। इस बार के चुनाव में फिर बाहुबलियों की राजनीति चर्चा के केंद्र में हैं। इस चुनाव में भी इसतरह के कई उम्मीदवार मैदान में उतरे हैं, जिनकी संपत्ति का मूल्य उनके बाहुबल जितना ही सुर्खियों में है। बिहार की राजनीति में बाहुबलियों का दबदबा कोई नई बात नहीं है। इस विधानसभा चुनाव में भी इसतरह के अनेक उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनकी संपत्ति करोड़ों में है और जिन पर हत्या, अपहरण और जबरन वसूली जैसे गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। उनकी वित्तीय घोषणाएं उनकी जमीनी ताकत का एक स्पष्ट अनुमान देती हैं।

पटना की मोकामा सीट बाहुबल और संपत्ति के प्रदर्शन का केंद्र बनी हुई है। जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के कद्दावर नेता अनंत सिंह सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। वे अपनी संपत्ति के लिए भी जाने जाते हैं। उन्होंने कुल 37.88 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की है। उनकी संपत्ति में जमीन, कारोबारी संपत्तियां और कई लग्जरी गाड़ियां शामिल हैं। उनकी महंगी गाड़ियों में 2.70 करोड़ रुपये की टोयोटा लैंड क्रूजर, एक फॉर्च्यूनर और एक एक्सयूवी प्रमुख हैं। आपराधिक रिकॉर्ड में अनंत सिंह पर हत्या, धमकी, अपहरण, अवैध हथियार रखने और अपराधियों को संरक्षण देने जैसे 28 आपराधिक केस दर्ज हैं। अनंत की पत्नी नीलम देवी संपत्ति के मामले में बाहुबली से भी आगे हैं। उनकी घोषित संपत्ति 62.72 करोड़ रुपए है। उनके पास भी फॉर्च्यूनर, थार और इनोवा जैसी कई लग्जरी गाड़ियां हैं। इस दंपति के पास कुल 91.61 लाख रुपये के गहने हैं। नीलम देवी के पास 701.1 ग्राम सोना है, जबकि अनंत सिंह के पास 150 ग्राम सोना है। उनकी कई कंपनियों में हिस्सेदारी है और उन पर 50 करोड़ रुपये से ज्यादा का कर्ज भी है।

मोकामा से ही एक और मजबूत दावेदार राजद उम्मीदवार वीणा देवी हैं। वे सूरजभान सिंह की पत्नी हैं। उन्होंने 8.67 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की है। उनके पास पटना में 6.95 करोड़ रुपए के दो फ्लैट और 1.2 किलोग्राम सोना है। सबसे खास बात यह है कि उनका कोई आपराधिक इतिहास नहीं है, जो उन्हें इस बाहुबलियों की लड़ाई में एक अलग पहचान देता है।

राज्य की अन्य प्रमुख सीटों पर भी धन और आपराधिक रिकॉर्ड वाले उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। बाढ़ सीट से राजद (राजद) के उम्मीदवार कर्णवीर सिंह हैं। उन्हें लल्लू मुखिया के नाम से जाना जाता है। उन्होंने 17.72 करोड़ रुपए की संपत्ति घोषित की है। उनकी संपत्ति में लाइसेंसी हथियार, 400 ग्राम सोना और लग्जरी कारें शामिल हैं। उन पर हत्या, जबरन वसूली, अपहरण और डकैती जैसे 15 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

वहीं बक्सर जिले के ब्रह्मपुर विधानसभा सीट से लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) या के उम्मीदवार हुलास पांडे ने 12.19 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की है। पांडे के पास दो लाइसेंसी पिस्तौल हैं और उन पर दो आपराधिक मामले अदालत में लंबित हैं। वहीं दानापुर से राजद उम्मीदवार रीतलाल राय ने कुल 7.71 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की है। उनका आपराधिक रिकॉर्ड काफी लंबा है। उन पर हत्या और जबरन वसूली सहित 30 से ज्यादा मामले दर्ज हैं।

कुचायकोट (गोपालगंज) से जदयू ने अमरेन्द्र कुमार पांडे को मैदान में उतारा है। उन्होंने 5.69 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की है। उनके पास कई वाहन हैं। उनके खिलाफ हत्या के प्रयास, दंगे और अवैध हथियार रखने जैसे 14 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

एकमा विधानसभा सीट से जदयू उम्मीदवार मनोरंजन सिंह हैं। उन्होंने 3.27 करोड़ रुपए की संपत्ति घोषित की है। उन पर कोई आपराधिक मामला नहीं है। सीवान से मोहम्मद शहाबुद्दीन की विरासत को उनके बेटे ओसामा शहाब आगे बढ़ा रहे हैं। वे राजद की टिकट पर मैदान में हैं। उनके पास 2.31 करोड़ रुपए की संपत्ति है, जिसमें एक कार, एक बुलेट और पारिवारिक संपत्ति में हिस्सा शामिल है। उनके नाम पर पांच मामले दर्ज हैं। नबीनगर (औरंगाबाद) से बाहुबली आनंद मोहन के बेटे चेतन आनंद जदयू के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। उनके पास 1.46 करोड़ रुपये की संपत्ति, लग्जरी वाहन और दो आपराधिक मामले हैं।

वारिसलीगंज (नवादा) विधानसभा सीट पर बाहुबलियों की पत्नियां आमने-सामने हैं। राजद से अनीता देवी, गैंगस्टर अशोक महतो की पत्नी हैं। उन्होंने 1.31 करोड़ रुपए की संपत्ति घोषित की है। इसी सीट से बीजेपी की अरुणा देवी हैं। उनके पति अखिलेश सिंह स्थानीय बाहुबली हैं। उनकी घोषित संपत्ति 92.57 लाख रुपए है, जबकि उनके पति की संपत्ति उनसे ज्यादा है। उनका कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। संपत्ति के मामले में सबसे निचले पायदान पर जेल में बंद बाहुबली मुन्ना शुक्ला की बेटी शिवानी शुक्ला हैं। लालगंज से राजद की ओर से चुनाव लड़ रहीं शिवानी ने 21.28 लाख रुपए की संपत्ति घोषित की है। उनके पास ना जमीन है और ना ही सोना। उन पर एक छात्र ऋण बकाया है, जबकि उनके पति पर अतिरिक्त कर्ज है।

भारत अरुणाचल के मेचुका में 'त्रि-सेवा' अभ्यास 'पूर्वी प्रचंड प्रहार' करेगा

ईटानगर। भारतीय सशस्त्र बलों की तीनों सेवाओं के बीच युद्धक क्षमता को एकीकृत करने, तकनीकी अनुकूलन बढ़ाने और परिचालन तालमेल स्थापित करने के उद्देश्य से इस महीने एक 'त्रि-सेवा अभ्यास' का आयोजन किया जाएगा। यह अभ्यास अरुणाचल प्रदेश के दुर्गम पर्वतीय क्षेत्र मेचुका में आयोजित किया जाएगा। एक अधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई।

रक्षा जनसंपर्क अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने शनिवार शाम एक बयान में कहा, ''ज'पूर्वी प्रचंड प्रहार' अभ्यास को भविष्य की चुनौतियों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इस अभ्यास का उद्देश्य थल, वायु और समुद्री मोर्चों पर विभिन्न सेनाओं के बीच समन्वय और संयुक्त संचालन की क्षमता की पड़ताल करना है। यह भारतीय सशस्त्र बलों की भविष्य के युद्धों के लिए बढ़ती तैयारी और आधुनिक सैन्य दृष्टिकोण को दर्शाता है।''इस सैन्य अभ्यास का उद्देश्य विभिन्न सेनाओं के बीच आपसी तालमेल को और बेहतर बनाना, स्थिति की सटीक जानकारी रखने की क्षमता बढ़ाना, तथा संयुक्त अभियानों के संचालन के लिए कमान और नियंत्रण व्यवस्था की प्रभावशीलता की जांच करना है।

अधिकारी ने बताया कि इस अभ्यास की मुख्य विशेषता ऊंचाई वाले वास्तविक परिस्थितियों में विशेष बलों, ड्रोन प्रणालियों, सटीक हथियार प्रणालियों और आपस में जुड़े संचालन केंद्रों का एक साथ समन्वित रूप से प्रयोग करना होगा।

उन्होंने कहा कि युद्ध कौशल और अनुकूलन क्षमता को मजबूत करने के लिए संशोधित रणनीतियों, तकनीकों और प्रक्रियाओं (टीटीपी) का परीक्षण और सत्यापन किया जाएगा। 'भाला प्रहार' (2023) और 'पूर्वी प्रहार' (2024) अभ्यास के सफल आयोजन के बाद 'पूर्वी प्रचंड प्रहार' अभ्यास भारत के तीनों सेनाओं के एकीकरण के प्रयास में एक और महत्वपूर्ण कदम है।

लेफ्टिनेंट कर्नल रावत ने कहा कि राष्ट्र की रक्षा के लिए यह अभियान की तैयारी और संयुक्त परिचालन प्रभावशीलता को बनाए रखने के लिए सशस्त्र बलों के सामूहिक संकल्प को मजबूत करता है।

राजस्थान में पुलिस सेवा के 180 अधिकारियों के तबादले

जयपुर। राजस्थान पुलिस में बड़े फेरबदल के तहत 180 आला अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव शर्मा ने राजस्थान पुलिस सेवा (आरपीएस) के 180 अधिकारियों के तबादले का आदेश शनिवार रात जारी किया।

इसके तहत जयपुर पुलिस आयुक्तालय में कई आरपीएस अधिकारियों के तबादले किए गए। कोतवाली के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) अनूप सिंह को जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) में पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) नियुक्त किया गया है, जबकि एसीपी (पूर्व– पुलिस लाइन) किशोर सिंह को जयपुर में यातायात का पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) नियुक्त किया गया है।

मुकेश कुमार जोशी का तबादला जमवारामगढ़ के वृत्ताधिकारी (सीओ) के पद पर किया गया है। एसीपी (साइबर अपराध) पद पर कार्यरत एस वर्मा को जयपुर में एसीपी यातायात (पूर्व) के पद पर नियुक्त किया गया है।

एसीपी (शास्त्री नगर) शिवरतन गोदारा को बीकानेर शहर में एसीपी के पद पर स्थानांतरित किया गया है।

इसी तरह बहरोड़ की सीओ कृतिका यादव को जयपुर स्थित पुलिस मुख्यालय में डीएसपी (नागरिक अधिकार) के पद पर नियुक्त किया गया है। आदेश के तहत मकराना के सीओ भवानी सिंह को चाकसू में एसीपी तैनात किया गया है। धौलपुर में डीएसपी (एससी/एसटी सेल) पद पर तैनात राजेंद्र कुमार मीणा को अब जयपुर में एसीपी कोतवाली के पद पर स्थानांतरित किया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि इस फेरबदल का उद्देश्य पुलिसिंग कार्यों को सुव्यवस्थित करना और जिलों में क्षेत्रीय स्तर पर निगरानी को मजबूत करना है।

पुलिस ने नौ लोगों की मौत के बाद काशीबुग्गा मंदिर में प्रवेश पर लगाई रोक

काशीबुग्गा (आंध्र प्रदेश)। आंध्र प्रदेश पुलिस ने श्रीकाकुलम जिले के काशीबुग्गा में स्थित श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में धार्मिक समारोह के दौरान नौ लोगों की मौत होने के एक दिन बाद रविवार को मंदिर में श्रद्धालुओं के प्रवेश पर रोक लगा दी।

शनिवार को इस मंदिर में हुई दुर्घटना में आठ महिलाओं और एक बच्चे की मौत हो गई थी, जबकि कई अन्य लोग घायल हो गए थे। कई श्रद्धालुओं को हड्डियां टूटने और सांस लेने में तकलीफ के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मंदिर का एकमात्र द्वार बंद था और जिन श्रद्धालुओं को पहले दर्शन के लिए अंदर जाने दिया गया था, वे ग्रिल टूटने के कारण सीढ़ियों के नीचे इंतजार कर रहे लोगों पर गिर गए और यह भीषण हादसा हुआ। श्रीकाकुलम जिले के पुलिस अधीक्षक के.वी. महेश्वर रेड्डी ने कहा, 'हमने इस त्रासदी को देखते हुए मंदिर में श्रद्धालुओं के प्रवेश पर रोक लगा दी है।' उन्होंने कहा कि नौ शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया गया है। गंभीर रूप से घायल दो लोग अब स्थिर अवस्था में हैं और अन्य को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

रेड्डी ने बताया कि मंदिर आयोजकों ने कार्यक्रम से पहले

न तो अनिवार्य अनुमति ली थी और न ही पुलिस सुरक्षा के लिए आवेदन किया था।

उन्होंने कहा, 'मंदिरों या धार्मिक संस्थानों में भीड़ प्रबंधन के लिए पुलिस को पहले से सूचित करना अनिवार्य है, चाहे श्रद्धालुओं की संख्या कितनी भी हो।'

रेड्डी के अनुसार, श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर एक निजी मंदिर है और बिना उचित अनुमोदन के संचालित किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि प्रबंधकों ने सुरक्षा नियमों का पालन नहीं किया, जिसके कारण यह हादसा हुआ।

इस बीच, पुलिस ने इस मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

बेंगलुरु में महिला का शव उसके घर में सड़ी-गली अवस्था में मिला

बेंगलुरु। कर्नाटक की राजधानी में एक महिला का शव उसके किराए के घर में सड़ी-गली अवस्था में फंदे से लटका हुआ मिला। पुलिस ने यह जानकारी रविवार को दी। यह घटना उत्तरी बेंगलुरु के सुब्रमण्यनगर थाना क्षेत्र के गायत्री नगर में घटी।

पुलिस ने बताया कि लगभग 25 वर्षीय महिला दावणगेरे की रहने वाली थी और उसके पास एमबीए की डिग्री थी। वह शहर में एक निजी कंपनी में काम करती थी और स्थानीय लोगों के अनुसार, वह अकेली रहती थी और उसे बाइक चलाने का शौक था।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि वह रेलवे पैरेलल रोड स्थित तीसरी मंजिल के एक कमरे में फंदे से लटकी मिली। उन्होंने बताया कि परिवार के सदस्यों ने उसे कई बार फोन कॉल किया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिलने पर उन्होंने घर के मालिक से संपर्क किया।

उनके मुताबिक, कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था जिसे शनिवार को खोलने पर घटना का पता चला।

अधिकारियों ने बताया कि पुलिस को शक है कि मौत कुछ दिन पहले हुई होगी, लेकिन इसका पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही चलेगा।

पुलिस ने बताया कि उसके मोबाइल फोन को डेटा पुनर्प्राप्ति (रिकवरी) के लिए फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला भेजा जाएगा।

पुलिस के मुताबिक, अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

चंपावत में फर्जी नियुक्ति पत्र देकर महिला से ठगे 22 लाख रु, शिक्षक सहित तीन के खिलाफ मुकदमा

चंपावत। उत्तराखंड के चंपावत जिले में फर्जी नियुक्ति पत्र देकर एक महिला से 22 लाख रुपये ठगने के आरोप में पुलिस ने एक शिक्षक सहित तीन व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

पुलिस अधीक्षक (एसपी) अजय गणपति ने बताया कि चंपावत के तल्ली मादली क्षेत्र में रहने वाली सरोजनी जोशी ने इस संबंध में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

अपनी शिकायत में जोशी ने कहा कि लोहाघाट के शिक्षक बलवंत रौतेला ने 2023 में उन्हें सरकारी नौकरी दिलवाने का लालच दिया और देहरादून ले जाकर राज्य सचिवालय में देहरादून निवासी विनय भट्ट और मायाराम सौनी से मिलवाया जिन्होंने उसे समाज कल्याण विभाग में प्रबंधक के पद पर नियुक्ति का पत्र दिया।

उन्होंने बताया कि इसके एवज में उनसे 22 लाख रुपये लिए गए लेकिन बाद में नियुक्ति पत्र फर्जी निकला जिसके बाद उन्होंने अपना पैसा वापस मांगा मगर आरोपियों ने टाल-मटोल का रवैया अपनाए रखा।

पुलिस ने बताया कि शिकायत के आधार पर चंपावत कोतवाली में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

पुलिस के मुताबिक, एक माह पहले मोहित पांडे नाम के एक शख्स ने भी इन्हीं आरोपियों के खिलाफ 40 लाख रुपये की ठगी करने के आरोप में लोहाघाट थाने में मुकदमा दर्ज कराया था और उस मामले में भी जांच की जा रही है।

संसद में पूर्वोत्तर के विश्वविद्यालयों से संबंधित मुद्दों को उठाया जाएगा: गोगोई

गुवाहाटी। कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने रविवार को कहा कि वह पूर्वोत्तर के विश्वविद्यालयों से संबंधित मुद्दों को संसद में ''जोरदार'' तरीके से उठाएंगे। लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गोगोई ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पिछले महीने पत्र लिखकर असम के तेजपुर विश्वविद्यालय में जारी प्रशासनिक और संस्थागत संकट पर गहरी चिंता व्यक्त की थी।

उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''हाल में पूर्वोत्तर के कई शीर्ष विश्वविद्यालय गलत कारणों से खबरों में रहे हैं, जैसे तेजपुर विश्वविद्यालय, एनईएचयू (पूर्वोत्तर पर्वतीय विश्वविद्यालय) और गुवाहाटी विश्वविद्यालय। कुलपति की कार्रवाई ने अक्सर चिंताएं बढ़ाई हैं।''

गोगोई ने बताया कि कभी अकादमिक उत्कृष्टता के केंद्र रहे इन संस्थानों के छात्रों और शिक्षकों ने इन विश्वविद्यालयों के कामकाज पर अपनी नाराजगी व्यक्त की है।

उन्होंने कहा, ''इससे विश्वविद्यालय के प्रदर्शन और रैंकिंग पर असर पड़ा है। मैंने तेजपुर विश्वविद्यालय के बारे में प्रधानमंत्री को लिखा है, लेकिन मेरी चिंता पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र को लेकर है।'' उन्होंने कहा, ''मैं इस मुद्दे को संसद में जोरदार तरीके से उठाऊंगा। मुझे प्रधानमंत्री कार्यालय से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिलने की उम्मीद है।''

मुलाकात के अधिकार की दादा की अर्जी खारिज; अदालत ने कहा: बच्चे की मानसिक शांति सबसे महत्वपूर्ण

नैनीताल। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने एक पारिवारिक विवाद में कहा है कि नाबालिग बच्चे की अभिरक्षा (कस्टडी) और उससे मुलाकात के अधिकार पर निर्णय करते समय उसकी इच्छाओं और मानसिक भलाई को सर्वोपरि माना जाना चाहिए। न्यायमूर्ति रविंद्र मैठाणी और न्यायमूर्ति आलोक माहरा की खंडपीठ ने पोते की अभिरक्षा सौंपने को लेकर गजेंद्र सिंह (दादा) की अपील खारिज करते हुए व्यवस्था दी कि नाबालिग अक्षत अपनी मां शिवानी की देखभाल में ही रहेगा। गजेंद्र सिंह ने अपने पोते अक्षत की अभिरक्षा उन्हें दिए जाने के लिए एक याचिका दायर की थी।

वर्ष 2023 में देहरादून के विकासनगर की परिवार अदालत ने उनकी याचिका खारिज कर दी थी, जिसे चुनौती देते हुए उन्होंने उच्च न्यायालय में एक अपील दायर की, जिसमें उन्होंने दलील दी कि परिवार अदालत ने पूरी तरह से केवल उस बच्चे के बयान पर भरोसा किया, जिसकी उम्र उस समय महज पांच साल थी।

सिंह ने यह भी दलील दी कि बच्चा ''पेरेंटल एलिएनेशन सिंड्रोम'' से पीड़ित है। उन्होंने कहा कि मां ने बच्चे पर मानसिक रूप से प्रभाव डाला है और परिणामस्वरूप वह अपने दादा-दादी से भावनात्मक रूप से दूर हो गया।

'पेरेंटल एलिएनेशन सिंड्रोम' (पीएएस) वह स्थिति है जब एक अभिभावक बच्चे के मन में दूसरे अभिभावक के प्रति नफरत या विरोध की भावना भर देता है। यह प्रायः झूठ, बढ़ा-चढ़ाकर कही गई बातें या नकारात्मक व्यवहार के माध्यम से किया जाता है, जिससे बच्चा दूसरे अभिभावक को अस्वीकार करने लगता है। बच्चे की मां ने, हालांकि दलील दी थी कि अदालत के सामने दो परामर्श सत्र हुए थे और इस दौरान बच्चे ने स्पष्ट रूप से उसके साथ रहने की इच्छा व्यक्त की थी। परामर्श रिपोर्ट में बच्चे ने कहा था, ''मेरी मां अच्छी तरह से देखभाल करती हैं, मैं उनके साथ खुश हूं और मैं अपने दादा से नहीं मिलना चाहता।''

बांग्लादेश से आए 16 अवैध प्रवासियों को वापस भेजा गया

गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बताया कि श्रीभूमि जिले से 16 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़कर वापस भेज दिया गया है।

शर्मा ने शनिवार रात 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'असम में 'मियां भाई की डेयरिंग' नहीं चलेगी! बांग्लादेश से आए 16 अवैध प्रवासी नापाक इरादों से असम में घुस आए। उन्हें इसके परिणाम भुगतने पड़े।'

उन्होंने श्रीभूमि जिले में पुलिस के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि

ऐसे हर अवैध प्रवासी को पकड़कर असम से वापस भेजा जाएगा।

असम के श्रीभूमि, कछार, धुबरी और दक्षिण शालमारा-मानकाचर जिलों में बांग्लादेश से लगी 267.5 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा है।

श्रीभूमि के सुतारकंडी में एक एकीकृत जांच चौकी (आईसीपी) है। पूर्वोत्तर में भारत-बांग्लादेश सीमा पर कुल तीन एकीकृत चौकियां हैं, और अन्य दो चौकियां मेघालय के दावकी और त्रिपुरा के अखौरा में हैं।

इस क्षेत्र में भारत-भूटान सीमा पर असम के दरांग में एक और एकीकृत चौकी है।

शिव मंदिर से निकली प्रभात फेरी

उत्तम भारत संवाददाता

धामपुर। सनातन धर्म सभा पंजाबी कॉलोनी की ओर से शिव मंदिर से प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी का नगर में स्थान स्थान पर पुष्प वर्षा कर एवं मिष्ठान वितरित कर स्वागत किया गया।

शिव मंदिर से प्रातः प्रभात फेरी निकाली जिसे नगर परिक्रमा करते हुए रोडवेज बस स्टैंड पर चेतराम सैनी परिवार के द्वारा स्वागत किया गया। प्रभात फेरी का पुष्प वर्षा कर एवं मिष्ठान वितरित कर स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में चेतराम

सैनी अजय सैनी हरिश्चंद्र सैनी बलराम सैनी महेंद्र सैनी धीरज सैनी बाबूराम मीनाक्षी देवी कुमकुम देवी आदि शामिल रहे। प्रभात फेरी में जितेंद्र मोहन कपूर डीके सलूजा पंडित अश्वनी शर्मा जगदीश अरोड़ा लक्ष्मी नारायण अग्रवाल मनोज रस्तोगी निखिल अरोड़ा पूनम सचदेवा निर्मल दुआ बबीता छाबड़ा सुनीता अनीता मुस्कान आदि शामिल रहे।

प्रवेश सैनी को सर्व सम्मति से जिला प्रभारी मनोनीत किया

सरकार फीस प्रतिपूर्ति का बकाया भुगतान अविलंब दे - डॉ अशोक मलिक।

ग्रामीण अंचल में निजी स्कूल नहीं तो 50% बालिकाएं शिक्षा से होगी वंचित- संजय गुप्ता

निजी स्कूलों के शिक्षकों को सरकारी कार्य करने के लिए सरकार न करें बाध्य- डॉक्टर मलिक

स्कूली बच्चों के डाटा के संशोधन का स्कूलों को मिले अधिकार :डा मलिक

उत्तम भारत संवाददाता

सहारनपुर। गंगोह की प्रमुख संस्था गीताज्ञान संस्कार एकेडमी मैं उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त विद्यालय शिक्षक संघ की धन्यवाद सभा यामीन भारती जी की अध्यक्षता एवम संजय गुप्ता के संचालन में संपन्न हुई।

धन्यवाद सभा को संबोधित करते हुए शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अशोक मलिक ने कहा कि गत 25 अक्टूबर को जनमंच के सभागार में भारतीय शिक्षा बोर्ड की मंडलीय शिक्षा संगोष्ठी को सफल बनाने के लिए धन्यवाद सभा का आयोजन किया गया है संगठन से जुड़े सभी लोगों का सहयोग अविस्मरणीय रहा है संगठन मान्यता प्राप्त स्कूलों के हितों के लिए संघर्ष करता रहेगा वर्तमान सरकार ने मान्यता के मानक बहुत कठोर कर दिए हैं, इसलिए *भारतीय शिक्षा बोर्ड* के द्वारा ग्रामीण व पिछले क्षेत्र में आसानी से मान्यता होने से बालिकाओं का शिक्षा का स्तर भी बढ़ेगा और भारतीय संस्कृति सभ्यता से ओत प्रोत शिक्षा होगी।

आरटीई के गरीब दुर्बल वर्ग के बच्चों का 2016 से अब तक सरकार आधा अधूरा फीस प्रतिपूर्ति दे रही है करीब उत्तर प्रदेश का 1000 करोड रुपए बकाया भूगतान अविलंब दिया जाए हम सरकार से लंबे समय से मांग कर रहे हैं की मान्यता प्राप्त स्कूलों के शिक्षकों को 25 हजार रुपए मानदेय दिया जाए तो शिक्षा के

क्षेत्र में हम अमूलचूल परिवर्तन कर देंगे,सरकार मान्यता प्राप्त स्कूलो में कंप्यूटर ऑपरेटर लैपटॉप की व्यवस्था करें वरना सरकारी काम सरकार के द्वारा वेतन भोगी शिक्षकों व कर्मचारियों से कराना चाहिए यदि मान्यता प्राप्त निजी स्कूल ना होते तो गली मोहल्ले व ग्रामीण क्षेत्र के गरीब अशिक्षित लोगों के बच्चे शिक्षा से वंचित हो जाएंगे अधिकतर बच्चों की आई डी आधार कार्ड जन्म प्रमाण पत्र माता-पिता के आधार कार्ड या तो बने ही नहीं या अपडेट वेरीफाई नहीं हैं,30% ग्रामीण व पिछडे क्षेत्रों में डॉक्यूमेंट में संशोधन नहीं हो रहा है बहुत से बच्चों का डाटा संशोधित नहीं हुआ है अभी यू डाइस डाटा भी अपडेट नहीं हो पाया ह्यश2 ह्यश3 का फॉर्म का डाटा शिक्षा विभाग में कंप्लीट नहीं हो पाया है स्कूली बच्चों का डाटा स्कूली स्तर पर संशोधित करने का अधिकार स्कूल प्रशासक पर होना चाहिए

आगे श्री मलिक ने कहा कि अपार आईडी निजी स्कूलों पर जबरदस्ती थोपी जा रही है जो कि अभिभावको से संबंधित कार्यक्रम है इसके लिए शिक्षा विभाग को चाहिए आंगनवाड़ी आशाएं एवं सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को जो वेतन भोगी है उन्हें घर-घर जाकर अभिभावकों से परमिशन लेकर बच्चों की अपार आईडी भरी जाए बच्चों की एक बार अपार आईडी भरने के उपरांत दोबारा संशोधन करने का ऑप्शन नहीं है इस प्रकार 60 से 70% बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा

मंडल उपाध्यक्ष प्रवीण गुप्ता एवं संजय गुप्ता ने कहा कि यदि हमारे द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में निजी स्कूल संचालित ना किये जाए तो ग्रामीण क्षेत्र की 50% बालिकाएं शिक्षा से वंचित रह जाएगी इस प्रकार सरकार को चाहिए कि 9/4 की मान्यता बहाल कर ग्रामीण क्षेत्र में मान्यता के मानको को सुलभ किया जाए।

नवनियुक्त जिला प्रभारी प्रवेश सैनी ने कहा कि मैं इमानदारी कर्तव्य निष्ठा से संगठन के लिए काम करूंगा जिस उम्मीद से मुझे जिम्मेदारी संगठन ने दी है वह निजी स्कूलों के हितों की रक्षा के लिए ईमानदारी से संघर्ष करता रहेंगे।

ब्लॉक अध्यक्ष विक्रांत शर्मा एवं महिपाल सिंह ने कहा - शिक्षा विभाग निजी स्कूलों के साथ सौतेला व्यवहार कर रहे हैं प्राइमरी नर्सरी के बच्चे का डांटा स्कूलों को पोर्टल से हटा कर मान्यता प्राप्त स्कूलों के संचालको के साथ धोखा किया जा रहा है मान्यता प्राप्त स्कूलों के बच्चों नर्सरी पोर्टल पर नहीं चढ़ाए गये तो उग्र आंदोलन करेंगे।

धन्यवाद सभा को मंडल उपाध्यक्ष प्रवीण गुप्ता ब्लॉक अध्यक्ष विक्रांत शर्मा गौरव शर्मा ब्लॉक प्रभारी महिपाल सिंह संजय गुप्ता यामिन भारती विनोद कुमार आदि ने संबोधित किया।

धन्यवाद सभा में राजेश्वर वर्मा सुशील कुमार,सचिन जिंदल पंकज कुमार,संजय कुमार रामपाल सिंह, वाजिद हसन रजनी सैनी,योगेश कुमार जावेद राजा, संजीव शर्मा योगेश कुमार, विनोद समेश पवार, सतपाल,ओमपाल आलोक शर्मा, श्रीमती तपस्या रानी,श्रीमती सोनिया सैनी श्रीमती शारदा गुप्ता श्रीमती आंचल गुप्ता,श्रीमती अनीता गुप्ता,श्रीमती सुषमा आदि उपस्थित रहे।

समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नारे लगाए

उत्तम भारत संवाददाता

नगीना। दिनांक 30.10.2025 को मुनेश कुमार गौतम नेता आजाद समाज पार्टी काशीराम और उनकी पूरी टीम नगीना डाक बंगले पर जिसमें प्रदेश सचिव आरिफ मलिक जी, जावेद निसार साहब जी, विधानसभा सचिव नाजिम पठान जी, सक्रिय कार्यकर्ता फरहान अंसारी जी उर्फ काका भाई,और उनके साथ में नजीबाबाद से आए हुए भीम आर्मी जिला अध्यक्ष श्री प्रशांत

महासागर जी, मुस्लिम भाईचारा कमेटी के संयोजक श्री रजत कुमार जी, एवं जिला अध्यक्ष कश्यप भाईचारा कमेटी बिजनौर श्री प्रवेश कुमार जी धामपुर आ रहे नगीना के लोकप्रिय सांसद भाई चंद्रशेखर आजाद जी का स्वागत करने के लिए चर्चा करते हुए जय भीम जय भारत जय संविधान नमो बुद्धाय आजाद समाज पार्टी काशीराम जिंदाबाद जिंदाबाद नगीना के लोकप्रिय सांसद भाई चंद्रशेखर आजाद राष्ट्रीय अध्यक्ष आजाद समाज पार्टी काशीराम जिंदाबाद जिंदाबाद जिंदाबाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नारे लगाए

प्राण प्रतिष्ठा कर की भगवान श्री राम दरबार, एवं शिव लिंग की मूर्ति स्थापित

उत्तम भारत संवाददाता

चिलकाना। थाना चिलकाना अंतर्गत यमुना पार बसे गांव ग्याजुदिनपुर मे ग्रामीणों द्वारा मंदिर निर्माण के बाद ग्रामीणों द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाल प्राण प्रतिष्ठा कर भगवान श्री राम परिवार, बाला जी महाराज एवं भगवान शिव लिंग की स्थापना की। मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व पाँच दिन तक पांच ब्राह्मणो द्वारा मन्त्रोंपचार कर यजमान पूर्व प्रधान संजय नम्बरदार एवं समस्त ग्रामीणों की मौजूदगी मे भगवान श्री राम दरबार, श्री हनुमान जी एवं शिव लिंग की विधिवत मूर्ति स्थापित की गयी। इस अवसर पर ग्रामीणों द्वारा भगवान को भोग लगा कन्या पूजन के बाद विशाल भंडारे

का भी आयोजन किया गया। जहाँ प्रमुख रूप से रमेश शर्मा, विक्रम प्रजापति, डॉक्टर बिजेन्दर, जयपाल, सतपाल सिँह, ईश्वर पाल, एवं जगदीश कश्यप सहित समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।

बढ़ापुर क्षेत्र में युवाओं तक रोजगार व अन्य इमरजेंसी सुविधाएं पहुंचाने का कार्य करने में लगे : गौतम

उत्तम भारत संवाददाता

नगीना। बढ़ापुर क्षेत्र के गांव इस्लामाबाद में जिला पंचायत सदस्य गौतम सर ने एम एस मेडिकल कॉलेज में सभा कर विकासखंड कोतवाली वार्ड संख्या - 7 क्षेत्र में दी गई सुविधाओं व युवाओं को रोजगार दिलवाकर क्षेत्र के युवाओं को सरकार द्वारा दी जा रही योजनाओं के बारे में एक सभा कर जागरूक किया ।

रविवार को बढ़ापुर क्षेत्र के गांव इस्लामाबाद में स्थित एम एस मेडिकल कॉलेज में जिला पंचायत सदस्य गौतम सर ने सभा कर कहा कि विकास खण्ड कोतवाली वार्ड नं 7 के गांवों में इमरजेंसी

सेवा जैसे एम्बुलेंस सेवा, ऑक्सीजन सिलेंडर, धार्मिक स्थलों के लिए गाड़ी की सेवा, विवाह प्रोग्राम करने के लिए टैंट की सेवा सहित शिक्षा की ओर मेडिकल व आईटीआई कोर्स उधर रोज

P-10:28 paga09_jhn.qxd 11/2/2025 4:57 PM Page 1

हमारी सरकार अपराधियों को संरक्षण देती तो जदयू उम्मीदवार की गिरफ्तारी नहीं होती: चिराग पासवान

पटना। जन सुराज पार्टी के कार्यकर्ता दुलारचंद यादव की हत्या के मामले में मोकामा विधानसभा क्षेत्र से जदयू उम्मीदवार अनंत सिंह की गिरफ्तारी पर केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि विपक्ष इस मामले को बेवजह मुद्दा बना रहा है। अगर हमारी सरकार अपराधियों को संरक्षण दे रही होती, तो कल रात हुई कार्रवाई नहीं होती।

मीडिया से बातचीत के दौरान केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि हमारी सरकार इस मामले में बिल्कुल स्पष्ट है। जैसा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हमेशा कहते हैं, हम न किसी को बचाते हैं और न ही किसी को फंसाते हैं। ऐसे में न्याय प्रक्रिया का हिस्सा है। जो घटना घटी, वह दुखद है। अगर एक भी घटना घटती है, तो यह चिंता का विषय हमारे और हमारी सरकार के लिए है। दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। जांच चल रही है और दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने पीएम मोदी के दौरे को लेकर कहा कि प्रधानमंत्री जब भी आते हैं, इससे हमारे गठबंधन को फायदा होता है। उनके दौरे लोगों का उत्साह बढ़ाते हैं और हम पर उनका विश्वास मजबूत करते हैं।

वहीं, इस घटना पर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि जब विपक्ष सत्ता में था, तो किसी भी घटना के आरोपी का ठिकाना मुख्यमंत्री आवास हुआ करता था। नीतीश कुमार के सुशासन में, भले ही आरोप लगे हों और जांच चल रही हो, जदयू के प्रत्याशी होने के बाद भी उनकी गिरफ्तारी हो गई है।

अनंत सिंह की गिरफ्तारी पर तेजस्वी यादव का बयान भी चर्चाओं में रहा है, जिस पर पलटवार करते हुए केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि तेजस्वी अच्छी तरह जानते हैं कि अपराधियों को कौन संरक्षण देता है। 1990 से 2005 तक जंगल राज के दौरान अपराधी मुख्यमंत्री आवास में शरण लेते थे। भ्रष्टाचार, लूट और अपहरण का बोलबाला था और अपराधियों का स्वागत और उन्हें मंत्रियों द्वारा पनाह दी जाती थी। अपराधियों को संरक्षण देना, वंशवादी राजनीति को बढ़ावा देना, लोकतंत्र का मज़ाक उड़ाना और गरीबों का शोषण करना-यही उन्होंने किया और अब भी कर रहे हैं।

वहीं, भाजपा सांसद धर्मशीला गुप्ता ने अनंत सिंह की गिरफ्तारी पर कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है और जल्द ही सच सामने आएगा, लेकिन विपक्ष बौखला गया है। बिहार में एनडीए की सरकार बनने जा रही है, इसी को लेकर विपक्ष में बौखलाहट है। इसके साथ ही उन्होंने तेजस्वी यादव और लालू यादव पर भी जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता जंगलराज को नहीं भूली है।

दुलारचंद यादव हत्याकांड मामले में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, बाहुबली अनंत सिंह को किया गिरफ्तार

पटना। बिहार में विधानसभा चुनाव की सरगर्मियों के बीच एक बड़ी खबर सामने आई है। मोकामा के दुलारचंद यादव हत्याकांड मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पूर्व विधायक और बाहुबली अनंत सिंह को गिरफ्तार कर लिया।

दुलारचंद यादव हत्याकांड मामले में पटना एसएसपी की टीम बाढ़ स्थित कारगिल मार्केट पहुंची, जहां से बाहुबली अनंत सिंह को गिरफ्तार किया। इससे पहले सूचना आई थी कि अनंत सिंह पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर सकते हैं। इसी क्रम में पटना एसएसपी के नेतृत्व में पुलिस टीम एक्टिव हुई और अनंत सिंह को कस्टडी में ले लिया।

बता दें कि मोकामा में दुलारचंद यादव हत्याकांड में बिहार पुलिस अपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने औपचारिक रूप से मामले का प्रभार संभाल लिया है। जांच की निगरानी सीआईडी के डीआईजी जयंत कांत कर रहे हैं, जिन्होंने स्वयं घटनास्थल का दौरा किया और सभी पहलुओं की जांच की। पुलिस की कई टीमें शनिवार को बसावन चक पहुंची थीं, जहां यह घटना घटी थी। सीआईडी अधिकारियों ने एफएसएल टीम के साथ मिलकर पूरे इलाके की जांच की। सूत्रों ने बताया कि कई महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। जांचकर्ताओं ने घटना में शामिल क्षतिग्रस्त वाहनों का भी निरीक्षण किया। इन वाहनों से फोरेंसिक नमूने एकत्र किए गए हैं।

मोकामा ताल में अपराध स्थल के निरीक्षण के दौरान, जांचकर्ताओं ने रेलवे पटरियों पर आमतौर पर इस्तेमाल होने वाले पत्थर बरामद किए। अधिकारियों ने बताया कि मोकामा ताल में ऐसे पत्थर प्राकृतिक रूप से नहीं पाए जाते हैं, जिससे संभावित साजिश का सवाल उठता है। नमूने प्रयोगशाला भेजे गए हैं।

शुरुआती दावों के मुताबिक, दुलारचंद यादव की हत्या गोली लगने से होने की बात कही गई थी। उनके पैर में भी गोली लगी है, लेकिन यह उनकी मौत का कारण नहीं था। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में निष्कर्ष निकाला गया है कि घातक चोट उनकी छाती पर किसी वाहन के चढ़ने से लगी थी, जिससे कई फ्रैक्चर हुए और फेफड़े फट गए। बाढ़ में एक मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में तीन डॉक्टरों के पैनल ने लगभग दो घंटे तक पोस्टमार्टम किया था।

बंगाल की खाड़ी में नया निम्न दबाव क्षेत्र संभव, तमिलनाडु में मौसम रहेगा सामान्य

चेन्नई। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (आरएमसी), चेन्नई ने कहा कि रविवार को बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक नया निम्न दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है, लेकिन तमिलनाडु में भारी बारिश की कोई संभावना नहीं है। यह प्रणाली, जो वर्तमान में म्यांमार के दक्षिणी भागों और उससे सटे अंडमान सागर के ऊपर विकसित हो रही है, अगले 24 घंटों के दौरान और तीव्र होने की उम्मीद है।

आरएमसी ने अपने नए मौसम बुलेटिन में कहा, 'दक्षिणी म्यांमार और उससे सटे अंडमान सागर के ऊपर मौजूदा चक्रवाती परिसंचरण के उसी क्षेत्र में मजबूत होकर एक निम्न दबाव के क्षेत्र में विकसित होने की संभावना है।' हालांकि, इसने स्पष्ट किया कि अगले सात दिनों तक तमिलनाडु में भारी बारिश का कोई अनुमान नहीं है।

मौसम विज्ञानियों ने कहा कि इस प्रणाली की गति और तीव्रता यह निर्धारित करेगी कि यह आने वाले दिनों में बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक अवदाब में विकसित होगा या एक चक्रवात में और मजबूत होगा। फिलहाल, अगर परिस्थितियां अनुकूल रहीं, तो इसके उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने और इस सप्ताह के अंत में आंध्र प्रदेश और उत्तरी तमिलनाडु के तटीय क्षेत्रों में छिटपुट वर्षा होने की उम्मीद है।

इस बीच, मौसम विभाग (आईएमडी) ने बताया कि पूर्व-मध्य अरब सागर पर बना निम्न दबाव का क्षेत्र, जो 31 अक्टूबर से बना हुआ था, अब कमजोर हो गया है। यह प्रणाली, जो पूर्व-उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ी थी, शनिवार सुबह एक सुस्पष्ट निम्न दबाव का क्षेत्र बन गया और उसी क्षेत्र में बना हुआ है।

आईएमडी के अनुसार, इस कमजोर होती प्रणाली के अगले 24 घंटों में उत्तर-पूर्व की ओर उत्तर-पूर्वी अरब सागर और दक्षिण गुजरात तट की ओर बढ़ने की संभावना है और संभवतः विलुप्त होने से पहले फिर से एक छोटे निम्न दबाव क्षेत्र में विकसित हो सकती है।

भारतीय प्रायद्वीप के दोनों ओर विकसित हो रही मौसम प्रणालियों के बावजूद, अधिकारियों ने कहा कि तमिलनाडु में पूरे सप्ताह मौसम आमतौर पर शुष्क रहेगा और कुछ स्थानों पर हल्की या मध्यम बारिश की ही संभावना है। चेन्नई और आसपास के जिलों में आंशिक रूप से बादल छाए रहने का पूर्वानुमान है। अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा।

दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी और उससे सटे अंडमान सागर में मछुआरों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है, जहां हवा की गति 35-45 किमी प्रति घंटे तक पहुंच सकती है, जो विकसित हो रहे चक्रवाती तूफान के कारण कभी-कभी 55 किमी प्रति घंटे तक भी पहुंच सकती है। मौसम विज्ञानियों ने कहा कि बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने नए सिस्टम के मजबूत होने के बाद आगे की जानकारी जारी की जाएगी।

आतंकवाद कश्मीर को आगे बढ़ने से रोक नहीं सकता, मैराथन में शामिल धावकों ने दिया कड़ा संदेश

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर शहर से रविवार को कश्मीर मैराथन के दूसरे संस्करण को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। देश-विदेश के विभिन्न हिस्सों से आए एथलीट इस दौड़ में शामिल हुए।

यह दौड़ सुबह 6 बजे शहर के रेजीडेंसी रोड इलाके में पोलो व्यू से शुरू हुई। कश्मीर मैराथन का आयोजन कश्मीर पर्यटन विभाग और जम्मू-कश्मीर खेल परिषद के सहयोग से हुआ। इस दौड़ में जर्मनी, डेनमार्क, अमेरिका, इथियोपिया, केन्या, जापान और श्रीलंका सहित 27 राज्यों और 11 देशों के 1,500 से अधिक धावकों ने हिस्सा लिया।

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला शीर्ष प्रशासनिक, पुलिस अधिकारी और कई बॉलीवुड हस्ती ध्वजारोहण समारोह में शामिल हुए। जब धावकों ने डल झील के चारों ओर बुलेवार्ड रोड पर दौड़ शुरू की तो स्थानीय लोगों ने उनका उत्साह बढ़ाया।

पर्यटन विभाग इसे पहलगाम घटना के बाद घाटी में सबसे बड़े आयोजन के रूप में चिह्नित कर रहा है। मैराथन का संदेश है कि आतंकवाद कश्मीर के आगे बढ़ने के संकल्प को नहीं तोड़ सकता। यह मैराथन दुनिया को शांति और सकारात्मकता का एक सशक्त संदेश देती है।

गौरतलब है कि मैराथन में 42 किलोमीटर (फुल मैराथन) और 21 किलोमीटर (हाफ मैराथन) की श्रेणियां शामिल थीं, जिनमें विजेताओं के लिए कुल 25 लाख रुपए का पुरस्कार था। डल झील और जबरवान पर्वत श्रृंखला के चारों ओर घूमने वाला यह मार्ग देश के सबसे खूबसूरत ट्रैक में से एक है। विदेशी एथलीटों ने इसे दुनिया के सबसे खूबसूरत मैराथन मार्गों में से एक बताया है।

पर्यटन विभाग ने कहा कि ऐतिहासिक और विश्व प्रसिद्ध कश्मीर घाटी के केंद्र में आपका स्वागत है! कश्मीर मैराथन ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक सुंदरता का एक असाधारण मिश्रण प्रस्तुत करता है, जो इसे एक अनूठा और अविस्मरणीय आयोजन बनाता है।

प्रतिभागी राजसी डल झील और हरे-भरे जबरवान पर्वत श्रृंखला सहित लुभावने दृश्यों के बीच दौड़े और शंकराचार्य मंदिर, परी महल और दरगाह जैसे प्रतिष्ठित स्थलों से गुजरे।

पर्यटन विभाग ने कहा, 'इस मार्ग में प्रसिद्ध मुगल गार्डन भी शामिल है, जो चिनार के पेड़ों के बदलते रंगों और बारीकी से डिजाइन किए गए परिदृश्यों की एक अद्भुत पृष्ठभूमि प्रदान करता है।'

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने एसआईआर पर चर्चा के लिए बुलाई सर्वदलीय बैठक

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने रविवार को चेन्नई में सर्वदलीय बैठक बुलाई है। तमिलनाडु में जल्द शुरू होने वाले मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से पहले यह बैठक बुलाई गई है।

सूत्रों के अनुसार, विशेष पुनरीक्षण प्रक्रिया (एसआईआर) तमिलनाडु में मंगलवार (4 नवंबर) से शुरू होने वाली है। इससे पहले, मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने एसआईआर पर चर्चा के लिए यह बैठक बुलाई है। बैठक त्यागराय नगर में शुरू होगी, जिसके लिए न सिर्फ डीएमके के गठबंधन सहयोगियों को, बल्कि अन्य दलों को भी निमंत्रण दिया गया है।

बताया जाता है कि तमिलनाडु में लगभग 60 राजनीतिक दलों को निमंत्रण भेजे गए। मुख्यमंत्री के निर्देश पर डीएमके के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने पिछले दो दिनों में कुछ दलों के नेताओं से व्यक्तिगत तौर पर मुलाकात की और बैठक के लिए निमंत्रण दिया। कई गैर-सहयोगी दलों ने भागीदारी की पुष्टि की है। इनमें डीएमडीके, तमिझागा मक्कल काची (तमक), तमिझागा वेत्री कझम (टीवीके) और छोटे क्षेत्रीय संगठन शामिल हैं।

चुनाव आयोग के फैसले पर कई दलों की आपत्ति के बीच हो रही इस बैठक से यह तय होने की उम्मीद है कि राजनीतिक पार्टियां इस प्रक्रिया को किस तरह से अपनाएंगी। सत्तारूढ़ डीएमके और उसके सहयोगी दल भी एसआईआर के समय और प्रक्रिया पर अपनी आपत्ति दर्ज करा चुके हैं।

सूत्रों का कहना है कि पार्टियों से मतदाता सत्यापन, नए मतदाताओं को शामिल करने और मतदाता सूची से विसंगतियों को दूर करने पर अहम सुझाव दिए जा सकते हैं। इस विचार-विमर्श के बाद राज्य सरकार अपना अगला कदम उठाएगी। इसमें चुनाव आयोग और जिला अधिकारियों के साथ समन्वय किया जा सकता है।

बिहार की जनता के दबाव में अनंत सिंह की हुई गिरफ्तारी : मीसा भारती

पटना। जन सुराज पार्टी के कार्यकर्ता दुलारचंद यादव की हत्या के सिलसिले में मोकामा विधानसभा क्षेत्र से जदयू उम्मीदवार अनंत सिंह की गिरफ्तारी के बाद राजद नेता मीसा भारती ने एनडीए सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि यह कार्रवाई बिहार की जनता के दबाव में हुई है।

पटना में मीडिया से बातचीत के दौरान मीसा भारती ने कहा कि हम लोगों ने मोकामा की घटना को देखा। किस तरह से घटना घटी, शनिवार को 60 गाड़ियों का काफिला भी देखा, जब जदयू उम्मीदवार ने शक्ति प्रदर्शन किया। ऐसा लगता है कि यह कार्रवाई बिहार सरकार की तरफ से नहीं हुई। हमें लगता है कि शायद अब तक काम कर रहे चुनाव आयोग को थोड़ी शर्म आ गई होगी, इसलिए यह कार्रवाई की गई।

मीसा भारती ने जदयू उम्मीदवार की रात को हुई गिरफ्तारी पर सवाल उठाते हुए कहा कि बताइए, पूरा दिन वोट मांगने और अपनी ताकत दिखाने में बिता दिया और फिर रात के अंधेरे में जब मोकामा की जनता यह नहीं देख पाई कि एक अपराधी को कैसे गिरफ्तार किया जा रहा है, तो उसे बचाने के लिए यह सब किया।

उन्होंने कहा कि दिन के वक्त गिरफ्तारी होनी चाहिए थी, ताकि जनता के सामने गिरफ्तारी पर अनंत सिंह को जो शर्मिंदगी महसूस होनी चाहिए थी, वह नहीं हुई। इस राज्य का दुर्भाग्य देखिए, जब एक आम आदमी गिरफ्तार होता है तो उसे हथकड़ी लगाई जाती है, घसीटा जाता है, लेकिन यह आदमी तो बाहुबली है। उन्होंने कहा कि चुनाव होता है तो अनंत सिंह को जेल से निकालकर प्रचार कराया जाता है।

मीसा भारती ने तेजस्वी यादव के उस बयान का समर्थन किया है, जिसमें उन्होंने दावा किया है कि महागठबंधन की सरकार बनने के बाद दो महीने के भीतर अपराधियों को जेल भेजा जाएगा। मीसा भारती ने कहा कि मैं बिल्कुल इस बात से सहमत हूं। तेजस्वी ने जो कहा है वे करेंगे। बिहार की जनता ने उनके काम करने का स्टाइल देखा है और बिहार में अगली सरकार तेजस्वी यादव के नेतृत्व में बनने जा रही है।

चेहरा और भेष बदलकर लौटना चाहता है जंगलराज : अमित शाह

*** नीतीश ही एनडीए का चेहरा, कोई 'एकनाथ शिंदे' नहीं बनेगाभारत कोई धर्मशाला नहीं, घुसपैठियों को करेंगे बाहर**

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव अपने निर्णायक दौर में प्रवेश कर चुका है। एनडीए और महागठबंधन दोनों ही मोर्चों पर शब्दों की तलवारें तेज हो चुकी हैं। इस बीच केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तेजस्वी यादव, नीतीश कुमार, प्रशांत किशोर से लेकर नक्सलवाद, पलायन और घुसपैठ जैसे मुद्दों पर एक न्यूज चैनल को दिए साक्षात्कार में खुलकर अपनी बात रखी। शाह ने तीखे लहजे में कहा कि जंगलराज चेहरे और भेष बदलकर लौटना चाहता है। बिहार की जनता सावधान रहे, गलती से भी अगर महा-ठगबंधन की सरकार आई तो राज्य फिर से उसी अंधेरे में चला जाएगा।

गृह मंत्री ने एनडीए के अंदर नेतृत्व को लेकर चल रही अटकलों को सिरे से खारिज किया। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार मुख्यमंत्री हैं और उन्हीं के नेतृत्व में एनडीए चुनाव लड़ रहा है। इसमें कोई भ्रम नहीं है। संवैधानिक प्रक्रिया के तहत मुख्यमंत्री का निर्णय विधायक दल करता है, लेकिन एनडीए के भीतर कोई असमंजस नहीं है। शाह ने कहा कि कुछ लोग हर चुनाव में एकनाथ शिंदे खोजने लगते हैं, लेकिन बिहार में नीतीश जी का नेतृत्व अटूट है।

तेजस्वी यादव के 10 लाख सरकारी नौकरियों के वादे को अमित शाह ने अव्यावहारिक बताया और कहा कि इतना करने के लिए बिहार का बजट चार गुना बढ़ाना पड़ेगा। 12 लाख 50 हजार करोड़ रुपये कहां से आएंगे? जनता को समझना चाहिए कि ऐसे वादे सिर्फ छलावा हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को 10,000 रुपये देने का वादा वोट खरीदने की कोशिश नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता का रोडमैप है। हमने 'लखपति दीदी' बनाने का लक्ष्य रखा है, यह कोई चुनावी जुमला नहीं हैं, बाकी में जो बंटना है, बंट जाए। उन्होंने दावा किया कि एनडीए दो-तिहाई बहुमत के साथ सरकार बनाएगा।

नक्सलवाद 2026 तक खत्म कर देंगे अमित शाह ने कहा कि 31 मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद पूरी तरह खत्म हो जाएगा। पहले यह 130 जिलों तक फैला था, अब सिर्फ 11 बचे हैं। तीन बड़े नक्सली बच गए हैं- हिडमा, गणपति और देवो जी। ये भी ज्यादा दिन नहीं बचेंगे। शाह ने स्पष्ट किया कि सरेंडर करने वालों को छह महीने का रिहैब, स्किल ट्रेनिंग और रोजगार का अवसर दिया जा रहा है, ताकि वे मुख्यधारा में लौट सकें।

भारत कोई धर्मशाला नहीं, घुसपैठियों को करेंगे बाहर

घुसपैठियों को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए गृह मंत्री ने कहा कि बिहार में मतदाता सूची से 35 लाख नाम हटे हैं जिनमें से कई घुसपैठियों के थे। घुसपैठ रोकना कोई चुनावी मुद्दा नहीं, बल्कि देश की सुरक्षा का मामला है। हमारे विरोधी वोट बैंक के लिए घुसपैठियों को बचाना चाहते हैं। जबकि हम पहचान कर उन्हें बाहर निकालेंगे। भारत देश कोई धर्मशाला नहीं है।

औद्योगिकीकरण पर भरोसा, बरौनी से आईटी पार्क तक

बिहार के औद्योगिकीकरण पर शाह ने कहा कि बरौनी रिफाइनरी शुरू हो चुकी है। इथेनॉल उत्पादन में बिहार नंबर वन है और पीएम मित्रा पार्क जैसे प्रोजेक्ट राज्य को नई पहचान दे रहे हैं। शाह ने कहा कि ड्रग्स के खिलाफ केंद्र सरकार नक्सल जैसी सख्त रणनीति पर काम कर रही है। अब फोकस कार्टेल तोड़ने पर है, ताकि यह नेटवर्क हमेशा के लिए खत्म हो। बिहार में भाजपा के 'पैन बिहार नेता' के सवाल पर शाह ने कहा कि हम नेता नहीं बनाते, कार्यकर्ता तैयार करते हैं। जनता ही तय करेगी अगली पीढ़ी का नेता कौन होगा। हर जाति-वर्ग से हमारे पास युवा नेतृत्व तैयार है।

लोकसंग्रह हमारा लक्ष्य, सत्ता नहीं

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि हमारे लिए चुनाव सिर्फ सत्ता पाने का साधन नहीं, लोकसंग्रह और विचार विस्तार का अवसर है। बिहार की जनता ने हमेशा विकास की राजनीति को चुना है, इस बार भी चुनेगी।

शिमला की रातें हमीरपुर और सोलन से गर्म, 4 से बिगड़ेगा मौसम

शिमला। राजधानी शिमला की रातें इन दिनों निचले क्षेत्रों से भी गर्म हो गई हैं। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार रात से रविवार सुबह तक शिमला का न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3.5 डिग्री अधिक है। यह तापमान मैदानी जिला हमीरपुर और सोलन से भी ऊपर रहा। हमीरपुर में रात का पारा 12.9 डिग्री और सोलन में 10.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बीते 24 घंटों में शिमला के तापमान में एक डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिससे राजधानी में ठंड का असर फिलहाल कम हुआ है।राज्य के कई हिस्सों में रविवार को धूप खिलने से मौसम सुहावना बना हुआ है। पहाड़ी और मध्यवर्ती इलाकों में दिन के समय ठंड कम महसूस हुई, जबकि मैदानों में कहीं-कहीं घना कोहरा छाया रहा।

मंडी जिले के सुंदरनगर में दृश्यता केवल 200 मीटर और बिलासपुर में 800 मीटर दर्ज की गई। मौसम विभाग ने 3 नवम्बर तक मौसम साफ रहने का पूर्वानुमान जताया है, लेकिन इसके बाद मौसम का मिजाज बदलने वाला है। मौसम विभाग के अनुसार 3 नवम्बर की रात से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा, जिससे 4 और 5 नवम्बर को राज्य के कई क्षेत्रों में वर्षा और बर्फबारी होने की संभावना है। इस दौरान जनजातीय जिलों लाहौल-स्पीति, किन्नौर के साथ कुल्लू और चंबा के ऊंचाई वाले इलाकों में हिमपात हो सकता है। हालांकि भारी बर्फबारी या वर्षा को लेकर कोई अलर्ट जारी नहीं किया गया है। 6 से 8 नवम्बर तक मौसम के दोबारा साफ रहने की संभावना जताई गई है।

इस बीच, राज्य के जनजातीय और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में रात के तापमान में आ रही गिरावट से ठंड बढ़ गई है। लाहौल-स्पीति जिला के कुकुमसेरी में न्यूनतम तापमान -1.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान रहा। इसी जिले के ताबो में -0.8 डिग्री और केलंग में 0.5 डिग्री तापमान रिकॉर्ड हुआ। किन्नौर जिले के कल्पा में न्यूनतम तापमान 4.8 और रिकांगपिओ में 7.8 डिग्री रहा।

पुष्पम प्रिया के समर्थकों पर विधायक समर्थकों द्वारा हमले का आरोप

दरभंगा। बीते शनिवार की देर शाम एक प्रसिद्ध राष्ट्रीय टीवी चैनल के डिबेट शो के बाद दरभंगा में राजनीतिक तनाव बढ़ गया। आरोप है कि शो के बाद प्लुरल पार्टी प्रमुख और दरभंगा से प्रत्याशी पुष्पम प्रिया चौधरी के समर्थकों पर स्थानीय विधायक संजय सरावगी के समर्थकों ने हमला किया। इस घटना के बाद पुष्पम प्रिया ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि दरभंगा के 20 साल से विधायक और मंत्री के गुंडों से बचकर अभी घर आकर बैठी हूं। यकीन ही नहीं हो रहा कि ये मेरा शहर दरभंगा है, मेरी माँ मिथिला की धरती! पूरे बिहार ने पाँच साल से सम्मान दिया है पर आज मेरी जन्मभूमि में ही राक्षसों ने ऐसा अपमान करने का दुस्साहस किया है। डरती नहीं मैं। उनकी इस पोस्ट ने सोशल मीडिया पर तेजी से सुर्खियां बटोरीं। समर्थकों ने इसे लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमला बताया, वहीं विपक्षी दलों ने इसे चुनावी माहौल को भड़काने की साजिश कहा। स्थानीय प्रशासन ने फिलहाल स्थिति पर नजर बनाए रखने की बात कही है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। जानकारों के मुताबिक, यह विवाद दरभंगा विधानसभा क्षेत्र में बढ़ती राजनीतिक प्रतिस्पर्धा और दोनों गुटों के बीच बढ़ते तनाव का ताजा उदाहरण है।

कांग्रेस ने जारी की स्टार प्रचारकों की सूची

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के दूसरे चरण को लेकर कांग्रेस ने अपने स्टार प्रचारकों की आधिकारिक सूची जारी कर दी है। कुल 40 नेताओं को इस सूची में जगह दी गई है, जो दूसरे चरण में पार्टी के उम्मीदवारों के लिए चुनाव प्रचार की कमान संभालेंगे। कांग्रेस की ओर से जारी सूची में पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से लेकर क्षेत्रीय स्तर के कई अनुभवी और लोकप्रिय चेहरे शामिल हैं। सूची में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा सबसे प्रमुख नाम हैं। ये सभी नेता चुनाव प्रचार के दौरान पार्टी के मुख्य संदेश को मतदाताओं तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएंगे। इसके अलावा संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत, भूपेश बघेल, दिग्विजय सिंह, अधीर रंजन चौधरी, पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार और युवा नेता सचिन पायलट भी इस सूची में शामिल हैं। कांग्रेस ने इस बार अनुभवी और युवा नेतृत्व का संतुलन बनाए रखने की कोशिश की है।

दूसरे चरण के स्टार प्रचारकों की सूची में मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, केसी वेणुगोपाल, प्रियंका गांधी वाड्रा, सुखविंदर सिंह सुक्खू, अशोक गहलोत, भूपेश बघेल, दिग्विजय सिंह, अधीर रंजन चौधरी, मीरा कुमार, कृष्णा अल्लावरु, सचिन पायलट, रणदीप सिंह सुरजेवाला, सैयद नसीर हुसैन, गौरव गोगोई, तारिक अनवर, डॉ. मोहम्मद जावेद और सुप्रिया श्रीनेत जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं।

अनंत सिंह की गिरफ्तारी से सियासत गरमाई, जनता लड़ेगी चुनाव का वायरल पोस्ट

पटना। बिहार के चर्चित दुलारचंद यादव हत्याकांड में मोकामा से जनता दल यूनाइटेड के प्रत्याशी और पूर्व विधायक अनंत सिंह की गिरफ्तारी ने राजनीतिक माहौल को गरमा दिया है। शनिवार देर रात पटना के सीनियर एसएसपी कार्तिकेय शर्मा भारी पुलिस बल के साथ मोकामा पहुंचे और अनंत सिंह को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद अनंत सिंह का एक्स पर एक पोस्ट वायरल हो गया जिसमें उन्होंने लिखा, सत्यमेव जयते। मुझे मोकामा की जनता पर पूर्ण भरोसा है। इसलिए चुनाव अब मोकामा की जनता लड़ेगी। यह पोस्ट उनके समर्थकों में जोश भर रहा है और सोशल मीडिया पर तेजी से फैल रहा है।

अनंत सिंह शनिवार को पूरे दिन मोकामा विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार कर रहे थे। रात करीब पौने एक बजे पटना जिले के एसएसपी कार्तिकेय शर्मा मोकामा, बाढ़, घोसवरी, हथीदह और भदौर थानों की पुलिस के साथ केंद्रीय अर्धसैनिक बल की भारी टुकड़ी लेकर उनके घर पहुंचे। समर्थकों के अनुसार अनंत सिंह उस समय सो रहे थे। पुलिस ने दरवाजा खटखटाया, उन्हें जगाया और हत्या के मामले में गिरफ्तारी का वारंट दिखाकर साथ चलने को कहा। उन्हें तुरंत हिरासत में लेकर पटना ले जाया गया। पुलिस ने अनंत सिंह के अलावा उनके दो करीबी सहयोगियों मणिकांत ठाकुर और रंजीत राम को भी गिरफ्तार किया है। अनंत सिंह की गिरफ्तारी बाढ़ थाना क्षेत्र के बेढ़ना गांव से संबंधित मामले में हुई है। रात करीब दो बजे पटना में डीएम डॉ. चंद्रशेखर सिंह त्यागराजन और एसएसपी कार्तिकेय शर्मा ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर तीनों गिरफ्तारियों की पुष्टि की।

एसएसपी ने बताया कि 30 अक्टूबर को बाढ़ थाना क्षेत्र के खुशहालचक में दो गुटों के बीच हिंसक झड़प हुई थी। इस दौरान दुलारचंद यादव की हत्या कर दी गई और उनका शव बरामद किया गया। पुलिस ने मौके से साक्ष्य जुटाए, गवाहों के बयान दर्ज किए और पोस्टमार्टम रिपोर्ट से कई सुराग मिले। सीआईडी की विशेष टीम जांच कर रही है। एसएसपी ने कहा कि साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर अनंत सिंह की संलिप्तता पाई गई, जिसके बाद गिरफ्तारी हुई।अनंत सिंह की गिरफ्तारी से मोकामा विधानसभा सीट पर चुनावी समीकरण बदल सकते हैं। जदयू ने उन्हें टिकट दिया था लेकिन अब उनकी उम्मीदवारी पर संकट है। समर्थक इसे सियासी साजिश बता रहे हैं जबकि विपक्ष इसे कानून की जीत मान रहा है।

P-11:28 paga09_jhn.qxd 11/2/2025 8:12 PM Page 1

महिला वर्ल्ड कप फाइनल में मुरादाबाद का कनेक्शन

उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद। महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप का रोमांचक फाइनल मुकाबला रविवार को खेला जाएगा, और इस बार मुरादाबाद का भी इस मैच से खास जुड़ाव है, भारतीय टीम की दो स्टार खिलाड़ी , दीप्ति शर्मा और स्नेह राणा कृ का कनेक्शन मुरादाबाद से है। दीप्ति शर्मा भले ही आगरा की रहने वाली हैं, लेकिन फिलहाल मुरादाबाद पुलिस अकादमी में बतौर डीएसपी ट्रेनिंग ले रही हैं। वहीं स्नेह राणा, जो मूल रूप से देहरादून की हैं, इस समय मुरादाबाद मंडल के रेलवे विभाग में कार्यरत हैं। दोनों खिलाड़ियों ने टूनार्मेंट में शानदार प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन किया है। अब नजरें उनके फाइनल मुकाबले में दमदार प्रदर्शन पर टिकी हैं। पुलिस अकादमी और रेलवे विभाग दोनों जगहों पर फाइनल मैच को लेकर खास तैयारियां की गई हैं कृ बड़ी स्क्रीन लगाई जा रही हैं ताकि सभी कर्मचारी एक साथ मैच का लुत्फ उठा सकें। मुरादाबाद में उत्साह का माहौल है, लोग भारतीय टीम की जीत की दुआएं मांग रहे हैं। सभी की जुबां पर एक ही बात,इस बार कप हमारा होगा।

हरे पेड़ पौधे जीवन का आधार, इनके बिना जीवन निराधार

उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद। प्रकृति सेवा समिति ट्रस्ट रजि. मुरादाबाद के तत्वाधान में संस्था के पंचम स्थापना दिवस के अवसर पर शुभांकर सिंह की प्रेरणा से लोदीपुर में स्थित के छत्र ऑर्गेनिक फार्म पर औषधीय पौधे सहजन के 20 पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. देवेंद्र जटराना ने कहा हमे किसी भी अवसर पर पौधरोपण करना एक बहुत अच्छी पहल है। हम सभी को पौधरोपण को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए। युवा उद्यमी समाजसेवी शुभांकर सिंह ने कहा कि पौधे लगाने के लिए हमें अवसर तलाशने चाहिए। क्योंकि पौधे हमारे जीवन के लाभकारी हैं। प्रकृति सेवा समिति ट्रस्ट के उपाध्यक्ष यशपाल सिंह ने कहा कि कहा कि पौधे मानव जीवन का आधार होते है पौधे के बिना मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा

सकती। अपने शुभ अवसरों पर पौधारोपण अवश्य करें ताकि पर्यावरण को संरक्षित किया जा सकें। समिति के कोषाध्यक्ष शुभम कश्यप ने कहा कि वनों की अंधाधुंध कटाई के कारण ही मानवता को बाढ़, भूकंप और सूखे जैसी प्राकृतिक आपदाएं झेलनी पड़ रही हैं। पिछले कुछ दशकों में वनों की अंधाधुंध कटाई हुई है। जिससे वन क्षेत्र में काफी कमी आई है। भावी पीढ़ियों को स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रत्येक नागरिक को पौधारोपण में सहयोग करना चाहिए। एनवायरनमेंट एक्टिविस्ट हरवेंद्र सिंह ने कहा हरे पेड़ पौधे जीवन का आधार हैं इनके बिना जीवन निराधार है अतः सुरक्षित जीवन के लिए जल ,वायु ,जंगल, जमीन, जंतु संरक्षण और संवर्धन अवश्य करें। जिसके लिए प्रकृति सेवा समिति ट्रस्ट मुरादाबाद आप सभी के निरंतर सहयोग से सतत प्रयासरत है। बताते चले कि आगामी समय में प्रकृति सेवा समिति ट्रस्ट मुरादाबाद के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में एक प्रकृति को समर्पित राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित होने जा रहा है इसमें देश भर के चुनिंदा पद्मश्री विभूषित महान विभूतियां भी मार्गदर्शन के लिए उपस्थित रहेंगे और प्रकृति को समर्पित राष्ट्रीय सेमिनार में देश भर के जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले पर्यावरण प्रेमियों योद्धाओं को सम्मानित भी किया जाएगा। जिसकी सूचना बहुत जल्द ही सार्वजनिक की जाएगी। इस अवसर पर वरिष्ठ समाज सेवी देवेंद्र सिंह जटराना, युवा समाजसेवी शुभांकर सिंह, संस्था के उपाध्यक्ष यशपाल सिंह, कोषाध्यक्ष युवा पर्यावरण चिंतक शुभम कश्यप , सदस्य एनवायरनमेंट एक्टिविस्ट हरवेंद्र पाल , सदस्य राजू सिंह ,प्रियंका, हर्ष पाल, यशोदा, रिंकी, खुर्शीद अली, अफसर अली सहित अन्य स्थानीय निवासी उपस्थित रहे।

समाचार

आज होगी भाकियू की तहसील स्तरीय मासिक बैठक

उत्तम भारत संवाददाता/कांठ। भारतीय किसान यूनियनटिकैत की तहसील स्तरीय मासिक बैठक सोमवार को सहकारी गन्ना विकास समिति कांठ में संपन्न होगी। बैठक में किसान अपनी विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करेंगे। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के तहसील अध्यक्ष चौधरी दर्शन सिंह ने बताया कि 1 नवंबर को होने वाली तहसील स्तरीय मासिक बैठक शनिवार को तहसील दिवस होने के कारण आज सोमवार को सरकारी गन्ना विकास समिति कांठ में आयोजित की जाएगी। बैठक में किसान अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा करेंगे। उन्होंने बताया कि कुछ किसानों का सर्वे में पेड़ी रकवा कम हो गया है जिसे पूरा किया जाए, गन्ना क्रय केंद्र पर 23 कुंतल की पर्ची तोली जाए, जिन किसानों ने अपना गन्ना बीज में दिया है उसकी सप्लाई किसानों को दी जाए, गन्ना इंडेंड क्रय केंद्र की क्षमता अनुसार दिया जाए, तीनों मिलो के क्रय केंद्रों का निरीक्षण समय-समय पर किए जाएं जिससे घटतोली रोकी जा सके आदि बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

अज्ञात शव की पहचान में जुटी पुलिस

उत्तम भारत संवाददाता/कांठ। थाना क्षेत्र में 26 सितंबर को मिले अज्ञात व्यक्ति के शव की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने मृतक के शव की पहचान करने के लिए व्हाट्सएप ग्रुप एवं आसपास के गांव के लोगों से मिलकर मृतक का फोटो दिखाकर पहचान करने का प्रयास किया है। थाना कांठ क्षेत्र के ग्राम हीरापुर बेगमपुर के जंगल में स्थित रामगंगा नदी के पुल के पश्चिम दिशा में नदी में एक अज्ञात अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा मिला था, जिसकी सूचना गांव के चौकीदार विशंभर सिंह ने थाना पुलिस को दी थी। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेशपाल सिंह ने बताया कि मृतक के दाएं हाथ की बाजू पर रुद्राक्ष की माला बंधी हुई है। गले में पीला चिमटा पड़ा हुआ था। पुलिस ने व्हाट्सएप ग्रुप और आसपास के कई गांव में मृतक का फोटो दिखाकर उसकी पहचान करने का प्रयास किया परंतु अभी सफलता नहीं मिल पाई है।

ताइक्वांडो प्रतियोगिता में 11 ने गोल्ड तो 4 ने जीते सिल्वर

उत्तम भारत संवाददाता/कांठ। मुरादाबाद के अमान पब्लिक स्कूल में आयोजित बेस्ट फाईटर ताइक्वांडो चौंपियनशिप में नगर स्थित आकाश कोरियन टायक्वोंडो के 11 खिलाड़ियों ने अपने अपने भर वर्गों में सवर्ण पदक एवं 4 खिलाड़ियों ने रजत पदक प्राप्त कर अपने क्षेत्र एवं एकेडमी का नाम रोशन कर दिया है। मुरादाबाद के अमान पब्लिक स्कूल में आयोजित बेस्ट फाईटर ताइक्वांडो चौंपियनशिप में नगर स्थित आकाश कोरियन ताइक्वांडो के शौर्य विश्नोई, कामाक्षी माहेश्वरी, नव्या प्रताप सिंह, ऐनी चौहान, साकेत मोहन अग्रवाल, मृत्युंजय सिंह, पोरस चौहान, नव्या अहलावत, उन्नति माहेश्वरी, अथर्व विश्नोई एवं राघव मोहन अग्रवाल ने अपने अपने भार वर्गों में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। शौर्य प्रताप, मिस्टी पूनिया, खुशी, प्रणीत ने अपने-अपने भार वर्गों में सिल्वर मेडल प्राप्त किया है। खिलाड़ियों ने मेडल जीतकर कांठ क्षेत्र एवं एकेडमी का नाम रोशन के दिया है। सभी खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विजयी खिलाड़ियों ने एकेडमी के कोच हर्ष शर्मा एवं रितिका शर्मा को जीत का श्रेय दिया है। कोच हर्ष शर्मा ने सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी।

पुलिस ने वाहन चालकों को किया जागरूक

उत्तम भारत संवाददाता/कांठ। यातायात महीना शुरू होते ही पुलिस ने वाहन चालकों की जागरूकता के लिए अभियान शुरू कर दिया। वाहन चालकों को यातायात सम्बन्धी नियमों के प्रति जागरूक किया गया। नवंबर यातायात का महीना कहा जाता है। यातायात का महीना शुरू होते ही पुलिस अधिकारी सक्रिय हो गए हैं। उन्होंने यातायात के महीने में वाहन चालकों को जागरूक करने के लिए थाना प्रभारी को निर्देश जारी किए हैं। रविवार को ऊमरी कलां पुलिस चौकी के प्रभारी उप निरीक्षक प्रमोद कुमार, उप निरीक्षक कार्तिक चौधरी ने ऊमरी चौराहे पर एवं ऊमरी कलां नगर में ऑटो रिक्शा चालक एवं अन्य वाहन चालकों को रोककर उन्हें यातायात के नियमों के बारे में जागरूक किया। चौकी प्रभारी ने कहा कि दो पहिया वाहन के चालक हेलमेट लगाकर चलें एवं अपनी बाइक के कागजात भी पूरे रखें। उन्होंने कहा कि कोहरा बहुत तेजी से आना शुरू हो गया है। ट्रैक्टर ट्रालियों और बड़े वाहनों पर आगे और पीछे रिफ्लेक्टर अवश्य लगे क्योंकि रिफ्लेक्टर लगने से दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। सभी वाहन चालक इस बात का पूरी तरह ध्यान रखें। इसमें किसी तरह की लापरवाही ना हो। उन्होंने यातायात के नियम के बारे में लोगों को विस्तार से समझाया।

गंगा स्नान मेले को लेकर अधिकारियों ने किया मेला स्थल का निरीक्षण

उत्तम भारत संवाददाता/कांठ। कार्तिक पूर्णिमा पर 5 नवंबर को लगने वाले गंगा स्नान के मेले को शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए एसपी देहात ने पुलिस अधिकारियों के साथ दरियापुर के रामगंगा नदी के पास जहां पर मेला लगेगा, उस स्थल का निरीक्षण किया और थाना पुलिस को मेले की व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। कार्तिक पूर्णिमा पर 5 नवंबर को ग्राम दरियापुर में रामगंगा नदी के पास जंगल में मेला लगाया जाता है। प्रत्येक वर्ष लगने वाले इस मेले में हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। इसके अलावा कांठ-करनपुर मार्ग पर स्थित रामगंगा नदी, ग्राम मिश्री बेगमपुर कमलापुरी शिवपुरी के जंगल में नील सरोवर धाम पर देवानंद देव स्वरूप निष्कलंक महाराज 1008 के आश्रम स्थल के आसपास विशाल मेला लगता है। यहां भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु नील सरोवर धाम में स्नान करते हैं। मेला कमेटी ने सभी व्यवस्थाएं लगभग दुरुस्त कर ली हैं, जिसमें 3 नवंबर से अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ होगा और 5 नवंबर को समापन होगा। रविवार को एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी आईपीएस अभिनव द्विवेदी ने थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेशपाल सिंह एवं पुलिस बल को साथ लेकर ग्राम दरियापुर पहुंचकर रामगंगा नदी के पास लगने वाले कार्तिक पूर्णिमा के मेले की व्यवस्थाएं देखी।

पुलिस में एसआई (गोपनीय), एएसआई (लिपिक) और एएएसआई (लेखा) पदों के लिए भर्ती परीक्षा संपन्न

उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद। रविवार को भी 26 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण व पारदर्शी रुप से सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में सम्पन्न हुई। परीक्षा शांतिपूर्वक व सकुशल सम्पंन कराने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे भर्ती परीक्षा के नोडल अधिकारी व पुलिस अधीक्षक यातायातध्लाइन सुभाष चंद गंगवार ने बताया कि आज 2 नवंबर को सुबह 10 से 12.30 बजे तक एसआई (गोपनीय), एएसआई (लिपिक) और एएएसआई (लेखा) पदों के लिए परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई। इसके लिए भी 26 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जहां 9,840 अभ्यर्थी परीक्षार्थी पंजीकृत थे। परीक्षा को निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक केंद्र पर 20 से 22 पुलिसकर्सियों की इयूटी लगाई गई

थी। 1,100 पुलिसकर्मियों परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था संभाली। सभी परीक्षा केंद्रों की निगरानी सीसीटीवी कैमरों से की गई। पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि एसआई (गोपनीय), एएसआई (लिपिक) और एएएसआई (लेखा) पदों के लिए भर्ती परीक्षा के दौरान रविवार को भी सभी सीओ और एसएचओ अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहें और केंद्री की सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखी। बाहर से आने वाले परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड घर हेल्प डेस्क बनाई गई थी। साथ ही, अभ्यर्थियों की सुविधा ई-रिक्शा की व्यवस्था भी की गई थी जिससे परीक्षार्थी समय पर परीक्षा केंद्र तक पहुंचें। एसपी सिटी ने बताया कि परीक्षा नकलविहीन और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराई गई।

विश्व हिंदू महासंघ भारत के तत्वाधान में महायज्ञ व महासम्मेलन का किया गया आयोजन

उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद। रविवार को शहर के सिविल लाइंस क्षेत्र स्थित अम्बेडकर पार्क में विश्व हिंदू महासंघ भारत द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संगठन की ओर से हिन्दू राष्ट्र स्थापना के संकल्प के साथ महायज्ञ एवं महासम्मेलन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संगठन से जुड़े लोगों एवं समर्थकों ने भाग लिया। मंच से वक्ताओं ने सनातन संस्कृति के संरक्षण, राष्ट्र हित में एकजुटता और समाज में धार्मिक जागरूकता बढ़ाने की बात कही। उपस्थित कार्यकताओं ने एक स्वर में हिन्दू राष्ट्र के निर्माण को लेकर अपने विचार व्यक्त किए और भविष्य में भी इसी प्रकार बड़े सम्मेलन आयोजित करने पर जोर दिया।संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि सनातन संस्कृति विश्व

की प्राचीनतम एवं सर्वश्रेष्ठ संस्कृति है और देश में धार्मिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के लिए समाज को संगठित होना आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान हर घर भगवा और हर माथे पर तिलक का संकल्प दोहराया गया। वक्ताओं ने कहा कि आने वाले समय में संगठन और अधिक विस्तृत रूप से देशभर में ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करेगा और सनातन का ध्वज और ऊँचा करने का प्रयास करेगा। इस अवसर पर विश्व हिंदू महासंघ भारत की मंडल अध्यक्ष महाशक्ति रीता पाल, मंडल अध्यक्ष ऋषभ कश्यप, जिला प्रभारी हरिकान्त सिंह, जिलाध्यक्ष मोनू चौहान, मोहित चौहान, किसान मजदूर प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ओ० पी० गोला, राष्ट्रीय अध्यक्ष मातृ शक्ति डॉ. मधु वत्स, प्रदेश महामंत्री तूलिका शर्मा, गीता सिंह (मेरठ महामंत्री) सहित प्रदेश मंत्री प्रीति प्रिया, शिखा चौहान, सोनम झा, परबेन्द्र चौहान, अवनीश चौहान एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जीएसटी मामलों की जांच के लिए एसएसपी ने बनाई एसआईटी

उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद। जिले में बढ़ते जीएसटी चोरी और फर्जी कंपनियों के माध्यम से टैक्स चोरी से जुड़े मामलों की गंभीरता को देखते हुए मुरादाबाद के एसएसपी सतपाल अंतिल ने विशेष जांच टीम (ैप्ज) का गठन किया है। जीएसटी विभाग द्वारा हाल ही में करोड़ों रुपये के फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट मामले का पदार्फाश करने के बाद पुलिस ने इन जटिल मामलों की विवेचना के लिए अनुभवी और प्रशिक्षित पुलिस टीम तैयार की है। एसएसपी सतपाल अंतिल ने बताया कि राज्यकर विभाग द्वारा जीएसटी चोरी से जुड़े मुकदमे लगातार दर्ज कराए जा रहे हैं। इन मामलों में व्यापारिक लेनदेन, फर्जी कंपनियों का पंजीकरण और दस्तावेजी प्रमाणों की जांच जैसी तकनीकी प्रक्रियाएं शामिल होती

हैं, इसलिए विवेचना के लिए विशेष ज्ञान और समझ रखने वाले अधिकारियों की आवश्यकता थी। इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिस विभाग से तीन अधिकारियों को चुना गया है, जिन्हें जीएसटी संबंधी कानूनी प्रावधानों और जांच तकनीक पर संक्षिप्त प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।जिले में हाल ही में जीएसटी चोरी का बड़ा खुलासा हुआ है, जिसमें पुलिस ने अलग-अलग आठ मुकदमे दर्ज किए हैं। जांच में सामने आया कि केवल दो मोबाइल नंबरों का इस्तेमाल करते हुए 122 बोगस कंपनियां रजिस्टर्ड की गईं। इन फर्जी फर्मों के माध्यम से 1811 करोड़ रुपये का कागजी कारोबार दिखाया गया और करीब 341 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी को अंजाम दिया गया। इस घोटाले में शामिल आरोपियों की भूमिका, बैंक ट्रांजैक्शन, इनपुट टैक्स क्रेडिट के दस्तावेज और उनसे जुड़े नेटवर्क की जांच अब एसआईटी करेगी।

सड़क हादसे में किसान की मौत, साथी घायल

उत्तम भारत संवाददाता/मूंढापांडे। रविवार को तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दो किसानों की बाइक में टक्कर मार दी, टक्कर लगने से एक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि साथी गंभीर रूप से घायल हो गया, मूंढापांडे क्षेत्र के नेशनल हाईवे नियामतपुर इकरोटिया टोल प्लाजा के पास मुरादाबाद की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने नाजिम, आमिर की बाइक में पीछे से टक्कर मार दी, टक्कर लगने के बाद नाजिम 32 वर्ष पुत्र नवी हसन नियामतपुर इकरोटिया रोड पर जा गिरा जिसके ऊपर से चालक ट्रक चढ़ाकर निकल गया, नाजिम की कुचलकर मौके पर मौत हो गई, जबकि आमिर गंभीर रूप से

घायल हो गया, सड़क हादसा होने के बाद पास में बैठे ग्रामीण मौके पर पहुंचे नाजिम और आमिर को मूंढापांडे स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां नाजिम को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया, आमिर का मूंढापांडे स्वास्थ्य केंद्र में उपचार चल रहा है, मृतक के बड़े भाई गुल हसन ने थाना मूंढापांडे में ट्रक चालक के खिलाफ तहरीर देते हुए बताया कि नाजिम नर्सरी की खेती किसानी करता,वह नर्सरी से आमिर के साथ लगभग ग्यारह बजे अपने घर आ रहा था, वह टोल प्लाजा के पास पहुंचा ही था कि तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई, नाजिम के परिवार में पत्नी फूल जहां, बच्चे असजद 10 वर्ष, आमिर 8 वर्ष, अरहम 6 वर्ष, आयरा 5 वर्ष हैं, नाजिम नर्सरी की खेती किसानी कर बच्चों का पालन पोषण कर रहा था, सड़क हादसे में मौत हो जाने के बाद सभी का रो रो कर बुरा हाल है, उधर पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर थाने ले गई जबकि ट्रक चालक मौके से फरार हो गया, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मुरादाबाद भेज दिया है।

लकड़ी का पुल नदी में पानी बढ़ने पर तास के पत्तों की तरह बिखरा

उत्तम भारत संवाददाता/मूंढापांडे । बिकनपुर में रामगंगा नदी पुल की भारी बारिश में दोनों एप्रोच कट गई थी,महीनों बाद भी निर्माण न होने पर लोगों ने जान जोखिम में डालकर एक अस्थाई लकड़ी का पुल बनाया था ,यह खतरनाक पुल स्कूली बच्चों, बीमारों और गर्भवती महिलाओं सहित हजारों ग्रामीणों के लिए एकमात्र संपर्क मार्ग बन गया,बिकनपुर नदी का पुल की एप्रोच भारी बारिश की चपेट में आकर कई गावों को हाइवे से जोड़ने वाली रामगंगा नदी के पुल की एप्रोच धराशायी हो गई थी,महीनों बीतने के बाद भी पुल का निर्माण न होने से लोगों ने जुगाड़ का सहारा लेकर लकड़ी का अस्थाई पुल बना लिया है,उसी पुल से

आवागमन शुरू कर दिया,पुल से निकलने के दौरान ग्रामीणों को अनहोनी का डर सता रहा है, जुगाड़ से बना यह पुल बीमार और गर्भवती महिलाओं को अस्पताल पहुंचाने, पैदल और बाइक सवार राहगीरों सहित बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने स्कूल,जाने का एक मात्र वैकल्पिक मार्ग था जो बीती रात को नदी में बड़े पानी की वजह से टूट गया, जिसके बाद नाव को शुरू किया गया जिसमें बैठकर ग्रामीण नदी पार कर रहे हैं, क्षेत्र वासी राजीव कुमार,अवधेश कुमार अवस्थी,रवि कुमार का कहना है कि इन लोगों ने बिना अधिकारियों की परमिशन के ही लकड़ी के पटलों का पुल रामगंगा नदी पर बना दिया जो नदी में पानी बढ़ने से तास के पत्तों की तरह बिखर गया,अगर कोई भी ग्रामीण इसकी चपेट में आ जाता तो वह अपनी जान से हाथ धो बैठता ,इसकी जिम्मेदारी भी लकड़ी के पटलों का पुल का आगमन करने वाले भी नहीं ले रहे हैं बस उन्हें सिर्फ 20 रुपए से मतलब है, शिकायत के बाद हल्का लेखपाल तथा पुलिस मौके पर पहुंची और लकड़ी के पुल को हटाने के लिए कहा है, जिससे किसी भी इंसान के साथ अनहोनी न हो सके।

भाकियू के ब्लॉक अध्यक्ष के निधन पर राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने उनके आवास पर पहुंच कर व्यक्त की संवेदनाएं

उत्तम भारत संवाददाता/छजलैट। भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष के निधन पर उनके आवास पर राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत एवं भाकियू की टीम ने पहुंचकर अपनी शोक संवेदना व्यक्ति कीं। छजलैट रमपुरा ऊर्फ रामनगर पूर्व के पूर्व प्रधान प्रधान देवेंद्र सिंह किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष जिनका कई दिनों से स्वास्थ्य खराब चल रहा था। जिन्होंने किसानों के लिए अपना जीवन संघर्ष करते हुए व्यतीत किया। वह कभी भी न्याय के लिए चाहें किसी भी धर्म और जाति को न्याय दिलाने के लिए सदैव आगे बढ़कर काम करते थे। चाहें किसी धर्म और जाति का मजलूम व्यक्ति हो। संघर्ष में सदैव अपने संगठन के साथ साथ न्याय के लिए अग्रणीय रहते थे। उनकी एक आवाज पर हजारों किसान एकत्रित हो जाते थे। जिनका 25 अक्टूबर को हृदय की गति रूकने से उनका निधन हो गया था। रविवार 2 नवंबर को राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत सिंह रमपुरा ऊर्फ रामनगर किसान

यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र सिंह के आवास पर अपने काफिले के साथ पहुंचे। उनकी दिवंगत आत्मा की शांति प्रदान करने के लिए 2 मिनट का मौन धारण कर उनकी दिवंगत आत्मा के प्रति एवं उनके परिवार को इस असीम पीडा को सहन करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उनके निधन से किसानों में क्षेत्र के हजारों किसानों में शोक की लहर व्याप्त ह। रिक्त पड़े ब्लॉक अध्यक्ष के पद को मनोनीत करने के लिए उन्होंने क्षेत्र के कर्मठ जुझारू किसान उनके सुपुत्र चौधरी अंगद सिंह के के नाम का सुझाव दिया जिस पर सभी ने हर्ष ध्वनि से स्वागत किया। शोक व्यक्त करने वालों में मास्टर धर्मपाल सिंहबिश्नोई, देवेंद्र सिंह बिश्नोई, ओंकार सिंह बिश्नोई, श्री ओम बिश्नोई, वरिष्ठ नेता रामकलां गुर्जर, राजवीर सिंह बिश्नोई, दर्शन सिंह बिश्नोई, वरिष्ठ नेता हरदीप सिंह बिश्नोई एवं डॉक्टर नौ सिंह , अरविंद जॉनी, सियाराम बिश्नोई, जितेंद्र बिश्नोई उर्फ जीतू बिश्नोई, राजेंद्र सिंह बिश्नोई, हाजी इमरान, हजारों की संख्या में किसान मौजूद रहे। मोबाइल पर भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष घनेन्द शर्मा ने भी गहरा दुख व्यक्त किया है।

बसपा मण्डल कार्यालय पर मंडल स्तरीय बैठक का आयोजन

उत्तम भारत संवाददाता/पाकबड़ा। रविवार को बसपा मण्डल कार्यालय पाकबड़ा में एक दिवसीय मंडल स्तरीय मीटिंग का आयोजन किया गया इस मीटिंग के मुख्य अतिथि बाबू मुनकाद अली राष्ट्रीय महासचिव बसपाधपूर्व सांसद राज्यसभा ध्पूर्व प्रदेश अध्यक्ष/प्रभारी पश्चिम उत्तर प्रदेश रहे! बाबू मुनकाद अली ने बताया की बहुजन समाज पार्टी के मुखिया बहन कुमारी मायावती के दिशा-निदेर्शानुसार प्रत्येक पदाधिकारी को प्रत्येक बूथ पर जाना होगा! जब बसपा कार्यकर्ता हर बूथ जाएगा तभी बूथ मजबूत होगा बाबू मुनकाद अली ने बताया की बहुजन समाज पार्टी की सरकार 2027 में बनेगी ओर सभी कार्यकताओं को पूरी ताकत के साथ बूथ मजबूत करने के लिए जुट हो जाना चाहिए! सभी बसपा कार्यकताओं को पूरी ईमानदारी के साथ कार्य करना है और आज बहुजन समाज पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर बहुजन समाज पार्टी के मंडल कार्यालय पाकबड़ा मुरादाबाद में सैकड़ो कार्यकताओं ने बहुजन समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण की इस अवसर पर गिरीश चन्द्र जाटव पूर्व सांसद नगीना प्रभारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश जाफर मलिक मुख्य सेक्टर प्रभारी मुरादाबाद मंडल ध्उत्तराखंड डॉ.रणविजय सिंह एडवोकेट मुख्य सेक्टर प्रभारी मुरादाबाद मंडल सतपाल पीपला मुख्य सेक्टर प्रभारी मुरादाबाद मंडल अरुण कुमार उर्फ रिंटू मुख्य सेक्टर प्रभारी मुरादाबाद मंडल वेद प्रकाश सिंह, जिला प्रभारी शिव शंकर सागर एडवोकेट जिला महासचिव राधेश्याम पाल विधानसभा प्रभारी मुकेश कुमार, बंटी भारती, भूप सिंह गौतम,उमेश कुमार, राकेश सागर,रन सिंह भारती, मनवीर सिंह, चरन सिंह, इरशाद सैफी एडवोकेट, संजय सिंह, एहसान उल हक कुरैशी- आदि लोग मौजूद रहे मीटिंग का संचालन करतार सिंह जिला सचिव एवं अध्यक्षता -निर्मल सिंह सागर एडवोकेट जिला अध्यक्ष बहुजन समाज पार्टी मुरादाबाद ने किया।

P-12:28 paga09_jhn.qxd 11/2/2025 5:29 PM Page 1

संक्षिप्त समाचार

रियो डी जनेरियो में संगठित अपराध पर पुलिस कार्रवाई में 64 लोगों की मौत

रियो डी जनेरियो, एजेंसी। रियो डी जनेरियो में संगठित अपराध के खिलाफ एक बड़े पुलिस ऑपरेशन में 64 लोग मारे गए। इनमें चार पुलिस अधिकारी भी शामिल हैं। यह कार्रवाई सीओपी30 जलवायु शिखर सम्मेलन से संबंधित प्रमुख आयोजनों से कुछ दिन पहले हुई है। गवर्नर क्लाउडियो कास्त्रो ने इसे नारकोटिररिज्म का मुकाबला बताया। एलेमाओ और पेन्हा की घनी आबादी वाली बस्तियों में 2,500 सुरक्षाकर्मियों ने मिलकर कार्रवाई की। अब तक 81 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और 42 राइफलें जब्त की गई हैं। अधिकारियों ने कहा कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि अभियान अभी जारी है। राज्य सरकार ने यह भी खुलासा किया कि गैंग के सदस्यों ने पुलिस पर ड्रोन से हमला किया, जिसमें विस्फोटक भी थे। रियो अगले सप्ताह सी40 शिखर सम्मेलन और प्रिंस विलियम का अर्थशॉट पुरस्कार कार्यक्रम आयोजित करेगा।

अमेरिका ने नाइजीरियाई नोबेल विजेता का वीजा किया रद्द

वाशिंगटन, एजेंसी। नाइजीरिया के नोबेल पुरस्कार विजेता लेखक वोल सोयिंका ने दावा किया है कि अमेरिका ने उनका नॉन-इमिग्रेंट वीजा रद्द कर दिया है, जो उन्हें पिछले वर्ष जारी किया गया था। 91 वर्षीय लेखक ने कहा कि उन्हें अमेरिकी यात्रा करनी हो तो अब दोबारा आवेदन करना होगा। सोयिंका ने मंगलवार को पत्रकारों को अमेरिकी वाणिज्य दूतावास (लागोस) की ओर से भेजा गया एक पत्र दिखाया, जिसमें उनसे पासपोर्ट जमा कर वीजा को उपस्थित होकर रद्द करवाने को कहा गया है। यह पत्र 23 अक्तूबर को जारी किया गया था। लेखक ने कहा, अब मेरे पास कोई वीजा नहीं है। जाहिर तौर पर मुझे अमेरिका में प्रवेश से रोक दिया गया है। अगर कोई मुझसे मिलना चाहता है, तो जानता है कि मुझे कहां खोजना है। अमेरिकी दूतावास ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है। गौरतलब है कि सोयिंका ने 2016 में डोनाल्ड ट्रंप के पहली बार राष्ट्रपति चुने जाने के विरोध में अपना अमेरिकी ग्रीन कार्ड फाड़कर फेंक दिया था और अमेरिकी स्थायी निवास का त्याग कर दिया था। 1986 में साहित्य के लिए नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने वाले सोयिंका 1990 के दशक के मध्य से अमेरिका की प्रतिष्ठित आईवी लीग विश्वविद्यालयों में अध्यापन कर रहे हैं।

ट्रंप के दक्षिण कोरिया दौरे से पहले उत्तर कोरिया ने दागे क्रूज मिसाइल

प्योंगयांग , एजेंसी। उत्तर कोरिया ने बुधवार को दावा किया कि उसने अपने पश्चिमी समुद्री क्षेत्र में समुद्र से सतह पर मार करने वाली क्रूज मिसाइलों का सफल परीक्षण किया है। यह कदम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दक्षिण कोरिया दौरे से ठीक पहले उठाया गया है। उत्तर कोरिया की सरकारी समाचार एजेंसी केसीएनए ने बताया कि मंगलवार को हुआ यह परीक्षण सफल रहा और इससे देश की परमाणु हथियारों से लैस सेना की क्षमता और संचालन क्षेत्र और मजबूत होगा। दक्षिण कोरिया की सेना ने अभी यह पुष्टि नहीं की है कि उसने इन मिसाइल परीक्षणों को दर्ज किया या नहीं। यह रिपोर्ट ऐसे समय आई है जब ट्रंप और दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति ली जे म्युंग के बीच शहर ग्योंगजू में बैठक होने वाली है। इसी शहर में इस साल एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग की बैठक भी आयोजित की जा रही है।

नेपाल के एवरेस्ट क्षेत्र में भारी हिमपात, पर्यटक होटलों में फंसे

सोलुखुम्बु, एजेंसी। नेपाल के सोलुखुम्बु जिले के एवरेस्ट (सगरमाथा) क्षेत्र में मंगलवार सुबह से लगातार भारी हिमपात हो रहा है। खुम्बु पासाडल्हामु ग्रामीण नगरपालिका के दिडबोचे से ऊपर के इलाकों में घना हिमपात हुआ है, जबकि नाम्चे बाजार और आसपास के निचले क्षेत्रों में बारिश जारी है। सगरमाथा प्रदूषण नियंत्रण समिति के अध्यक्ष लामाकाजी शेर्पा ने बताया, दिडबोचे से ऊपर घना हिमपात हो रहा है, नीचे बारिश पड़ रही है। सभी पर्यटक होटल के अंदर हैं, बाहर निकलना मुश्किल है। वर्तमान में इस क्षेत्र में करीब तीन हजार से अधिक विदेशी पर्यटकों की उपस्थिति है। सोमवार को ही लगभग 800 विदेशी पर्यटक काठमांडू से लुक्ला पहुँचे थे। हिमपात के कारण रास्ते ढक गए हैं और दृश्यता (भिजिबिलिटी) बेहद कम है, जिससे पर्यटकों के रास्ता भटकने का खतरा बढ़ गया है। इसी कारण सोलुखुम्बु जिला प्रशासन कार्यालय ने पर्यटकों से यात्रा स्थगित कर सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है। प्रमुख जिला अधिकारी लिलाकुमारी केसी पांडे के अनुसार फिलहाल मौसम अनुकूल नहीं है, इसलिए सभी पर्यटकों से अनुरोध किया गया है कि वे होटल या स्थानीय बस्तियों में ही रहें और सुरक्षित रहें। जिला प्रशासन कार्यालय ने बचाव दल को तैयार रखा है। जिला पुलिस कार्यालय के अनुसार, दिडबोचे में अस्थायी पुलिस पोस्ट है और वहाँ के पुलिसकर्मियों के साथ लगातार संपर्क में रहकर पर्यटकों की स्थिति पर निगरानी रखी जा रही है। अनुमान है कि दिडबोचे से ऊपर के क्षेत्रों में करीब दो हजार विदेशी पर्यटक मौजूद हैं। लगातार हिमपात और बारिश के कारण ठंड बढ़ गई है। खुम्जुङ की स्थानीय निवासी पेम्बा शेर्पा ने बताया कि मङ्गलबार सुबह से हि बहुत ठंड है, बर्फ ने पूरा गाँव ढक लिया है और सब लोग घर के अंदर हैं। लगातार बर्फबारी से खुम्बु क्षेत्र का जनजीवन प्रभावित हुआ है। आमतौर पर पर्यटकों की भीड़ से गूंजने वाला नाम्चे बाजार फिलहाल सुनसान दिखाई पड़ा है।

ट्रंप ने किया समझौता, अमेरिका को दुर्लभ खनिज देगा जापान

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने जापान के साथ दुर्लभ खनिजों (रेयर अर्थ मिनरल्स) को लेकर बड़ा समझौता किया है। दरअसल, चीन ने दुर्लभ खनिजों के निर्यात पर कड़े प्रतिबंध लगा रखे हैं। ऐसे में अमेरिका को दिक्कतों का सामना करना पड़ा रहा है। यही वजह है कि अमेरिका अब चीन को घेरने के जापान का सहारा ले रहा है। ट्रंप ने मंगलवार को जापान की प्रथम महिला पीएम के रूप में ताकाइची की भूमिका को बड़ी बात बताते हुए जापान के प्रति अमेरिकी प्रतिबद्धता पर जोर दिया। वह बोले, हम जापान की मदद के लिए हमेशा तैयार रहेंगे। दोनों नेताओं ने कई समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसमें महत्वपूर्ण खनिजों और दुर्लभ मृदाओं की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए रूपरेखा तैयार की गई।

इजराइल ने गाजा पर फिर हमला किया: 30 की मौत

हमास पर सीजफायर के उल्लंघन का आरोप, 20 दिन पहले समझौता हुआ था

तेल अवीव, एजेंसी। गाजा में सीजफायर लागू होने के बीच इजराइल ने एक बार फिर हवाई हमले किए। इनमें 30 से अधिक फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। इजराइल ने दावा किया कि हमास ने पहले सीजफायर का उल्लंघन कर गाजा में तैनात उसके सैनिकों पर हमला किया। इसके जवाब में यह कार्रवाई की गई। हालांकि हमास ने आरोपों से इनकार किया है और कहा है कि वह सीजफायर का पालन कर रहा है। मंगलवार को इजराइल की ओर से किए गए हवाई हमलों ने गाजा सिटी, खान यूनिस, बेत लहिया और अल-बुरैज जैसे घनी आबादी वाले इलाकों को निशाना बनाया। गाजा के अस्पतालों के मुताबिक,मृतकों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। गाजा सिटी के साबरा इलाके में एक मकान पर बमबारी में तीन महिलाओं सहित चार लोगों की मौत हुई। इजराइल और हमास के बीच 20 दिन पहले सीजफायर समझौता हुआ था। दरअसल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने नेतन्याहू की मौजूदगी में 29 सितंबर को 20 सूत्री शांति योजना पेश की थी, जिस पर हमास ने 9 अक्टूबर को हामी भरी थी।

इजराइली रक्षामंत्री बोले- हमास ने 'रेड लाइन' क्रॉस की : इजराइल और हमास के बीच तनाव एक बार फिर तेज हो गया है। इजराइली रक्षा मंत्री इस्राइल कैट्ज़ ने आरोप लगाया कि हमास ने गाजा में मौजूद इजराइली सैनिकों पर हमला किया और मृत बंधकों के शव लौटाने के समझौते का उल्लंघन किया।

हमास पर गलत शव लौटाने का भी आरोप

नेतन्याहू ने हमास पर यह भी आरोप लगाया है कि युद्धविराम समझौते के तहत हमास ने जो शव लौटाया वह गलत है। नेतन्याहू ने इसे समझौते का साफ उल्लंघन बताया। समझौते में हमास को सभी इजराइली बंधकों के शव जल्द से जल्द लौटाने थे। वहीं, हमास ने इजराइली हमले की वजह से बंदियों के शव लौटाने का प्रोग्राम रोक दिया है। इससे पहले हमास ने मंगलवार को कहा कि वह एक और शव लौटाएगा। खान यूनिस में एक गड्ढे से सफेद बैग में कुछ निकाला गया और एम्बुलेंस में डाला गया, लेकिन अभी यह साफ नहीं है कि उसमें क्या था। अभी गाजा में 13 बंधकों के शव बाकी हैं। हमास का कहना है कि तबाही इतनी ज्यादा है कि शव ढूंढना मुश्किल हो रहा है। इजराइल का आरोप है कि हमास जानबूझकर देरी कर रहा है। मिस्र ने खोज में मदद के लिए एक्सपर्ट्स और भारी मशीनें भेजी हैं।

इजराइल गाजा की मानवीय मदद रोक सकते हैं

इजराइली मीडिया के मुताबिक, नेतन्याहू अन्य विकल्पों जैसे गाजा में मानवीय मदद रोकना, कब्जा बढ़ाना या हमास नेताओं पर हवाई हमले पर भी विचार कर रहे हैं। दूसरी तरफ, इजराइली सेना ने मंगलवार सुबह वेस्ट बैंक के जेनिन इलाके में छापा मारा। यहां तीन फिलिस्तीनी लड़ाकों को मार गिराया। इजराइल का कहना है कि वे आतंकी गतिविधियों में शामिल थे। वहीं, हमास ने दो को अपनी कासिम ब्रिगेड का सदस्य बताया। तीसरे को साथी कहा, लेकिन ज्यादा जानकारी नहीं दी।

अफगानिस्तान-पाकिस्तान शांति वार्ता रही बेनतीजा, दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लगाए आरोप

इस्लामाबाद, एजेंसी। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से जारी तनाव को खत्म करने के लिए इस्तांबुल में हुई शांति वार्ता बिना किसी ठोस समाधान के समाप्त हो गई है। पाकिस्तान के सूचना मंत्री अत्ताउल्लाह तारड़ ने बुधवार को बताया कि दोनों देशों के बीच हुई यह बातचीत किसी व्यवहारिक समझौते तक नहीं पहुंच सकी। यह वार्ता 25 अक्तूबर से तुर्किये और कतर की मध्यस्थता में चल रही थी। दोनों पड़ोसी देशों के बीच यह बैठक 19 अक्तूबर को दोहा में हुई युद्धविराम सहमति के बाद आयोजित की गई थी। लेकिन लगातार मतभेदों और आरोप-प्रत्यारोप के चलते वार्ता बेनतीजा रही।

शांति वार्ता बेनतीजा : तारड़ ने अपने बयान में कहा अफगान प्रतिनिधिमंडल मुख्य मुद्दे से भटक गया और बातचीत के मूल उद्देश्य से किनारा कर लिया। जिम्मेदारी स्वीकार करने के बजाय अफगान तालिबान ने सिर्फ आरोप-प्रत्यारोप और बहानेबाजी की। रिपोर्टों के अनुसार, पाकिस्तान चाहता था कि तालिबान, तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान पर लगाम लगाए, जिसे इस्लामाबाद ने हाल के हमलों के लिए जिम्मेदार ठहराया है। लेकिन तालिबान ने TTP पर नियंत्रण से इनकार करते हुए कहा कि वह समूह उनके नियंत्रण में नहीं है। सूत्रों के मुताबिक, वार्ता के दौरान दोनों पक्षों के बीच काफी तनावपूर्ण माहौल रहा। अफगान पक्ष का कहना था कि वह टीटीपी की गतिविधियों को पूरी तरह नियंत्रित नहीं कर सकता, जबकि पाकिस्तान ने हालिया हमलों के लिए अफगान तालिबान को जिम्मेदार बताया। इस महीने की शुरुआत में पाकिस्तानी वायुसेना ने काबुल समेत कई इलाकों में टीटीपी ठिकानों पर हवाई हमले किए थे, जिसके जवाब में तालिबान ने पाकिस्तानी सेना की चौकियों पर हमला किया।

अगर कोई समझौता नहीं हुआ तो खुला युद्ध शुरू हो सकता है : पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने शनिवार को कहा था कि अगर इस्तांबुल वार्ता में कोई समझौता नहीं हुआ तो खुला युद्ध शुरू हो सकता है। हालांकि, युद्धविराम की घोषणा के बावजूद, सीमा क्षेत्र में झड़पें जारी हैं, जिसमें हाल ही में पांच पाकिस्तानी सैनिक और 25 तालिबान लड़ाके मारे गए। विशेषज्ञों का मानना है कि यह असफल वार्ता दक्षिण एशिया में स्थायी शांति की उम्मीदों को कमजोर कर सकती है और दोनों देशों के बीच तनाव और बढ़ सकता है।

ब्राजील में ड्रग माफिया पर हेलिकॉप्टर से रेड:जवाब में ड्रोन से बमबारी

रियो डी जेनिरो, एजेंसी। ब्राजील के रियो डि जेनेरियो में पुलिस ने ड्रग संगठन 'रेड कमांड' के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा ऑपरेशन चलाया है। राजधानी रियो डि जनेरियो में मंगलवार सुबह 2500 पुलिसकर्मियों ने हेलिकॉप्टर से अपराधियों के इलाकों पर छापा मारा। जैसे ही पुलिस की टीमें आगे बढ़ीं, रेड कमांड गैंग के सदस्यों ने फायरिंग शुरू कर दी। अधिकारियों के मुताबिक, गैंग ने सड़कों पर जलते हुए बैरिकेड्स लगाए और ड्रोन से बम गिराए, ताकि पुलिस को रोका जा सके।

जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भारी हथियारों का इस्तेमाल किया। इस भिड़ंत में कम से कम 64 लोग मारे गए, जिनमें 4 पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक पुलिस इस हमले के लिए 1 साल से प्लानिंग कर रही थी।

पुलिस ने 80 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया : पुलिस ने दिनभर चली मुठभेड़ में 80 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया। कार्रवाई से आसपास रहने वाले करीब तीन लाख लोगों में दहशत फैल गई।

लोग इसे 'वॉर जोन' जैसा माहौल बता रहे हैं। कई आम नागरिक भी गोलीबारी में घायल हुए, जबकि कई सड़कें अभी भी बंद हैं। इलाके में रहने वालों ने बताया कि गोलियों और धमाकों की आवाजें पूरे दिन गूंजती रहीं और लोग घरों से बाहर नहीं निकल पाए। ब्राजील सरकार के मुताबिक, इस इलाके को रेड कमांड का मुख्य ठिकाना माना जाता है। यह गिरोह लंबे समय से ड्रग तस्करी, हथियारों की सप्लाई और तटीय रूट्स पर कब्जे के लिए जाना जाता है। पुलिस ने बताया कि इस ऑपरेशन में 200 किलो से ज्यादा ड्रग्स, कई राइफलें और दूसरे हथियार बरामद किए गए हैं।

बांग्लादेश में जहर उगल रहा है हाफिज सईद का करीबी ढाका में पाकिस्तानी कट्टरपंथियों का नया बेस बना

ढाका, एजेंसी। मुंबई हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद के करीबी सहयोगी और पाकिस्तान के इस्लामी संगठन मरकजी जमीयत अहले हदीस के महासचिव इब्तिसाम इलाही जहीर ने 25 अक्टूबर 2025 को बांग्लादेश के राजशाही स्थित शाह मकदूम एयरपोर्ट पर लैंड किया। सुरक्षा एजेंसियां उनके अचानक दौरे से चौंक गईं। उनके स्वागत के लिए स्थानीय इस्लामी संगठन अल जामिया अस सलीफा के पदाधिकारी मौजूद थे, जिन्होंने उन्हें नऊदापाड़ा स्थित अपने कैंपस में ठहराया। जहीर इसके बाद चपैनवाबगंज जिले के नचोले, रंगपुर, लालमुनिरहाट और निलफामारी जैसे भारत सीमा से सटे जिलों में गए, जहां जहीर ने स्थानीय मस्जिदों में कई धार्मिक सभाएं कीं। यह इलाके भारतीय सीमा के करीब 20-25 किमी की दूरी पर है। इन सभाओं में जहीर ने यह कहते हुए विवाद खड़ा किया- 'यहूदी और ईसाई मुसलमानों के दोस्त नहीं हो सकते।' रिपोर्ट्स के अनुसार, उसने इस्लाम छोड़ने वालों को मारने की बात दोहराई। यह बयान 2012 में दिए उसके पुराने विवादित भाषण की तर्ज पर था। यूनुस सरकार ने खुली छूट दी, 2025 में ही दूसरा दौरा पाकिस्तानी कट्टरपंथियों के लिए बांग्लादेश अब 'कार्रवाई का नया अड्डा' बनता दिख रहा है। अगस्त 2024 में मुहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार के आने के बाद यह हाफिज सईद के सहयोगी इब्तिसाम इलाही जहीर की दूसरी यात्रा है; पहली फरवरी 2025 में हुई थी। इस बार दौरा पाकिस्तान के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी के अध्यक्ष जनरल साहिर शमशाद मिर्ज़ा के साथ मेल खाता है, जो छह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ ढाका पहुंचे। दोनों यात्राओं का ध्यान भारत-बांग्लादेश सीमा, खासकर सिलीगुड़ी कॉरिडोर पर केंद्रित है। यूनुस सरकार पर पाक समर्थक नीति और विदेशी कट्टरपंथियों को छूट देने के आरोप लग रहे हैं, जिससे अल्पसंख्यक समुदाय असुरक्षित है।

भारतीय मूल के बड़े उद्योगपति दर्शन सिंह की कनाडा में हत्या, लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली जिम्मेदारी

ओटावा, एजेंसी। कनाडा में भारतीय मूल के एक बड़े उद्योगपति की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने इस हत्या की जिम्मेदारी ली है। कनाडा के मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, भारतीय मूल के उद्योगपति दर्शन सिंह साहसी की कनाडा के एबट्सफोर्ड इलाके में उस वक्त हत्या कर दी गई, जब वे कार में सवार होकर कहीं जा रहे थे।

हत्याकांड का सीसीटीवी फुटेज आया सामने : दर्शन सिंह साहसी की हत्या का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें दर्शन सिंह अपनी कार में सवार होते दिख रहे हैं, तभी एक हमलावर उनके पास आता है और दर्शन

सिंह पर गोलियां चला देता है। हमलावर अकेला था और मौके से एक टोयोटा कोरोला कार में सवार होकर फरार हो गया। गोलीबारी की सूचना के बाद जब पुलिस मौके पर पहुंची तो दर्शन सिंह गंभीर हालत में घायल थे। इसके बाद पुलिस ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, लेकिन इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। कनाडा पुलिस ने बताया कि अभी जांच शुरुआती चरण में है और जल्द ही इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली जिम्मेदारी : वहीं कनाडा स्थित गैंगस्टर गोल्डी ढिल्लन ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर दर्शन सिंह साहसी की हत्या की जिम्मेदारी ली है। गोल्डी ढिल्लन, लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ा हुआ है। गोल्डी ढिल्लन ने पोस्ट में दावा किया कि पीड़ित ड्रग तस्करी में शामिल थे और गैंग द्वारा पैसे की डिमांड को नजरअंदाज किया जा रहा था। हालांकि पुलिस ने अभी इसकी पुष्टि नहीं की है और दर्शन सिंह की हत्या में लॉरेंस बिश्नोई गैंग की कथित संलिप्तता की जांच करने की बात कही है।

जमैका से टकराया सदी का सबसे खतरनाक तूफान, ला सकता है भारी तबाही



300 किमी/घंटे की गति से हवाएं चल रहीं

किंगस्टन, एजेंसी। कैरेबियाई देश जमैका से कैटेगरी-5 का तूफान मेलिसा टकराया है। मेलिसा को इस सदी का सबसे खतरनाक तूफान बताया जा रहा है। तूफान के चलते जमैका में 300 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं। सरकार ने छह लाख लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया है। तूफान के असर से जमैका में तीन, पड़ोसी देश हैती में तीन और डोमिनिकन रिपब्लिक में एक व्यक्ति की मौत हुई है। यह तूफान इतना ताकतवर है कि पूरे देश को तबाह कर सकता है।

कैटेगरी-5 के तूफान सबसे खतरनाक होते हैं

कैटेगरी-5 का तूफान सबसे खतरनाक श्रेणी का माना जाता है। संयुक्त राष्ट्र ने मेलिसा तूफान को सदी का सबसे ताकतवर तूफान बताया है। पहले ये तूफान हैती और डोमिनिकन रिपब्लिकन से टकराया और अब जमैका तक पहुंचने में ये और खतरनाक हो गया है। जिस वक्त तूफान जमैका से टकराया, उस वक्त 300 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवाएं चल रहीं हैं और भारी बारिश हो रही है। हवा की ये गति इतनी तेज है कि यह बड़ी-बड़ी इमारतों को ध्वस्त कर सकता है। इससे बिजली और कम्युनिकेशन सिस्टम भी तबाह हो सकता है।

तूफान से भारी बारिश और भूस्खलन का खतरा

मेलिसा तूफान के चलते जमैका में बाढ़ और भूस्खलन का खतरा है। जमैका सरकार ने प्रभावित इलाकों से लाखों लोगों को सुरक्षित जगहों पर स्थानांतरित कर दिया है। जमैका में बीते कई दिनों से बारिश का दौर जारी है। ऐसे में जमीन में नमी होने के चलते भूस्खलन का खतरा लोगों को डरा रहा है। संयुक्त राष्ट्र की एजेंसियों ने भी राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिए हैं।

वर्ल्ड फूड प्रोग्राम द्वारा लोगों को खाने के पैकेट दिए जा रहे हैं। यूएन का कहना है कि कैरेबियाई देशों में बीते साल जुलाई में शक्तिशाली बेरिल तूफान आया था, उसके बाद अब यह मेलिसा तूफान सबसे शक्तिशाली है। साथ ही यह अटलांटिक सागर में आया अब तक का सबसे शक्तिशाली तूफान बताया जा रहा है।

अमेरिकी संविधान में नहीं है कोई राह, ट्रंप के तीसरे कार्यकाल पर हाउस स्पीकर जॉनसन की टिप्पणी

वॉशिंगटन, एजेंसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिर संकेत दिए हैं कि वह व्हाइट हाउस में तीसरे कार्यकाल के लिए लौटना चाहते हैं। हालांकि, हाउस स्पीकर माइक जॉनसन ने साफ कहा कि अमेरिकी संविधान इसकी अनुमति नहीं देता। रिपब्लिकन पार्टी के वरिष्ठ नेता और ट्रंप के करीबी माने जाने वाले जॉनसन ने बताया कि उन्होंने इस मुद्दे पर ट्रंप से बात की है और ट्रंप संविधान की सीमाओं को समझते हैं। उन्होंने बताया कि अमेरिकी संविधान के 22वें संशोधन के तहत कोई भी व्यक्ति दो बार से अधिक राष्ट्रपति नहीं बन सकता। जॉनसन ने कहा कि संविधान में बदलाव एक लंबी और जटिल प्रक्रिया है, जिसमें राज्यों और कांग्रेस दोनों की मंजूरी जरूरी होती है।

ट्रंप बोले- 'मैं जरूर करना चाहूंगा' : एयरफोर्स वन में जापान की यात्रा के दौरान ट्रंप ने पत्रकारों से कहा मैं तीसरे कार्यकाल के लिए जरूर चुनाव लड़ना चाहूंगा। लेकिन हमारे पास आने वाले चुनावों के लिए

बेहतरीन नेता हैं जैसे मार्को रुबियो और उपराष्ट्रपति जे.डी वेंस। उन्होंने यह भी कहा कि ट्रंप 2028 लिखी टोपी व्हाइट हाउस आने वाले मेहमानों को बतौर स्मृति दी जा रही हैं, जिससे राजनीतिक अटकलें और तेज हो गई हैं। हालांकि जब उनसे पूछा गया कि क्या वह उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़कर फिर राष्ट्रपति बनने की रणनीति पर विचार कर रहे हैं, तो उन्होंने कहा कानून इसकी अनुमति देता है, लेकिन मैं ऐसा नहीं करूंगा। यह लोगों को पसंद नहीं आएगा और सही भी नहीं होगा। हाउस स्पीकर माइक जॉनसन ने कहा कि ट्रंप का तीसरे कार्यकाल का जिक्र राजनीतिक मजाक के तौर पर किया गया है। जॉनसन ने कहा वह डेमोक्रेट्स को ट्रोल करने में मजा लेते हैं। यह गंभीर प्रस्ताव नहीं है।

संविधान की सीमाएं और राजनीतिक संकेत : राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक, ट्रंप द्वारा बार-बार तीसरे कार्यकाल का जिक्र करना अमेरिकी राजनीति की परंपराओं को चुनौती देने जैसा है। हालांकि, मौजूदा स्थिति में यह संवैधानिक रूप से असंभव है कि कोई राष्ट्रपति दो से अधिक बार पद संभाले।

एशिया दौरे के दूसरे चरण में जापान पहुंचे ट्रंप: इस बीच, ट्रंप अपने एशिया दौरे के दूसरे चरण में जापान पहुंच गए हैं। इससे पहले उन्होंने मलयेशिया की यात्रा पूरी की, जहां उन्होंने आसियान शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया। कुआलालंपुर से रवाना होने से पहले उन्होंने मलयेशियाई अधिकारियों और नागरिकों को विदा कहा, जिससे उनका 24 घंटे का दौरा समाप्त हुआ।